जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Silk Road Carved Out By Nomads!** The Silk Road has intrigued modern historians & archaeologists as the most complex ancient overland trade system.

**Belgium's Golden Generation...**

**From the Agony of Doha to Ecstasy in Qatar** Usher in a new era for Asian football



*2-आज के जाएंट पांडा के करीबी रिश्तेदार किसी समय बुल्गैरिया में विचरण करते थे। सत्तर के दशक में नॉर्थ वैस्टर्न बुल्गैरिया की कोयला खदानों में दो दांतों के जीवाश्म मिले थे। इन जीवाश्मों को बुल्गैरियन नैशनल म्यूज़ियम ऑफ नैचुरल हिस्ट्री में लाया गया। म्यूज़ियम के तत्कालीन पेलिऑन्टॉलजिस्ट ईवान निकोलोव ने दांतों को कैटलॉग में दर्ज किया और एक हस्तलिखित लेबल पर ''गुरेजिआ'' लिखकर जीवाश्मों को संग्रह में रख दिया। अब कई दशकों बाद वैज्ञानिकों ने इन भूले बिसरे दांतों का रहस्य सुलझा लिया है। ये दांत हाल ही में खोजी गई पांडा की एक नई प्रजाति के हैं, जो 60 लाख साल पहले मायोसीन एपक (मध्यनूतन युग) के दौरान बुल्गैरिया के जंगलों में विचरण करती थी। शोधकर्ताओं ने इस अंतिम ज्ञात यूरोपियन जाएंट पांडा का नाम दांतों के जीवाश्म को कैटलॉग में दर्ज करने वाले विशेषज्ञ के नाम पर ''एग्रीआर्कटोस निकोलोवी'' रखा है। यह जानकारी वर्टिब्रेट पेलिऑन्टॉलजी जर्नल में छपे शोध में दी गई है। म्यूज़ियम के मौजूदा पेलिऑन्टॉलजिस्ट, निकोलाई स्पासोव को म्यूज़ियम के आर्काइव में दांतों के जीवाश्म मिले, लेकिन पुराने हस्तलिखित लेबल से उन्हें कुछ समझ नहीं आया। लेबल पर लिखे गुरेजिया शब्द की असलियत जानने में ही उन्हें कई साल लग गए। उन्होंने कहा कि, गुरेजिया शब्द नॉर्थ वैस्टर्न बुल्गैरिया की पहाड़ियों में बसे एक गांव का पुराना नाम है। निकोलाई के अनुसार, यह जानने में भी कई साल लग गए कि, यह दांत जाएंट पांडा का जीवाश्म है। दांत का बारीकी से अध्ययन करने और उसकी तुलना दूसरे भालुओं के दांतों से करने पर पता लगा कि, उन्हें एक नई प्रजाति मिल गई है। स्पासोव के अनुसार, एग्रीआर्कटोस निकोलोवी मौजूदा जाएंट पांडा का निकट संबंधी हो सकता है पर उनका पूर्वज नहीं है और आकार में यह लगभग आज के जाएंट पांडा जैसा या कुछ छोटा हो सकता है। उस काल की कलाकृतियों से संकेत मिलता है कि, यह शाकाहारी था पर बांस नहीं खाता था क्योंकि इसके दांत इतने मजबूत नहीं थे कि बांस को चबा सके। इस आधार पर निष्कर्ष निकाला गया कि, यह नर्म वनस्पतियां खाता था। ए. निकोलोवी संभवतया ''मैसीनियन सलिनेटी क्राइसिस'' की वजह से लुप्त हो गया था। साठ लाख साल पहले यह रहस्यमय घटना घटी थी, जिसमें भूमध्यसागर सूखना शुरु हो गया था। जिसकी वजह से इन विशिष्ट पाण्डा ने अपने नमी वाले जंगल खो दिए, जो उनके भोजन का मुख्य स्रोत थे।*

# राजस्थान के प्रभारी माकन, भारत जोड़ो यात्रा की अगवानी करने झालावाड़ नहीं पहुंचेंगे

## वे इस बात पर अडिग लगते हैं कि, राजस्थान में पैर नहीं रखेंगे, जब तक कि, उन्होंने जो मुद्दे अपनी रिपोर्ट में उठाये हैं, उनको हाई कमान संबोधित नहीं करता

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 दिसंबर। अशोक गहलोत व सचिन पायलट के बीच कथित सद्भावना के प्रदर्शन के रूप में दोनों का एक साथ हाथ उठाना निश्चित रूप से समस्याओं का अंत नहीं है, खासकर राजस्थान में बिल्कुल नहीं।

कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि ए.आई.सी.सी. महासचिव और राजस्थान के प्रभारी भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान में प्रवेश के समय झालावाड़ में राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए मौजूद नहीं होंगे।

यह एक कठिन स्थिति है क्योंकि माकन ने कथित तौर पर नेतृत्व से कह दिया है कि, वे राजस्थान जाना नहीं चाहते, क्योंकि जो मुद्दे उन्होंने उठाए थे वे अभी तक हल नहीं हुए हैं।

इन मुद्दों में सबसे प्रमुख है गहलोत के उन तीन करीबी नेताओं पर कोई कार्यवाही नहीं होना, जिन पर माकन ने सोनिया गांधी को भेजी अपनी रिपोर्ट में एक्शन लेने की अनुशंसा की थी।

- सबसे बड़ा मुद्दा, जो उन्होंने रिपोर्ट में उठाया है, वह मु.मंत्री गहलोत के निकट के नेता शांति धारीवाल, महेश जोशी व धर्मेन्द्र राठौड़ के खिलाफ अनुशासनहीनता का है।
- अभी तक माकन के अनुसार, कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है, इन तीनों के खिलाफ, यहां तक कि, एक चेतावनी भी नहीं दी गयी है।
- जानकार सूत्रों का कहना है, जब तक गुजरात चुनाव के नतीजे आठ दिसम्बर को नहीं आ जाते, इस दिशा में कोई कार्यवाही होने की संभावना नहीं है।
- साथ ही चेतावनी दी गयी है कि, जब तक भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में है, कोई भी नेता कोई बयानबाजी नहीं करेगा, न ही एक दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश होगी तथा दोनों खेमों में कोई भी परस्पर विरोधी चहल-कदमी नहीं दिखनी चाहिये।
- पर, यात्रा के राजस्थान से निकलने के बाद क्या होगा, कोई आकलन लगाने को तैयार नहीं।

ये तीनों नेता हैं शांति धारीवाल, धर्मेन्द्र राठौड़ और महेश जोशी उन पर अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है और चेतावनी तक नहीं दी गई है।

सूत्रों का कहना है कि जब तक गुजरात चुनाव नहीं हो जाते और उनके नतीजे आ जाते तब तक कोई कार्यवाही होन की संभावना नहीं है। गुजरात में 5 दिसंबर को मतदान समाप्त हो जाएगा और 8 दिसम्बर को नतीजे आ जाएंगे।

भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में 4 दिसम्बर को आएगी और यह साफ कर दिया गया है कि विभिन्न गुटों के नेताओं में कोई बयानबाजी नहीं होगी ना ही एक दूसरे को नीचा दिखाने पर वैमनस्यता भरी हरकत होगी।

इन हालात में में समूचे संकट को यात्रा के राजस्थान से बाहर जाने तक रोक दिया गया है। इसके बाद क्या होगा यह संकट ग्रस्त राजस्थान का एक अलग अध्याय होगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम के चुनाव पर रोक लगाने से इंकार किया

## तर्क यह है कि, तीन दिन बाद ही मतदान हैं, अतः अब चुनाव पर रोक लगाना न्याय संगत नहीं

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 दिसम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम के चुनावों पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिका निरर्थक बताकर खारिज कर दी। यहां रविवार को मतदान है।

याचिकाकर्ता जो नैशनल यूथ पार्टी नेता और वैलफेयर एसोसिएशन का निवासी है, ने दिल्ली हाईकोर्ट के चुनाव पर रोक लगाने से इन्कार करने के आदेश को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि कानून के अनुसार जब चुनाव की अधिसूचना जारी हो जाती है तो कोर्ट उस पर रोक नहीं लगा सकता है।

यह मामला जस्टिस कौल और जस्टिस ए.एस. ओका की बैंच के समक्ष अधिसूचित था। बैंच ने कहा समय गुजरने से याचिका व्यर्थ हो गई है क्योंकि चुनाव तीन दिन बाद ही रविवार को होने वाले हैं।

गुप्ता ने अपनी याचिका में दलील दी थी कि अनुसूचित जाति के लिए राज्य चुनाव आयोग ने म्युनिसिपल वार्डों का मनमाने तरीके से आरक्षण किया है। उन्होंने दावा किया कि वार्डो के आरक्षण पर एस.ई.सी. के आदेश में कानूनी त्रुटियां हैं जिससे भारत के संविधान के अनुच्छेद 243 टी का उद्देश्य ही विफल हो गया है।

- चुनाव पर रोक लगाने के लिये दायर याचिका में दलील दी गयी थी कि, चुनाव में एस.सी. के लिए आरक्षित वार्डों का चयन कानून संगत नहीं है तथा सही प्रक्रिया नहीं अपनायी गयी है।

उन्होंने कहा कि उक्त प्रावधान अनुसूचित जाति को अलग-अलग वॉर्ड से रोटेशन के आधार पर आरक्षण दिया जाता है। गुप्ता की याचिका कहती है कि वर्ष 2017 और 2022 में वार्डों के परिसीमन का आधार वर्ष 2011 की जनगणना थी और वार्डो के आरक्षण का फार्मूला, जो 2017 व 2022 में है वह भी उसी पर आधारित है और वर्ष 2022 में फार्मूला में रोटेशन का आधार नहीं है। दिल्ली नगर निगम में वार्डों की संख्या दिल्ली म्युनिसिपल कॉरपोरेशन एक्ट के जरिए 272 से घटाकर 250 कर दी गई है। एक्ट में तीन अलग-अलग निगमों पूर्वी दिल्ली नगर निगम, उत्तरी दिल्ली नगर निगम और पश्चिमी दिल्ली नगर निगमों का एकीकरण कर दिया गया है।

परिसीमन समिति ने सारी कवायद पूरी कर सरकार को 25 अगस्त को रिपोर्ट भेज दी थी तथा 10 सितम्बर को केन्द्र ने सीटों की संख्या 272 से घटाकर 250 कर दी इनमें से 42 अनुसूचित जाति की सीटे थी। इस पर आपतियां सुझाव की आखिरी तारीख 3 अक्टूबर थी तथा 17 अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर दी गई। दिल्ली नगर निगम के 250 वार्डों का चुनाव 4 दिसम्बर को होगा नतीजे 7 को घोषित होंगे।

# कैप्टन अमरिन्दर भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 दिसम्बर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने उत्तर प्रदेश के पूर्व भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के साथ ही पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह (80) और पंजाब के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सुनील जाखड़ (68) को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में शुक्रवार को नियुक्त किया।

- भाजपा ने कैप्टन अमरिन्दर सिंह के साथ कांग्रेस में आए सुनील जाखड़ को भी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जगह दी।

अन्य संगठनात्मक बदलाव जो तुरन्त प्रभाव से लागू हो जाएंगे, के तहत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ''हार्ट ऑफ लंदन'' में विशाल चाइनीज़ दूतावास का निर्माण खटाई में पड़ा?

## निर्माण स्थल, ''टावर ऑफ लन्दन'', जिसे देखने लाखों पर्यटक आते हैं, से सटी हुई उन्नीसवीं शताब्दी में निर्मित भव्य इमारत रॉयल मिन्ट है

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 दिसम्बर। ब्रिटेन की राजधानी में शहर के मुख्य स्थल पर एक विशालकाय दूतावास निर्मित करने के चीन के प्रस्ताव को लेकर नाराज़गी बढ़ रही है। प्रस्ताव के तहत, प्रसिद्ध टावर ऑफ लंदन के ठीक सामने स्थित पूर्व रॉयल मिंट (राजसी टकसाल) के क्षेत्र का पुनर्विकास करना भी शामिल होता।

करीब 5.5 एकड़ जमीन पर फैला रॉयल मिंट परिसर मुख्यतः राजा की सम्पत्ति है।

- रॉयल मिन्ट के 5.5 एकड़ परिसर में कई क्वाट्र्स भी हैं, जहां दशकों से कई परिवार रह रहे हैं।
- इन परिवारों को रहने के लिये ''लीज़'' महारानी एलिजाबैथ ने दी थी तथा निवासियों की शिकायत है कि, विशाल चीनी दूतावास बनने से, उनकी ''प्राइवेसी'' खत्म होगी तथा कम्प्यूटर व मोबाइल फोन्स भी चीन के दूतावास की ''सर्विलैन्स'' में जायेंगे।
- दूतावास के विशाल कॉम्पलैक्स के अलावा चीन इस भूमि पर 500 रिहायशी फ्लैट्स भी बनाना चाहता है, अपने स्टाफ, सुरक्षा कर्मी आदि के लिये।

उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य में निर्मित इस विशालकाय परिसर में प्रसिद्ध मिंट बिल्डिंग के अलावा कुछ आवासीय क्वार्टर भी है जिनमें आवश्यक सेवाओं से जुड़े सदस्य जैसे नर्सेज़, इंजीनियर्स और मैडिकल वर्कर्स रहते हैं।

बरो ऑफ टावर हैमलैट्स के नाम से जाने जाना वाला यह क्षेत्र देश के लंदन शहर से सटा हुआ है। इसके अलावा टावर ऑफ लदंन को देखने अच्छी खासी संख्या में पर्यटक आते हैं। इसलिए इस क्षेत्र में यदि विशाल दूतावास बनाया जाता है तो ट्रैफिक एक समस्या बन सकता है।

चीन सरकार अपने छद्म ऑपरेशन्स को लेकर पहले ही विवादों में घिरी हुई है। ज्ञात हुआ है कि चीन के सरकारी संस्थान निगरानी के लिए दुनिया भर में पुलिस स्टेशनों का संचालन करते हैं और विदेशों में बसे चीन के आलोचकों को धमकाते हैं। गुप्तचरी करने वाले ये पुलिस स्टेशन्स विदेशों में रह रहे चीन के लोगों पर निगरानी रखते हैं, उन्हें धमकाते हैं और उन्हें पुनः स्वदेश भेजते हैं।

एक के बाद एक देश में अब इन अवैध पुलिस स्टेशनों का पता लगता जा रहा है।

यहां तक कि इन देशों ने चीन के कूटनीतिक प्रमुखों को तलब कर अपनी ग़लती स्वीकार करने को कहा है। इन्हें बंद करने के आदेश भी दिए जा रहे हैं।

टावर हैमलैट के किराएदारों ने भूमि का अधिग्रहण कर उसे चीन को सौंपे जाने की योजनाओं को रद्द करने को लेकर नए किंग चार्ल्स को पहले एक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा की तैयारी शुरू

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 दिसम्बर। भाजपा हाथ पर हाथ रखकर बैठने वालों में नहीं है, इसलिए उसने अपने अगले चुनावी लक्ष्य पर काम शुरु कर दिया है। गुजरात में जिस दिन दूसरे चरण के मतदान होंगे उसी दिन, सोमवार को, भाजपा ने दिल्ली में संगठन के वरिष्ठ नेताओं की मीटिंग बुलाई है। अजेन्डा हैः अगले वर्ष कर्नाटक, त्रिपुरा व उत्तरपूर्व के कुछ अन्य राज्यों में जो विधानसभा चुनाव होने हैं उनके बारे में विचार-विमर्श करना तथा रणनीति बनाना। इसके अलावा 2024 के लोकसभा चुनावों

- गुजरात के दूसरे चरण का मतदान समाप्त होते ही भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक बुलाई गई है, जिसमें आगामी लोकसभा चुनावों व राज्य विधानसभा चुनावों की रणनीति पर विचार किया गया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'कृपया सुप्रीम कोर्ट के कार्यरत ''कोलीजियम सिस्टम'' को पटरी से उतारने का प्रयास न करें'

## 2018 की कोलीजियम की विवादास्पद बैठक की जानकारी मांगने के लिये दायर याचिका की सुनवायी के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 दिसंबर। सुप्रीम कोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता एवं वकील अंजलि भारद्वाज द्वारा दायर एक केस पर शुक्रवार को अपना फैसला सुरक्षित रखा। इस केस में सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम की वर्ष 2018 में आयोजित विवादास्पद मीटिंग की डीटेल्स मांगी गई थी।

जस्टिस एस.आर. शाह और जस्टिस सी.टी. रवि कुमार की बैंच ने वर्तमान क्रियाशील सिस्टम को समाप्त ना करने पर जोर देते हुए कहा कि यह सिस्टम ''सर्वाधिक पारदर्शी'' है। बैंच ने कहा कि कोलीजियम के पूर्व सदस्यों द्वारा इसके निर्णयों पर टिप्पणी किए जाने का एक चलन बन गया है।

बैंच भारद्वाज की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें राइट टू इन्फॉर्मेशन (आर.टी.आई.) एक्ट के तहत कोलीजियम की डिटेल्स देने का अनुरोध किया गया था।

- याचिका के पक्ष में बोलते हुए प्रशांत भूषण ने सवाल उठाया कि, क्या कोलीजियम की कार्यवाही व निर्णय आर.टी.आई. के दायरे में नहीं आते।
- प्रशांत भूषण चाहते थे कि, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश व सरकार के बीच इस मुद्दे पर चली पत्रावली को सार्वजनिक किया जाये।
- यहां यह उल्लेखनीय है कि, दिल्ली हाई कोर्ट ने उस अपील को हाल ही में खारिज किया था, जिसमें कोलीजियम बैठक के एजेण्डा, मिनिट्स तथा प्रस्तावों की जानकारी मांगी गयी थी।
- पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि, दिसम्बर 2018 की बैठक में कोलीजियम ने राजस्थान हाई कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश तथा दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को सुप्रीम कोर्ट में जज बनाने की सिफारिश की थी। पर निर्णय को स्थगित कर दिया गया था, क्योंकि नियुक्ति की खबर नियुक्ति के पहले ही लीक हो गयी थी।
- इस पूरी बहस के बाद, सुप्रीम कोर्ट की डबल बैंच ने कोलीजियम संबंधी मुद्दे पर निर्णय सुरक्षित रख दिया

याचिकाकर्ता की ओर से उपस्थित एडवोकेट प्रशांत भूषण ने प्रश्न किया कि ''क्या कोलीजियम के निर्णयों की आर.टी.आई. के तहत जवाबदेही है। प्रश्न यही है। क्या इस देश के लोगों को जानकारी प्राप्त करने का अधिकार नहीं है?''

उन्होंने इच्छा जताई कि चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) और सरकार के बीच हुए सभी पत्राचारों को सार्वजनिक किया जाए।

जस्टिस शाह ने कहा कि ''कोलीजियम की मीटिंग में कोई भी प्रस्ताव नहीं किया गया था। पूर्व सदस्यों द्वारा किए गए किसी भी कार्य पर हम टिप्पणी करना नहीं चाहते।''

निर्णय को सुरक्षित रखते वक्त जज ने कहा कि ''हम इससे मुकर नहीं रहे हैं। कई मौखिक निर्णय लिए जाते हैं।''

दिल्ली हाई कोर्ट ने गत जुलाई माह में एक अपील को खारिज कर दिया था। उसमें सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम की 12 दिसम्बर 2018 की मीटिंग का एजेण्डा, मिनट्स और प्रस्ताव सार्वजनिक करने की मांग की गई थी। इससे पहले यह अनुरोध सैन्ट्रल इन्फॉर्मेशन कमीशन (सी.आई.सी.) सहित कई स्तरों पर ठुकराया जा चुका था। अंजलि भारद्वाज ने अपनी याचिका में पूर्व सी.जे.आई.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

**यदि देश भक्ति का मतलब व्यापक मानव मात्र का हित चिंतन नहीं है तो उसका कोई अर्थ ही नहीं है। - महात्मा गाँधी**

# धर्म का राग छोड़िये, कर्म करिये, शर्म सीखिये

कभी-कभी एक भजन आकाशवाणी से प्रसारित होता है, जिसकी एक पंक्ति यह है कि 'धर्म भी होगा, कर्म भी होगा पर शर्म नहीं होगी।' लेखक को लगता है कि धर्म और कर्म भी गायब हो गये हैं। धर्म की जो अवधारणा है कि जो धारण किया जाय वह धर्म है, अब तिरोहित हो गई है। धारण क्या किया जाय यह तथाकथित 'धर्मों' में स्पष्ट है। 'परहित', 'मानव कल्याण', 'विश्व बंधुत्व', 'नेकनीयत', स्नेह प्रेम', 'क्षमा', 'मधुरभाषिता' आदि ही तो वे गुण हैं जिन्हें धारण करने की बात सभी धर्मों में कही गई है। नहीं लगता कि किसी भी धर्म में इनके विलोम गुणों को धारण करने की बात कही गई हो। इन सभी को सूत्र रूप में जैन धर्म के पाँच शब्दों में प्रगट कर दिया गया है यथा सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अचौर्य। जो सचाई पर चले, कभी हिंसा (तन, मन, धन से) न करे, पैसा अपने स्वार्थ हेतु जमा न करे, व्यभिचार न करे, दूसरे की वस्तु न हड़पे और जीवन में पवित्रता का आचरण करे, वह निश्चय ही सच्चे अर्थों में धार्मिक है, फिर उसकी आस्था कुछ भी हो।

जैन धर्म के पाँच सिद्धांतों को भी अगर एक शब्द में कहा जाय तो है 'इन्सानियत या मानवता'। इसके विपरीत आचरण करने वाले हैवान हैं, दानव हैं। आजकल जो भी व्यक्ति और विशेष रूप से किसी एक धर्म की वकालत करते हुए दूसरे धर्म के प्रति असहिष्णु हैं, वे धार्मिक है ही नहीं? वे ढोंगी है, पाखण्डी हैं। कहना यह चाहिये कि धर्म केवल एक है और मात्र रास्ते या आस्थाएँ अलग-अलग हैं। बिना गहराई तक गये, अपनी आधी-अधूरी जानकारी के आधार पर हम कुछ भी कहते रहते हैं। भारत की ही नहीं समस्त विश्व में 'धर्म' के नाम पर और 'विचारधारा' के आधार पर हिंसा का ताण्डव नृत्य हो रहा है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। कोरिया, वियतनाम, जर्मनी आदि में विचारधारा के आधार पर देश का विभाजन हुआ, शक्तिशाली देशों की सत्ता अथवा वर्चस्व की लिप्सा ने ये विभाजन कराये। भाई-भाई दुश्मन हो गये। कट्टरता और उदारता का एक उदाहरण बोहरा मुस्लिम में 'शबाब और यूथ' शबाब के अलग-अलग समूहों का है। इनमें एक ही परिवार में विग्रह है। सारे विश्व में धार्मिक कट्टरता और उसका उन्माद 'आतंकवाद' का जनक, पालक व पोषक बन रहा है। इनमें से सर्वाधिक क्षति इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हो रही है। भारत में हिंदू-मुस्लिम की बात करना सांप्रदायिक कहा जाता हो परंतु विश्व के अधिकांश देशों में जो कोहराम मचा हुआ है वह तो स्वीकार करना ही होगा। कभी एक देश में ईसाई व इस्लाम धर्म का घमासान होता है तो कहीं कट्टर मुस्लिम या इस्लाम व उदार इस्लाम के बीच संघर्ष का कारण बन रहा है। साम्यवादी देश सामान्यतः नास्तिकता अपनाते हैं और अपने विस्तारवाद में अन्यान्य प्रभुता संपन्न देशों पर अधिकार कर वहाँ के धर्म को नष्ट करते हैं। चीन ने तिब्बत में बौद्ध धर्म को विलुप्त करने का पूरा प्रयास किया है। पाकिस्तान व अन्य कट्टरपंथी इस्लामिक देश भारत में हिंदू धर्मावलम्बियों पर आक्रमण कर अथवा भारतीय प्रदेश में अतिक्रमण कर अपनी घृणित मानसिकता का परिचय दे रहे हैं। हिंदू कहें या सनातन धर्म, उसने कभी दूसरे धर्म को नष्ट करने का प्रयास नहीं किया। हाँ, यह अवश्य है कि भारत में जन्मे बौद्ध धर्म का एशिया महाद्वीप के कई देशों में प्रचार-प्रसार हुआ है। परंतु यह शांतिपूर्ण एवं स्वतः स्फूर्त रहा है। यह कहना उचित होगा कि अंग्रेज़ों के शासन में हिंदुओं का ईसाई धर्मांतरण बड़े पैमाने पर हुआ और चोरी-छिपे ईसाई मिशनरियों द्वारा अभी भी हो रहा है। भारत की गरीबी, विस्तृत आदिवासी क्षेत्र व छुआछूत व जातिवाद ने इसे बढ़ावा दिया। मुगलशासन में भी यह धर्मांतरण बड़े पैमाने पर हुआ जिसका अत्यधिक प्रभाव लम्बे मुगल शासन व इस्लामिक आक्रामकता के कारण हुआ। भारत में जातिवाद के साथ धार्मिक सहिष्णुता भी इसके प्रमुख कारण रहे। स्वतंत्रता के बाद पूर्णतः निष्पक्ष रह कर भी यह कहना ही होगा कि मुस्लिम तुष्टिकरण ही नहीं मुस्लिम पक्षपात और प्राथमिकता का दौर रहा और धर्मनिरपेक्षता का स्वांग रचा जाता रहा। भले ही यह सद्भावना से किया गया हो परंतु यह शत प्रतिशत सत्य है कि हिंदू अपने आपको हिंदू कह कर संप्रदायवादी बताये जाने के भय से त्रस्त हो गया।

> **राष्ट्रीय नेता बनने की चाह रखने वाले एक नेता कहते हैं 'वीर सावरकर' अंग्रेज़ों की गुलामी करना चाहते थे। उनको पता नहीं कि नेहरू, गाँधी सभी पत्रों में इसी तरह लिखा करते थे। वह 'वीर' ही नहीं 'महावीर' सावरकर था जो हमने बचपन से पढ़ा और सुना है।**

उल्लेखनीय यह है कि इस भेदभाव के बावजूद मुस्लिम बहुत तरक्की नहीं कर सके विशेष रूप से शिक्षा की दृष्टि से और इसी कारण से पिछड़ेपन, कट्टरता, अंधविश्वास, अंधानुकरण व धर्मांधता के शिकार भी रहे। धीरे-धीरे देश-विदेश के दुष्प्रचार के कारण शिक्षित मुस्लिम वर्ग में धार्मिक कट्टरता आई जैसा कि सुशिक्षित आतंकियों में ज़ाहिर आया है। इस स्थिति की प्रतिक्रिया में धीरे-धीरे हिंदुओं में भी धार्मिक कट्टरता बढ़ती गई परंतु फिर भी वह उस धार्मिक उन्माद की स्थिति में नहीं पहुँची है। वर्तमान केन्द्रीय सरकार ने ऐसा कोई काम नहीं किया जो धार्मिक कट्टरता या पक्षपात का परिचायक हो। जितने भी बड़े काम कर रहे हैं या हुए हैं वे देशहित में व समस्त जनता के हित में हैं। परंतु विपक्ष व अल्पसंख्यक नेता अपनी-अपनी रोटियां सेकने में लगे हैं। आग में घी का काम कर रहा है इलेक्ट्रोनिक मीडिया अनावश्यक बहसबाज़ी आयोजित कर हिंदू-मुस्लिम हिंदू-मुस्लिम चिल्ला-चिल्ला कर विभाजन की रेखाएँ गहरी करते हैं। एक निष्पक्ष व ईमानदार भारतीय तीन तलाक, सी.ए.ए., धारा 570 व 35 ए, ई.बी.सी आरक्षण, सीसीसी आदि में मात्र महिला सशक्तीकरण, समानता व समाधिकार देखता है। विपक्ष ने तो लगभग हर सुधार कार्य एवं कोरोना वेक्सीन जैसे सही कदम को भी धार्मिक संकीर्णता में बदला और निजामुद्दीन मरकज़ पैदा किया, देहली के दंगों का समर्थन किया, जे.एन.यू. में व अन्य स्थानों पर देश विरोधी गतिविधियों का समर्थन किया।

ज्यादातर नेता 'धर्म-धर्म' चिल्लाते रहते हैं। इस चिल्लाहट को तत्काल बंद करने की आवश्यकता है। अरे, धर्म तो यह कहता है कि कर्म करो, सुकर्म करो। अपने आप धर्म का पालन हो जायगा। जो कुरान को मानते हैं, उन्हें यह सोचना चाहिये कि क्या कुरान यह कहती है कि दूसरों का गला काटो, अपनी मतलब परस्ती के कारण आगजनी, तोड़फोड़, बलात्कार करो। लेखक ने कुरान कहीं पढ़ी है, परंतु अच्छे मुसलमान नागरिकों से ही सुना है कि वह भी अच्छे काम करने की, अच्छा इन्सान बनने की, नेक नीयत रखने की, मिल-बैठकर झगड़े निपटाने की, दूसरों के लिये अपनी आमदनी से कुछ बचाने की, हिमायत करती है। वह नापाक और पाक में फ़र्क़ करती है। जन्नत और जहन्नुम की चर्चा से बुरे कर्म और अच्छे कर्म में भी भेद करती है। बदज़ुबानी करने, बदनीयती रखने, बुरी नज़र रखने, बुराई सुनने और बुराई करने से परहेज सभी मज़हब सिखाते हैं। 'कर्म', 'कार्य' तो सभी करते हैं, महज़ फ़र्क़ यह है कि सुकर्म हो, सद्कर्म हो, वह कुकर्म व दुष्कर्म न हो। हकीकत यह है कि हम कर्म करते हुए सुकर्म नहीं करके कुकर्म व दुष्कर्म करते हैं और तुर्रा यह कि बेशर्म भी रहते हैं। बेटा माँ-बाप को बात-बात पर आँख दिखाता है, शराब खाने ज़्यादा आबाद हैं बनिस्पत मंदिर-मजिस्द के, अवाम बात-बात पर हुकूमत से उलझता है और हुकूमत में बैठे कई लोग खुद कुकर्मों में मशगूल हैं, बेटियों का शोषण हो रहा है और हम तमाशबीन बने हुए हैं। बदज़ुबानी व बदसलूकी आम बात हो गई है। ज़्यादातर नेता बेशर्म हैं और उससे मेल खाता ज़्यादातर अवाम भी। बेशर्मी की हद यह है कि एक लड़की की हत्या कर पैंतीस टुकड़े करने को एक मुख्यमंत्री एक सामान्य आम घटना, दुर्घटना मानते हैं और कहते हैं कि ऐसा होता रहा है। अरे सवाल यह है कि क्या ऐसा सरकारों की बुजदिली, लापरवाही, और निकम्मेपन से नहीं हो रहा। राष्ट्रीय नेता बनने की चाह रखने वाले एक नेता कहते हैं 'वीर सावरकर' अंग्रेज़ों की गुलामी करना चाहते थे। उनको पता नहीं कि नेहरू, गाँधी सभी पत्रों में इसी तरह लिखा करते थे। वह 'वीर' ही नहीं 'महावीर' सावरकर था जो हमने बचपन से पढ़ा और सुना है। प्रधानमंत्री को 'औकात' दिखाने की बात करने वाले और उन्हें 'नीच' कहने वाले नेता भी हैं। ये नेता धर्म पर हमें लड़ाते हैं, ये धर्माचार्य धर्म के नाम पर हमें उकसाते हैं, ये मज़हब के ठेकेदार मतलब परस्त, बेशर्म होकर नफरत फैलाने का काम करते हैं और हम भी बेशर्म बन कर 'धर्म के नाम पर अच्छा 'कर्म' करने के बजाय बेजा बेशर्म होकर बेजा नाजायज़ और बेहद खराब और गैर जिम्मेदाराना हरकतें करने लगते हैं।

**'धर्म', 'धर्म' पर क्यूँ लड़ते हो, शर्म न तुमको आती है।**
**'कर्म' करो 'सुकर्म' करो, 'गीता' यही सिखाती है।**

**–अतिथि सम्पादक,**
**कैलाश विहारी वाजपेयी,**
**( स्वतंत्र चिंतक व लेखक )**

## प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द्र बाबू के जन्म दिन 3 दिसम्बर 2022 के अवसर पर

# सादा जीवन उच्च विचारों के धनी राजेन्द्र बाबू और उनके प्रेरणादायक संस्मरण


राजेन्द्र बाबू का जन्म 3 दिसंबर, 1884 को बिहार के तत्कालीन सारण जिले (अब सीवान) के जीरादेई गांव में हुआ था उनके पिता महादेव सहाय संस्कृत एवं फारसी के विद्वान थे। माता कमलेश्वरी देवी एक धर्मपरायण महिला थीं । मात्र 12 वर्ष की उम्र में उनका विवाह राजवंशी देवी से हुआ । उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया और 30 रुपये मासिक छात्रवृत्ति प्राप्त की। वर्ष 1902 में प्रसिद्ध कलकत्ता प्रेसीडेंसी कॉलेज में प्रवेश लिया । यहां उनके शिक्षकों में महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस और माननीय प्रफुल्ल चंद्र रॉय शामिल थे । बाद में उन्होंने अर्थशास्त्र में एमए और कानून में मास्टर की शिक्षा पूरी की ।

वर्ष 1930 में नमक सत्याग्रह में भाग लिया । वर्ष 1914 में बंगाल और बिहार में आयी भयानक बाढ़ के दौरान उन्होंने पीड़ितों की खूब सेवा की । 15 जनवरी, 1934 को जब बिहार में विनाशकारी भूकंप आया, तब वे धन जुटाने और राहत कार्यों में लग गये। वे वर्ष 1934 से 1935 तक भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे । 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा में संविधान को पारित करते समय डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा कहे गये शब्द बहुत महत्वपूर्ण हैं ।" जो लोग चुन कर आयेंगे, यदि योग्य, चरित्रवान और ईमानदार हुए, तो वे दोषपूर्ण संविधान को भी सर्वोच्च बना देंगे । यदि उनमें इन गुणों का अभाव हुआ, तो संविधान देश की कोई मदद नहीं कर सकता।

उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया । जिन्दगी का अंतिम पडाव में उन्होंने सदाकत आश्रम में बिताया । 28 फरवरी, 1963 को वों पंच महाभूतों में विलीन हो गये । राजेन्द्र बाबू ने अनेको किताबे लिखी अपनी आत्मकथा (1946 बापू के कदमों में बाबू (1954, इण्डिया डिवाइडेड (1946), सत्याग्रह ऐट चम्पारण (1922), गांधीजी की देन, भारतीय संस्कृति व खादी का अर्थशास्त्र इत्यादि उल्लेखनीय हैं।

**प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र बाबू और उनके जीवन के प्रेरणादायक संस्मरण :** प्रिंसिपल ने एफ.ए. में उत्तीर्ण छात्रों के नाम लिए तो राजेन्द्र प्रसाद का नाम उस सूची में नहीं था। राजेन्द्र प्रसाद को फेल होने पर रत्ती भर भी विश्वास नहीं हुआ क्योंकि उन्हें अपनी एफ.ए की परीक्षा में सर्वोच्च अंकों के साथ उत्तीर्ण होने का पूरा भरोसा था, इसलिए उन्होंने खडे होकर प्राचार्य से कहा कि वे फेल नहीं हो सकते हैं इसलिए उन्होंने प्रिंसिपल से परीक्षा में हुए उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सूची को एक बार पुनः देख लेने का अनुरोध किया जिससे, प्रिंसिपल ने क्रोधित होकर राजेन्द्र प्रसाद से कहा कि वह फ़ेल हो गए होंगे अतः उन्हें इस मामले में तर्क नहीं करना चाहिए। वे हकलाकर घबराते हुए बोले 'लेकिन, लेकिन सर' क्रोधित प्रिंसिपल ने कहा, 'पाँच रुपया ज़ुर्माना' राजेन्द्र प्रसाद साहस कर दुबारा बोले तो प्रिंसिपल चिल्लाये और बोले 'दस रुपया ज़ुर्माना'। राजेन्द्र प्रसाद बहुत घबरा गए। अगले कुछ क्षणों में ज़ुर्माना बढ़कर 25 रुपये तक पहुँच गया। एकाएक हैड क्लर्क प्रिंसिपल से बोले कि सर एक गलती हो गई है, वास्तव में राजेन्द्र प्रसाद परीक्षा में प्रथम आए हैं। राजेन्द्र प्रसाद की छात्रवृत्ति दो वर्ष के लिए बढ़ाकर 50 रुपया प्रति मास कर दी गई। इस घटना के बाद राजेन्द्र प्रसाद ने यह जान लिया था कि आदमी को आत्मविश्वासी बनना चाहिए।

**कॉलेज में राजेन्द्र बाबू का पहला दिन :** सरल स्वभाव वाला सीधा-साधा ग्रामीण युवक राजेन्द्र प्रसाद बिहार पहली बार 1902 में कलकत्ता में प्रेसीडेंसी कॉलेज में प्रवेश हेतु आया था । जब राजेन्द्र प्रसाद का नाम हाजिरी के समय नहीं पुकारा गया तो उन्होनें हिम्मत जुटा कर अपने



डा. जे.के.गर्ग

प्रोफेसर को पूछा कि उनका नाम क्यों नहीं लिया गया। प्रोफेसर उनके देहाती कपड़ों को घूरता ही रहा एवं चिल्ला कर बोला-ठहरो, मैंने अभी स्कूल के लड़कों की हाजिरी नहीं ली है। राजेन्द्र प्रसाद ने हठ किया कि वह प्रेसीडेंसी कॉलेज के छात्र हैं और उन्होंने प्रोफेसर को अपना नाम भी बताया। अब कक्षा के सभी छात्र उन्हें उत्सुकतावश देखने लगे क्योंकि उस वर्ष राजेन्द्र प्रसाद विश्वविद्यालय में प्रथम आये थे, प्रोफेसर ने तुरंत अपनी गलती को सुधार कर ससम्मान उनका नाम पुकारा और इस तरह राजेन्द्र प्रसाद के कॉलेज जीवन की शुरुआत हुई।

**अंगेज को सिखाया पाठ :** एक बार राजेंद्र बाबू नाव से अपने गांव जा रहे थे। नाव में कई लोग सवार थे। राजेंद्र बाबू के नजदीक ही एक अंग्रेज बैठा हुआ था । वह बार-बार राजेंद्र बाबू की तरफ व्यंग्य से देखता और मुस्कराने लगता। कुछ देर बाद अंग्रेज ने उन्हें तंग करने के लिए एक सिगरेट सुलगा ली और उसका धुआं जान बूझकर राजेंद्र बाबू की ओर फेंकता रहा। कुछ देर तक राजेंद्र बाबू चुप रहे लेकिन वह काफ़ी देर से उस अंग्रेज की इस हरकत को सहन नहीं पाये। उन्हें लगा कि अब उसे सबक सिखाना जरूरी है। कुछ सोचकर वह अंग्रेज से बोले, 'महोदय, यह जो सिगरेट आप पी रहे हैं क्या आपकी ही है?' यह प्रश्न सुनकर अंग्रेज व्यंग्य से मुस्कराता हुआ बोला, 'अरे, मेरी नहीं तो क्या तुम्हारी है? महंगी और विदेशी सिगरेट है।' अंग्रेज के इस वाक्य पर राजेंद्र बाबू बोले, 'बड़े गर्व से कह रहे हो कि विदेशी और महंगी सिगरेट तुम्हारी है। तो फिर इसका धुआं भी तुम्हारा ही हुआ न। उस धुएं को हम पर क्यों फेंक रहे हो? तुम्हारी सिगरेट तुम्हारी चीज है। इसलिए अपनी हर चीज संभाल कर रखो। इसका धुआं हमारी ओर नहीं आना चाहिए। अगर इस बार धुआं हमारी और आया तो सोच लेना कि तुम अपनी जुबान से ही मुकर रहे हो। तुम्हारी चीज तुम्हारे पास ही रहनी चाहिए, राजेन्द्र बाबू की बात को सुनकर बेचारा अंग्रेज सकपकाया और उसने अपनी जलती हुई सिगरेट को बुझा दिया।

**राष्ट्रीय कर्तव्य ही था सर्वोच्च :** भारतीय संविधान के लागू होने से एक दिन पहले 25 जनवरी 1950 को उनकी सगी बहन भगवतीदेवी का निधन हो गया, लेकिन वे भारतीय गणराज्य के स्थापना की रस्म के बाद ही दाह संस्कार में भाग लेने गये। वह वर्ष में से 150 दिन रेलगाड़ी द्वारा यात्रा करते और आमतौर पर छोटे-छोटे स्टेशनों पर रूककर सामान्य लोगों से मिलते और उनके दुख-दर्द दूर करने का प्रयास करते।

**आजादी आंदोलन में शामिल होने के लिए छोड़ी वकालत :** उन दिनों डॉ. राजेन्द्र प्रसाद देश के गिने चुने नामी वकीलों में गिने जाते थे। जब गांधी जी ने असहयोग आंदोलन शुरू किया तो राजेन्द्र बाबू ने वकालत छोड़ दी और अपना पूरा समय मातृभूमि की सेवा में लगाने लगे। अपने मित्र रायबहादुर हरिहर प्रसाद सिंह के मुकदमों की पैरवी के लिए उन्हें इंग्लैण्ड जाना पड़ा।

वरिष्ठ बैरिस्टर अपजौन इंग्लैण्ड में हरिहर प्रसाद सिंह का मुकदमा लड़ रहे थे इन्हीं के साथ राजेन्द्र बाबू को काम करना था। एक दिन किसी ने अपजौन को कहा कि राजेंद्र बाबू भारत के सफलतम वकीलों में से हैं किन्तु उन्होंने भारत को स्वतंत्र कराने हेतु अपनी वकालत त्याग दी है । अपजौन एक दिन राजेन्द्र बाबू से बोले लोग सफलता, पद और पैसे के पीछे भागते हैं और आप हैं कि इतनी चलती हुई वकालत को आपने ठोकर मार दी। आपने गलत किया। राजेन्द्र बाबू ने जवाब दिया एक सच्चे हिंदुस्तानी को अपने देश को आजाद कराने के लिए बड़े से बड़ा त्याग करने के लिए तैयार रहना चाहिए, वकालत छोड़ना तो एक छोटी सी बात है।

**राष्ट्रपति ने मांगी अपने निजी सेवक से माफी :** राजेन्द्र बाबू 12वर्षों तक राष्ट्रपति भवन में रहे । राष्ट्रपति भवन में कार्यरत कर्मचारी तुलसी से एक दिन सुबह उनके कमरे में झाड़पोंछ करते वक्त उसके हाथ से राजेन्द्र प्रसाद जी के डेस्क से एक हाथी दांत का पेन नीचे ज़मीन पर गिर गया और पेन टूट गया जिससे स्याही कालीन पर फैल गई। चुकिं यह पेन उन्हें किसी ने भेंट किया था और यह पेन उन्हें प्रिय भी था। राजेन्द्र बाबू ने अपना गुस्सा दिखाने के लिये तुलसी को तुरंत अपनी निजी सेवा से हटा दिया, उस दिन वे बहुत व्यस्त रहे, मगर सारा काम करते हुए उनके ह्रदय में एक कांटा चुभता रहा और वे सोचने लगे कि उन्होंने तुलसी के साथ न्याय नहीं किया है शाम को राजेन्द्र बाबू ने तुलसी को अपने कमरे में बुलाया तब तुलसी ने राष्ट्रपति को सिर झुकाए और हाथ जोड़े खड़े देखा तो वह हक्का-बक्का हो गया, राष्ट्रपति ने धीमे स्वर में कहा, 'तुलसी मुझे माफ़ कर दो।' तुलसी इतना चकित हुआ कि उससे कुछ बोला ही नहीं गया। सेवक और स्वामी दोनों की आंखों में आंसू आ गये।

3 दिसम्बर 2022 को राजेन्द्र बाबू के 138 वें जन्म दिन पर हम भारतीय उनके श्रीचरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

**डा. जे.के.गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कालेज शिक्षा, जयपुर**

# एक साथ 15 मोरों की मौत

**झुंझुनूं,** (निसं)। फतेहसरी गांव में एक साथ 15 से अधिक मृत मोरों के मिलने से सनसनी फैल गई है। जिसके बाद सूचना पर ना केवल पशु चिकित्सा टीम,

> ■ **फतेहसरी गांव के सरपंच ने नवलगढ़ वन विभाग कार्यालय को सूचना दी**

बल्कि वन विभाग की टीम भी पहुंच गई है। नवलगढ़ वन विभाग के वन रक्षक संजीव कुमार ने बताया कि सुबह गांव के सरपंच ने वन विभाग को गांव में मोर के मरने की जानकारी दी। इसके बाद वनरक्षक संजीव कुमार मौके पर पहुंचे। जेजूसर रास्ते पर एक खेत की मेड के पास 15 मोर मृत मिले। इसके बाद वन विभाग की टीम की ओर से मौके पर चिकित्सा टीम को बुलाया गया। चिकित्सा टीम ने मृत मोरों का पोस्टमार्टम किया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद वन विभाग की टीम की ओर से मृत मोरों का अंतिम संस्कार करवाया गया। वहीं मौत के कारणों की जांच की जा रही है। इसके साथ-साथ इलाके में सर्च भी चलाया जा रहा है। ताकि पास पडौस के इलाके में और कहीं भी ऐसी घटना हुई है तो उसका पता लगाया जा सके।



# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**हिंडौन सिटी,** (कासं)। हिंडौन में ब्लॉक स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नियमितीकरण की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम सुरेश कुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपा।

> ■ **एसडीएम सुरेश कुमार हरसोलिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा**

ज्ञापन देने से पूर्व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय परिसर में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में शशि जाटव, कमलेश, सावित्री गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार से विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन दिया गया। जिसमें मुख्य मांग आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी के रूप में नियमित करने सहित, केंद्र संचालन के लिए सरकारी भवन व सरकारी स्कूल में संचालन करने, रिटायरमेंट फंड बनाने, पेंशन सुविधा, ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन अवकाश सुविधा दिए जाने की मांग है। साथ ही 1 दिसंबर से शुरू हुए हड़ताल को अनिश्चतकालीन अवधि तक जारी रखने की बात कही गई। ब्लॉक क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने एक बैठक भी आयोजित की।

जिसके बाद प्रदर्शन कर ज्ञापन देने का सामूहिक निर्णय लिया। ज्ञापन देने के दौरान माया सिंघल, गीता गुर्जर, सावित्री जाट, प्रीतम बाई, सुशीला सहित काफी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही।

# भरतपुर के न्यू मथुरा गेट उच्च प्राथमिक स्कूल में कलेक्टर बने शिक्षक

**भरतपुर,** (निसं)। जिला कलेक्टर आलोक रंजन ठीक जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष स्थित राजकीय न्यू मथुरा गेट उच्च प्राथमिक विद्यालय के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। जहां उन्हें राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग के गृह क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा के स्तर में भी जमकर लापरवाही सामने आई । कलेक्टर व्की जांच के दौरान स्कूल के बच्चे जिला कलेक्टर के सवालों का जवाब नहीं दे पाए। जिला कलेक्टर आलोक रंजन के सवाल पर स्कूल के बच्चे अपने अध्यापकों के तरफ तकते नजर आए । इस मामले में जब जानकारी जुटाई तो पता चला कि स्कूल में आठ कक्षाओं पर 6 शिक्षिकाएं कार्यरत हैं। जिनमें से एक शिक्षिका पीटीआई के पद पर कार्यरत है। हालांकि पढाई का जिम्मा एसटीसी एवं बीएड कर रहे इटर्नशिप के जिम्मे रहता है। जिनका सारा ध्यान अपनी कंपटीशन की तैयारी पर रहता है। ऐसे में विद्यालय के बच्चों के शिक्षा पर किसी का ध्यान नहीं है।



**कलेक्टर आलोक रंजन ने न्यू मथुरा गेट उच्च प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।**

जिला शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण के बाद स्कूल अपने पुराने ढर्रे पर आ जाते हैं। जिला कलेक्टर आलोक रंजन स्कूल के पास ही भीम वॉल का शुभारंभ करने आए थे। ऐसे में अचानक स्कूल में पहुंच गए। जहां वह पहले कक्षा 3 में पहुंचे जहां बीएड स्टूडेन्ट छात्र छात्राओं की क्लास ले रही थी।

> ■ **कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त अखिलेश को स्कूल का फर्श और रंग रोगन कराने के निर्देश दिए**

उनकी कमियों पर जिला कलेक्टर ने समझाया कि ब्लैक बोर्ड पर बच्चों को सही तरीके से हैण्ड राइटिंग में लिखें जिससे बच्चे पढ सके एवं लिख सकें। इसी दौरान जिला कलेक्टर ने बोर्ड पर लिखकर के समझाया भी। जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने इस दौरान शिक्षक का रोल अदा किया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शनिवार 3 दिसम्बर, 2022**

मार्गशीष मास, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2079, रेवती नक्षत्र रविवार प्रातः 6:16 तक, व्यतिपात योग रात्रि 4:34 तक, वणिज करण सांय 5:37 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-मीन, मंगल-वृष, बुध-धनु, गुरू-मीन, शुक्र-वृश्चिक, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

रवियोग रविवार प्रातः 6:16 तक बना रहेगा। भद्रा सांय 5:37 से रविवार प्रातः 5:35 तक रहेगी। आज मोक्षदा एकादशी व्रत स्मार्तो है और गीता जयन्ती, मौनी एकादशी (जैन), व्यतिपात पुण्य है। पंचक रविवार प्रातः 6:16 पर समाप्त होंगे।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 8:22 से 9:40 तक, चर 12:16 से 1:34 तक, लाभ-अमृत 1:34 से 4:11 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:04, सूर्यास्त 5:29

**मेष**
धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों के कारण भागदौड़ रहेगी। आवश्यक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी और नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**कर्क**
धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक कार्यों में आस्था बढ़ेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी और आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में नवीन संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। मनःस्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

# खोले के हनुमानजी मंदिर परिसर में 436 मीटर लंबा स्वचालित रोप-वे बनेगा

## 24 ट्रॉली वाला यह रोप-वे एक घंटे में 800 यात्रियों को सफर करवा सकेगा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में खोले के हनुमानजी मंदिर परिसर में प्रदेश का पहला स्वचालित और जयपुर का सबसे बड़ा पेसेंजर रोप-वे का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। अन्नपूर्णा माता मंदिर से खोले के हनुमानजी मंदिर की पहाड़ी स्थित वैष्णोमाता मंदिर तक 436 मीटर लंबा रोप-वे बनाया जा रहा है। 24 ट्रॉली वाला यह रोप-वे एक घंटे में 800 यात्रियों को सफर करवा सकेगा। कलेक्टर ने इसका निर्माण कार्य दो साल में पूरा करने को कहा है।

शुक्रवार को जयपुर कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने खोले के हनुमान मंदिर परिसर में पहुंचकर रोप-वे निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस रोप-वे का नाम अन्नपूर्णा माता रोप-वे होगा, जो कि प्रदेश का पांचवां और जयपुर जिले का सामोद हनुमानजी रोप-वे के बाद दूसरा रोप-वे होगा।

अन्नपूर्णा माता मंदिर से खोले के हनुमानजी मंदिर की पहाड़ी स्थित वैष्णोमाता मंदिर तक 436 मीटर लंबा रोप-वे बनाया जा रहा है। जो कि जयपुर का सबसे बड़ा रोप-वे होगा। इसके निर्माण के लिए फर्म और जयपुर जिला प्रशासन के बीच करार हुआ है, जिसके बाद फर्म को रोप-वे अधिनियम के तहत लाइसेंस जारी किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान रोप वे निर्माण की फर्म के पदाधिकारियों ने कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित को बताया कि पांच टावरों पर संचालित किए जाने वाले रोप वे की ऊंचाई 85 मीटर होगी। 24 ट्रॉली वाले इस रोप-वे की क्षमता 800 यात्री प्रति घंटा होगी। कलेक्टर ने निर्माता फर्म को 2 साल में रोप-वे निर्माण के निर्देश दिए है।

कलक्टर ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है, इसलिए रोप-वे निर्माण में गुणवत्ता का खास ध्यान दिया जाए। निर्माण के दौरान और संचालन के शुरू होने के बाद भी जिला प्रशासन की ओर से रोप-वे के सुरक्षा मापदंडों की नियमित रूप से जांच की जाएगी। रोप-वे के निर्माण में जयपुर की विरासत, शिल्पकला और वैभव की छटा देखने को मिलेगी।

कलक्टर ने कहा कि रोप-वे निर्माण करने वाली फर्म को 0 से 5 आयुवर्ग वाले बच्चों और 70 साल से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों के साथ-साथ दिव्यांगों को रोप-वे के जरिये निःशुल्क सफर करवाने के लिए निर्देशित किया है। रोप-वे की एक तरफ का सफर करीब साढ़े 4 मिनट में पूरा होगा। इस दौरान यात्रियों को जयपुर का विहंगम दृश्य दिखाने के लिए ट्रॉली को बीच सफर में दो बार रोका जाएगा। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर दक्षिण मोहम्मद अबूबक्र, सार्वजनिक निर्माण विभाग के चीफ रोप.वे निरीक्षक सुरेन्द्र व्यास,अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग अजय भूपेश सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

- कलक्टर ने 2 साल में इसे शुरू करने को कहा
- अन्नपूर्णा माता के नाम पर बन रहे इस रोप-वे में बच्चों, दिव्यांगों और बुजुर्गों को निःशुल्क सफर कराया जायेगा
- रोप-वे से एक तरफ का सफर करीब साढ़े 4 मिनट में पूरा होगा, यात्रियों को जयपुर का विहंगम दृश्य दिखाने के लिए ट्रॉली को बीच सफर में दो बार रोका जाएगा



जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने शुक्रवार को खोले के हनुमान मंदिर परिसर में पहुंचकर रोप-वे निर्माण का निरीक्षण किया।

# प्रदेश भाजपा में जिलाध्यक्षों का बदलाव अब उपचुनाव के बाद ही सम्भव होगा

**जयपुर**। प्रदेश भाजपा में पिछले कई महिनों से निष्क्रिय पड़े जिलाध्यक्षों और संगठन के पदाधिकारियों का बदलाव अब उपचुनाव के बाद ही सम्भव होगा। पिछले दिनों हुई भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में भाजपा के कोर ग्रुप के नेताओं ने आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों को देखते हुए जिलाध्यक्ष और संगठन के पदाधिकारियों के बदलाव पर चर्चा की थी।

वही इस पर भाजपा संगठन ने नए पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों के लिए नए नाम भी तैयार किए है लेकिन सरदार शहर उपचुनाव, गुजरात चुनाव और जन आक्रोश यात्रा के शुरुआत होने के कारण इन नियुक्तियां में देरी हो रही है। इन नामों पर भाजपा संगठन के नेताओं ने इन नए नामों पर चर्चा होने के बाद ही बदलाव किया जाएगा। ऐसे में करीब आधा दर्जन जिलाध्यक्षों का बदलाव के लिए अब और इंतजार करना पड़ेगा। इस फेरबदल का आधार इन जिलों के पार्टी जिलाध्यक्षों की लचर परफोरमेंस को माना गया। अंदरखाने में चर्चा है कि पार्टी की राज्य इकाई से लेकर केंद्रीय संगठन की ओर से दिए जाने वाले अभियानों, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले जिलाध्यक्षों पर गाज गिरने जा रही है। राजस्थान में वैसे तो 33 जिले हैं लेकिन भाजपा संगठन के लिहाज से कई जिलों में दो-दो जिलाध्यक्ष होने से इनकी संख्या 40 से भी ज्यादा है। चर्चा है कि दौसा, सवाईमाधोपुर, भरतपुर, बाड़मेर, उदयपुर, अजमेर सहित कई जिलों के जिलाध्यक्ष बदले जाने की तैयारी चल रही है। संगठनात्मक ढांचे में मजबूती को आगामी विधानसभा चुनाव में इसलिए भी जरूरी माना जा रहा है क्योंकि कांग्रेस के अलावा भाजपा को कई नए तीसरे दलों की चुनौती का भी सामना करना पड़ सकता है। गौरतलब है कि आप पार्टी और कई तीसरे दल राजस्थान में अबकी चुनाव में भाग्य आजमाने को लेकर तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में आमजन में भाजपा की पैठ बनाने और अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं को सक्रिय बनाने के लिए जिलों के संगठन की बागडोर में बदलाव किए जाने की तैयारी की जा रही है। जिलाध्यक्षों का बदलाव नवंबर माह की शुरूआत में होना था लेकिन अब उपचुनाव, गुजरात चुनाव और जन आक्रोश यात्रा के कारण इस प्रक्रिया में देरी हुई है।

जिलाध्यक्ष के बदलाव की खबरों के बीच इस पद के लिए योग्य एवं ऊर्जावान चेहरे की तलाश तेज हो गई है। हाल ही में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के अलग-अलग जिलों के दौरों के दौरान बकायदा जिलाध्यक्ष बनने की दौड़ में शामिल माने जाने वाले संबंधित जिलों के कार्यकर्ताओं ने अपनी जबरदस्त सक्रियता दिखाई। विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में पार्टी प्रदेश संगठन भी नए जिलाध्यक्षों के चयन में सभी पक्षों का ख्याल रखते हुए अच्छी परफोरमेंस देने वाले व्यक्ति के चयन को प्राथमिकता देना चाहता है।

- निष्क्रिय जिलाध्यक्षों और पदाधिकारियों में होगा बदलाव

## प्रदेश में आज 8 नए करोना संक्रमित मिले

**जयपुर**, (कासं.)। प्रदेश में शुक्रवार को 8 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच 11 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 67 रह गए हैं। राहत की बात यह है कि राज्य में पिछले आठ दिन से करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 3 जिलों में 8 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले 5 रोगी पाए गए थे। इधर आज सर्वाधिक 5 नए मरीज जोधपुर में मिले हैं। इसके अलावा जयपुर में 2 और अजमेर में 1 नया संक्रमित मिला है। जयपुर में आज मानसरोवर और मुरलीपुरा में 1-1 नया मरीज पाया गया है। राज्य में 3995 जांचे की गई है।

राज्य में शुक्रवार को भी नए संक्रमितों से अधिक मरीज ठीक हुए हैं। इस दौरान 11 संक्रमितों के रिकवर होने से एक्टिव केस घटकर 67 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में भी आज 7 मरीजों के ठीक होने से 23 एक्टिव केस रह गए हैं। उधर प्रदेश में करोना से होने वाली मौतों का सिलसिला पिछले 8 दिन से थमा हुआ है। राज्य में शुक्रवार को भी इस बीमारी से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9653 लोगों की जान जा चुकी है।


# प्रदेश की अदालतों में आज भी नहीं हुआ काम

**जयपुर**, (का.सं.)। न्यायिक अधिकारी के घर कर्मचारी सुभाष मेहरा के आत्मदाह से जुड़े मामले में शुक्रवार को प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों के कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहे। जिसकी वजह से प्रदेश की अदालतों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। न्यायिक कर्मचारी संघ और संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि उनकी मांगों के संबंध में फैसला होने और एफआईआर दर्ज होने के बाद ही कार्य बहाली को लेकर निर्णय लिया जाएगा।

न्यायिक कर्मचारी की मौत की जांच सीबीआई से कराने सहित अन्य मांगों को लेकर जयपुर जिले की सभी अदालतों के कर्मचारी बीते 15 दिन से सामूहिक अवकाश पर हैं। वहीं पिछले तीन दिनों से पूरे प्रदेश के कर्मचारियों ने अवकाश लेकर काम बंद कर रखा है। बीते गुरुवार को जोधपुर में मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्थल की राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष सुरेन्द्र नारायण जोशी और संघर्ष समिति के अध्यक्ष बद्रीलाल चौधरी सहित अन्य कर्मचारी नेताओं से वार्ता हुई थी। वार्ता के बाद कर्मचारियों ने मांगे पूरी नहीं होने तक सामूहिक अवकाश जारी रखने का निर्णय लिया है। कर्मचारी मामले की सीबीआई जांच, न्यायिक अफसर को एपीओ करने, मृतक के परिजनों को पचास लाख रुपए मुआवजा सहित एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे हैं।

गौरतलब है कि एनडीपीएस मामलों की विशेष कोर्ट में पदस्थापित कर्मचारी सुभाष मेहरा ने 10 नवंबर को न्यायिक अधिकारी के घर की छत पर आत्मदाह कर लिया था। न्यायिक कर्मचारियों का कहना है कि सुभाष की हत्या हुई है। इसलिए मामले की सीबीआई जांच करवाई जानी चाहिए।

# पुलिस अफसरों ने की रॉक क्लाइम्बिंग



**जयपुर**। राजस्थान पुलिस अकादमी में कांस्टेबल दीक्षांत परेड के बाद राजस्थान पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों व कांस्टेबलों द्वारा किए गए रॉक क्लाइम्बिंग का पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने अवलोकन किया। अतिरिक्त महानिदेशक एवं राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक राजीव शर्मा ने बताया कि राजस्थान पुलिस अकादमी देश की सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी घोषित हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अकादमी में नियमित एवं अत्याधुनिक प्रशिक्षण के साथ ही पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को एडवेंचर गतिविधियों से भी रूबरू करवाया जा रहा है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सर्वश्री डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा, सौरभ श्रीवास्तव, हेमंत प्रियदर्शी, अशोक राठौड़, स्मिता श्रीवास्तव, बिनीता ठाकुर, एस सेंगथिर एवं पुलिस आयुक्त जयपुर आनंद श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# आईएएस अरोड़ा को अवमानना नोटिस जारी

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद एसीबी की ओर से भेजे 17ए की अनुमति का पत्र तय अवधि में निस्तारण नहीं करने पर प्रमुख आईटी सचिव अखिल अरोडा का अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस वीके भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश पब्लिक अगेंस्ट करप्शन की अवमानना याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता टीएन शर्मा और अधिवक्ता पीसी भंडारी ने अदालत को बताया कि राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लि. की ओर से 240 करोड़ रुपए की वाईफाई डिवाइस खरीदने के मामले में एसीबी में शिकायत की गई थी। मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर करने पर हाईकोर्ट ने गत 23 मई को प्रमुख आईटी सचिव को आदेश दिए थे कि वह एसीबी की ओर से भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 17ए के तहत जांच की अनुमति के लिए भेजे पत्र को साठ दिन में तय करे। अवमानना याचिका में कहा गया कि प्रमुख आईटी सचिव ने छह माह की अवधि में भी एसीबी के पत्र को तय नहीं किया है। ऐसे में दोषी अधिकारी को अदालती आदेश की अवमानना के लिए दंडित किया जाए।

# जयपुर डेयरी को आरटीआई के दायरे में मानने के आदेश पर रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सूचना आयोग के गत 17 अगस्त के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसके तहत आयोग ने जयपुर डेयरी को आरटीआई के दायरे में मानते हुए सूचना मुहैया कराने को कहा था। इसके साथ ही अदालत ने मामले में सूचना आयोग, पशुपालन सचिव और आरसीडीएफ सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश जयपुर जिला दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ लि. की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने अदालत को बताया कि राज्य सूचना आयोग ने गत 17 अगस्त को याचिकाकर्ता को सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मानते हुए मांगी गई सूचना मुहैया कराने को कहा था। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता सहकारी संस्था है और वह किसी भी रूप में लोक सेवक की श्रेणी में नहीं आती है। जयपुर डेयरी निजी संस्था है और राज्य सरकार से किसी तरह का अनुदान प्राप्त नहीं करती है। ऐसे में उस पर आरटीआई के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। इसलिए सूचना आयोग के आदेश को रद्द किया जाए।

- याचिका में कहा गया कि जयपुर डेयरी निजी संस्था है और राज्य सरकार से किसी तरह का अनुदान प्राप्त नहीं करती है। ऐसे में उस पर आरटीआई के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। इसलिए सूचना आयोग के आदेश को रद्द किया जाए।

## 20 हजार श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण

**जयपुर**, (का.सं.)। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम व जलदाय डॉ.सुबोध अग्रवाल ने कहा है कि राज्य सरकार खनन श्रमिकों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर है। राज्यभर में खनि क्षेत्रों में प्राथमिकता से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर श्रमिकों में अवेयरनेस, खनन सुरक्षा ससाधनों के उपयोग के प्रति प्रेरित करने, मास्क आदि आवश्यक किट का वितरण और सिलिकोसिस जैसी बीमारी के लक्षण दिखने पर वित्तीय सहायता व ईलाज की व्यवस्था करवाई जा रही है।

एसीएस माइंस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने गत 18 नवंबर को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में फील्ड अधिकारियों को प्रदेश में खान सुरक्षा व स्वास्थ्य मानकों की पालना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए थे।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# महिला-बच्चों व कमजोर वर्ग को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता : डीजीपी

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान पुलिस अकादमी में आज कांस्टेबल रिक्रूट्स बैच संख्या-92 का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित हुआ। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने परेड की सलामी ली। दीक्षांत परेड में 64 महिला कांस्टेबल समेत 174 कांस्टेबल शामिल हुए। मिश्रा ने परेड कमांडर और सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर कॉन्स्टेबल अनिता मीणा को ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने आउटडोर बेस्ट रणवीर सिंह, बेस्ट शूटिंग के लिए कांस्टेबल राजपाल सिंह और बेस्ट इंडोर के लिए अनिता को ट्रॉफी दी।

इससे पूर्व डीजीपी उमेश मिश्रा ने परेड का निरीक्षण किया और अभिवादन स्वीकार किया। राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक राजीव शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को शपथ ग्रहण कराई एवं कॉन्स्टेबलों ने शस्त्र शपथ भी ली। परेड द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन किया गया। मिश्रा ने प्रशिक्षणार्थी कॉन्स्टेबल्स की आकर्षक दीक्षांत परेड की सराहना की एवं प्रशिक्षणार्थियों के साथ ही आरपीए के अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी।

डीजीपी ने कहा कि महिलाओं, बच्चों व कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता व उन्हें न्याय उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने नए कॉन्स्टेबल्स से इस प्राथमिकता के अनुरूप आचरण कर राजस्थान पुलिस की गौरवशाली परम्पराओं को आगे बढाने का आव्हान किया। उन्होंने कांस्टेबलों से कानून की परिधि में रहकर संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप कार्य करने को कहा। शर्मा ने बताया कि राजस्थान पुलिस अकादमी राजपत्रित वर्ग में वर्ष 2019- 20 में देश की सर्वश्रेष्ठ अकादमी के रूप में चुनी गई और अराजपत्रित वर्ग में भी यह अकादमी देशभर में श्रेष्ठ घोषित हुई है। प्रशिक्षणार्थियों में बीटेक, बीएड, बीपीएड, बीसीए सहित विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर एवं स्नातक योग्यताधारी शामिल हैं।




राजस्थान पुलिस अकादमी में गुरूवार को कांस्टेबल रिक्रूट्स बैच संख्या-92 के दीक्षांत परेड समारोह में पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने परेड की सलामी ली।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम पुष्पा मेंघरानी के स्थान पर पुष्पा देवी कर लिया है अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। पता-55/126, रजत पथ, मानसरोवर, जयपुर

**आवश्यकता**

आयुर्वेदिक कंपनी शिक्षित बेरोजगार महिलाएं, पुरूष, लडकियां, गृहणियां घर बैठे दवा पैकिंग करके 25000 से 60000/- कमाएं (एनओसी चार्ज-2150/- संपर्क करें-8420229677

**आम सूचना**

मैं अरूण कुमार पुत्र श्री रघुनाथ सिंह निवासी ग्राम- जौड़िया, तहसील- कोटकासिम, जिला अलवर (राज.) सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र बिजेन्द्र उर्फ धीरज मेरे कहने सुनने से बाहर व मनमर्जी करता है। बिजेन्द्र उर्फ धीरज के व्यवहार से परेशान हो कर मैं उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। कोई भी व्यक्ति बिजेन्द्र उर्फ धीरज से किसी प्रकार का लेन देन करेगा अथवा अपने किसी भी असामाजिक एवं गैर कानूनी कार्य के लिए बिजेन्द्र उर्फ धीरज स्वयं जिम्मेवार होगा, मैं जिम्मेवार नहीं रहूंगा। - अरूण कुमार

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, मेरे अभिभाष्य मोहन लाल पुत्र स्व. श्री गंगाराम, निवासी चन्दलाई रैगरो का मौहल्ला, वाया शिवदासपुरा, तहसील चाकसू जयपुर का है। मेरे अभिभाष्य का पुत्र एवं उसकी पत्नी मनफूली देवी जो कि मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है मेरे अभिभाष्य का आदर सम्मान भी नहीं करते, लिहाजा मेरा अभिभाष्य इनको अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से पुत्र छगनलाल व पुत्रवधू मनफूली देवी एवं इनकी संतानों को भी बेदखल करता है। इनसे मेरे अभिभाष्य का भविष्य में कोई सरोकार नहीं रहेगा व कोई भी व्यक्ति इनसे संव्यवहार करेगा जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। सूचित रहे।
जयपुर भवदीय: (हेमन्त कुमार खोलिया) एडवोकेट मोबाइल- 9928145337

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल अशफाक पुत्र गुलाम हुसैन निवासी-27, दरगाह कॉलोनी, चारदरवाजा बाहर, जयपुर का पुत्र मोहम्मद हाशिम आयु 31 वर्ष, उनके कहे में नहीं है और वह पिछले कुछ वर्षो से अपनी मर्जी मुताबिक जिन्दगी जी रहा है और वह अत्यधिक मात्रा में नशा करता है मेरे मुवक्किल का पुत्र व उसकी पत्नी नाजमीन आए दिन मेरे मुवक्किल व उसके परिवार के अन्य सदस्यों के साथ झगडा व मारपीट करते है जिस कारण मेरे मुवक्किल ने अपने पुत्र मोहम्मद हाशिम व उसकी पत्नी नाजमीन को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से एवं अपने परिवार से बेदखल कर दिया है जो कोई व्यक्ति इनसे किसी भी तरह का संव्यहार करेगा उसकी वह स्वयं जिम्मेदार होगा। कृपया सूचित रहे। (फारूक अहमद)
दिनांक- 02.12.2022 एडवोकेट, मो.9829277089

**सूचना** "समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की आम सभा का आयोजन दिनांक 18.12.2022 को प्रातः 11.00 बजे पापड वाले हनुमान मंदिर, विद्याधर नगर, जयपुर पर किया जाना निर्धारित किया गया है जिसमें समिति के गत वर्ष के लेखों-जोखों वार्षिक प्रगति, आय-व्यय, समिति की दैनिक कार्य संचालन हेतु विचार विमर्श किया जावेगा एवं समिति के पंजीकृत कार्यालय 197, ग्राउण्ड फ्लोर, सुभाष कॉलोनी, शास्त्री नगर जयपुर के स्थान पर समिति का पत्र व्यवहार एवं अन्य कार्यकलापों के लिए पता एसएफ-43, सैकण्ड फ्लोर, जयपुर टैक्सटाईल मार्केट, मॉडल टाउन, मालवीया नगर, जयपुर परिवर्तित करने बाबत विचार करने हेतु। अतः समय पर पधारने का कष्ट करें।"
"अध्यक्ष बाबा रामदेव गृह निर्माण स.स. लि.जयपुर"
मुकेश, बाबा रामदेव गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम**
**राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक:12453 जाहिर आम-सूचना दिनांक:02.12.2022
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/ फ्लैट संख्या 164/09 (LIG) का आवंटन श्री मोहन सिंह गुर्जर एवं श्री पल्टू सिंह गुर्जर को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4052 दिनांक 31-12-2003 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 611/10 दिनांक 03-04-2007 के द्वारा श्रीमती उषा सिंघल पत्नी श्री डॉ. सुशील कुमार सिंघल के पक्ष में किया गया। उनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 26.12.2007 को कर दिया गया। श्रीमती उषा सिंघल की मृत्यु दिनांक 26.01.2021 को हो जाने के कारण उनके पति श्री सुशील कुमार सिंघल पुत्र श्री रिखब चन्द सिंघल द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्री सुशील कुमार सिंघल पुत्र श्री रिखब चन्द सिंघल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय,
सम्पदा प्रबंधक, रा.आ. मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर**
क्रमांक:- DHC-II/2286 जाहिर आम सूचना दिनांक: 02/12/22
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 56/03, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 214.20 वर्ग मीटर / वर्ग गज का आवंटन डॉ. रविन्द्र प्रकाश पुत्र श्री मोतीलाल को किया गया था जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1205 दिनांक 29.06.1991 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 12.09.1991 को प्राप्त कर लिया गया था राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1545 दिनांक 14.06.2000 के द्वारा श्री विद्याधर, श्रीमती गिनोड़ी देवी, श्री कैलाश चन्द गोयल एवं श्री नारायण गोयल के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 29.06.2000 को करवाया गया। श्री विद्याधर एवं श्री नारायण गोयल के द्वारा उक्त आवास का उपहार पत्र श्री कैलाश चन्द गोयल पुत्र श्री विद्याधर गोयल को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के उपहार प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 13.08.2021 को करवाया गया। इसके पश्चात श्रीमती गिनोड़ी देवी की मृत्यु दिनांक 26.07.2009 को हो जाने के कारण इनका पुत्र श्री कैलाश चन्द गोयल पुत्र श्री विद्याधर गोयल ने 3/4 अविभाजित हिस्से का मृत्यु पश्चात् नाम एवं लीजडीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत वसीयतनामा प्रस्तुत कर पूर्ण आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति / आवेदक श्री कैलाश चन्द गोयल पुत्र श्री विद्याधर गोयल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबन्धक, वृत द्वितीय, जयपुर

**आम सूचना** सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य इन्द्र कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री गौरी लाल निवासी बांगड़ों का बड़, वार्ड नम्बर 31, सांगानेर बाजार, सांगानेर, जयपुर (राज.) के पुत्र रवि कुमावत का आचरण मेरे अभिभाष्य के प्रति अनुचित है व कहना नहीं मानने से मेरा अभिभाष्य इस रवि कुमावत को अपनी अचल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करने की घोषणा करता है। रवि कुमार मेरे अभिभाष्य के साथ नहीं रहते है, इसलिए कोई भी व्यक्ति और संस्था इनसे मेरे अभिभाष्य की अचल-अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में इकरार, संव्यवहार नहीं करें अन्यथा होने वाली क्षति के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।
(धीरेन्द्र सिंह राजावत) एडवोकेट, मो.91-9214529094

**खोया पाया**

मेरा आवास संख्या एफ-920 (ई) जेडीए कॉलोनी गोविन्दपुरा सांगानेर के मूल कागजात कहीं खो गए है। मिलने पर सूचित करें। सफीक- मोबाइल 9950100528

जयपुर विकास प्राधिकरण की आवासीय योजना चित्रकुट नगर के भूखण्ड संख्या सी-3/215 का मूल पट्टा विलेख मय साईट प्लान व स्टाम्प तथा मेरे पक्ष में निष्पादित रजिस्टर्ड वसीयत मूल ही कहीं मिसिंग हो गये। मिलने पर सूचित करें। कनुप्रिया जैन, मो. 8949596405

न्यू पिंक सिटी गृ.नि. सह. समिति जयपुर की योजना महावीर नगर के भूखण्ड संख्या 79 की सोसायटी की रसीद खो गई है संपर्क करें-अशोक दास-9829097574

मेरे आवास संख्या-42/6/11, स्वर्णपथ मानसरोवर, जयपुर का मुख्तारनामा कहीं गिर गया है मिलने पर सूचित करें-श्रीमती किरण कंवर मो.9314074116

करतारपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति की अनुमोदित योजना सूर्य गर के भूखण्ड संख्या 65 का सोसायटी द्वारा जारी मूल साईट प्लान कहीं गुम हो गया। मिलने पर सूचित करें। छित्तर मल सैनी, मो.9001241152

**सम्पत्ति-क्रय-विक्रय**

इंद्रागांधीनगर/मालवीयनगर/सिद्धार्थ नगर/प्रतापनगर, (JLN-रोड/ रिंगरोड़), जगतपुरा/मॉडलटाउन आसपास सभी हाउसिंगबोर्ड कॉलोनी, सेक्टर- रेजिडेंशियल/कमर्शियल/एग्रीकल्चर/ इण्डस्ट्रियल/ हॉस्पिटल/इन्स्टीट्यूशन्स/ फार्महाउसेस/रिसोर्ट, लेण्डस -(बेचने- खरीदने) हेतुः-भावना एंटरप्राइजेज, रियलिटी चेम्बरः-7599912345

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
दूरभाष संख्या-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास/फ्लैट संख्या-2/310(एफएफ) जवाहर नगर, जयपुर क्षेत्रफल 87.37 वर्गमीटर का आवंटन श्रीमती लाजवन्ती देवी पत्नी श्री फतन दास को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 8369 दिनांक 29.08.1980 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास/फ्लैट के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर पंचम में दिनांक 21.03.2013 को करवाया गया। श्रीमती लाजवन्ती देवी की मृत्यु दिनांक 28.06.2022 को हो जाने के पश्चात उनके पुत्र श्री सुरेश कुमार खटवानी पुत्र स्व. श्री फतन दास के द्वारा क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, वसीयतनामा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास/ फ्लैट का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास/फ्लैट के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री सुरेश कुमार खटवानी पुत्र स्व. श्री फतन दास के पक्ष में उक्त आवास/फ्लैट के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी**
क्रमांक-2124 दिनांक-30.11.2022
**आवश्यक सूचना** मूलतः मकान संख्या 1/292 पुरानी कॉलोनी, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी श्री लाल सिंह को आवंटन पत्रांक 169 दिनांक 11.05.1994 के द्वारा आवंटित किया गया था। इनके द्वारा उक्त आवास को बेचान उपरान्त मण्डल द्वारा पश्चातवर्ती अन्तिम क्रेता श्रीमती सोदरा देवी के पक्ष में पंजीयन हेतु अदेय प्रमाण पत्र संख्या 4076 दिनांक 30.03.2009 को जारी किया जा चुका है। इनके द्वारा उक्त मकान की रजिस्ट्री स्वयं के पक्ष में दिनांक 31.03.2009 को उप पंजीयक भिवाडी में पंजीकृत करवाई जा चुकी है। श्रीमती सोदरा देवी की मृत्यु दिनांक 19.12.2015 को हो चुकी है। श्री विक्रम सिंह रावत ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र एवं श्रीमती सोदा देवी की मृत्यु का प्रमाण पत्र एवं पंजीकृत वसीयतनामा प्रस्तुत कर निवेदन किया है, उनकी माताजी का स्वर्गवास दिनांक 19.12.2015 को हो जाने के कारण उपरोक्त मकान संख्या 1/292 पुरानी कॉलोनी, भिवाडी जिला अलवर का पंजीकृत वसीयत के आधार पर मृत्यु उपरांत प्रतिस्थापन हस्तान्तरण उनके नाम किया जाये। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त मकान संख्या 1/292 पुरानी कॉलोनी, भिवाडी के संबंध में पिता, पुत्र, पुत्रियाँ, भाई व अन्य किसी रिश्तेदार को किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्री विक्रम सिंह रावत पुत्र श्री मदन सिंह रावत के पक्ष में उपरोक्त मकान संख्या 1/292 पुरानी कॉलोनी, भिवाडी जिला अलवर का पंजीकृत वसीयत के आधार पर मृत्यु उपरान्त प्रतिस्थापन हस्तान्तरण किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।
आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी

# बजरी माफिया के टैक्टर ने नाका धारकों के वाहनों को मारी टक्कर

## लीज धारक के 20-25 श्रमिकों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ने का प्रयास किया था

**देवली, (निसं)।** शहर के गौरव पथ रोड पर अवैध बजरी माफिया और नाका धारकों के बीच हुई बड़ी वारदात ने आमजन के बीच दहशत फैला कर रख दी। शहर के निकटवर्ती हनुमान नगर पुलिस थाना क्षेत्र में अवैध बजरी खनन और लीज धारकों के बीच बढ़ती घटनाओं से दहशतगर्दी बढ़ गई है।

शुक्रवार को देवली शहर सहित हनुमान नगर थाना क्षेत्र में चर्चा का विषय यह रहा कि गुरुवार को प्रात: शहर के गौरव पथ रोड पर एक साथ पांच बोलेरो वाहन एक ट्रैक्टर का पीछा कर रहे थे। अवैध बजरी कार्य में लिप्त ट्रैक्टर के पीछे बोलेरो तेज गति से दौड़ती हुई ट्रैक्टर के सामने रुक गई तभी ट्रैक्टर चालक ने बोलेरो को भयंकर टक्कर मारकर नाले में फेंक दिया और ट्रैक्टर के आगे के पहिया टूटकर रोड पर बिखर गये। इस दौरान पांचों लीज धारक के 20 से 25 श्रमिक ने हाथ में लठ लेकर ट्रैक्टर चालक को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।



नाका धारक के वाहनों को टक्कर मारने के बाद क्षतिग्रस्त हुआ ट्रैक्टर व मौके पर जमा भीड़।

मौके पर क्षतिग्रस्त वाहनों को देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना के कुछ घंटों बाद पुलिस मौके पर पहुंची और वारदात में क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई जहां पुलिस ने टेक्टर चालक और टेक्टर के विरुद्ध एक्सीडेंट का मामला दर्ज किया। हनुमान नगर पुलिस थाने के सब इंस्पेक्टर कैलाश चंद्र बताया कि गुरुवार को सुबह 7:00 बजे मनोज मीणा नामक व्यक्ति का ट्रैक्टर अवैध बजरी परिवहन कर आ रहा था।

तभी बजरी नाका टीम ने अवैध बजरी खनन परिवहन करते ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया लेकिन ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को दौड़ता हुआ देवली शहर की तरफ घुस गया और तेज गति से ज्योति कॉलोनी की तरफ दौड़ गया तभी इसे रोकने के लिए लीज धारक की जीप को तेज गति से दौड़ आते हुए इसके सामने लाकर खड़ी कर दी लेकिन ट्रेक्टर चालक इसके बावजूद भी नहीं रुका भी ओर टेक्टर चालक ने बेखौफ रहते हुए बोलरो को जोरदार टक्कर मार दी और नाले की तरफ धकेल दिया वहीं चालक टैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया।

# कोठारी नदी पर बनी पुलिया उद्‌घाटन से पहले ही हुई क्षतिग्रस्त

## कलेक्टर ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा जांच के निर्देश दिए

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीलवाड़ा शहर में विकास के नाम पर भ्रष्टाचार का एक गंभीर मामला सामने आया है। नगर विकास न्यास द्वारा 13 करोड़ 9 लाख रुपए की लागत से कोठारी नदी पर बनाई गई पुलिया उद्घाटन से पहले ही क्षतिग्रस्त हो गई। जिला कलेक्टर ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा जांच के निर्देश दिए है। जानकारी के अनुसार कोठारी नदी पर केशव हॉस्पिटल के निकट बनाई गई पुलिया के बीच दो बड़े गड्ढे हो जाने की खबर जब सामने आई तो नगर विकास न्यास में हड़कम्प मच गया। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने इस पर त्वरित एक्शन लेते हुए स्वयं जायजा लिया और पुलिया के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिये।

■ शुक्रवार सुबह पुलिया के बीच एक डम्पर धंस गया



कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने पुलिया का निरीक्षण किया।

इसी के साथ उन्होंने क्षतिग्रस्त पुलिया का जायजा लेते हुए न्यास अधिकारियों से इस बारे में जानकारी ली तो निर्माण से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि इसे ड्रील कर या जेसीबी मशीन से तोड़ा गया है। इस पर जिला कलेक्टर ने आस -पास सीसीटीवी कैमरे होने की जानकारी चाही लेकिन आस पास कैमरा नहीं लगा होने की बात सामने आई। जब इस संबंध में आस -पास के लोगों से बात की तो जेसीबी मशीन या ड्रील कर पुलिया को तोड़ने की जानकारी कहीं से नहीं मिल पाई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार सुबह अचानक पुलिया के बीच एक डम्पर धंस गया था। मौके पर लोगों ने यह भी कहा कि पुलिया के निर्माण में घटिया सामग्री काम में ली गई है। जिला कलेक्टर ने घटिया निर्माण के सवाल पर न्यास के अधिकारियों से पूछताछ भी की। इस पर न्यास के निर्माण से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि इसकी दो बार जांच पड़ताल करवाई जा चुकी है, गुणवत्ता में कोई कमी नहीं है।

जिला कलक्टर ने एक बार फिर जांच कराने के निर्देश दिये। 13 करोड़ 9 लाख की लागत से बनी इस पुलिया का निर्माण अजमेर के ठेकेदार एच एस मेहता ने किया है लेकिन निर्माण कम्पनी का कोई भी कर्मचारी यहां मौजूद नहीं मिला। पुलिया के क्षतिग्रस्त होने के बाद नगर विकास न्यास के अधिकारियों ने वाहनों की आवाजाही रोक दी है।

# हॉस्टल छात्र ने लगाई फांसी, हाथ पर लिखा सुसाइड नोट

**चिडावा, (निसं)।** शहर की चौधरी कॉलोनी में सामुदायिक भवन के पास एक निजी छात्रावास में एक छात्र कृष्ण कुमार पुत्र सुरेंद्र जाट चिडासन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार छात्र चिड़ावा की पीसीपी स्कूल में कक्षा 12वीं साइंस का स्टूडेंट था। वो यहां निजी छात्रावास में रहता था। इस छात्रावास में उसके अलावा छह सात स्टूडेंट और भी रहते है। शुक्रवार सुबह करीब छह बजे एक स्टूडेंट मोहित नहाने के लिए पानी गर्म करने गया तो देखा की पेड पर छात्र कृष्ण लटका हुआ है। उसने अपने हॉस्टल में ही रह रहे एक अध्यापक पंकज और अन्य स्टूडेंट को बुलाया। जिसके बाद सभी ने मिलकर रस्सी काटकर छात्र को नीचे उतारा। इस दौरान छात्र की मौत हो चुकी। विक्रम ने पुलिस और छात्र के घर वालों को सूचना दी। सूचना पर पुलिस और छात्र के पिता सुरेंद्र व अन्य परिजन हॉस्टल पहुंचे। पुलिस ने मौका मुआयना किया और मौके से जानकारी जुटाई।



मिली जानकारी हॉस्टल में इस घटना जानकारी के समय सुबह घटना स्थल पर छात्र विपिन, मोहित, प्रिंस और अध्यापक पंकज आदि मौजूद थे। पुलिस ने इन सभी से पूछताछ की है। जिसमें सामने आया है की रात को करीब 11 बजे तक सभी एक साथ बैठ कर पढ़ रहे थे। बाद में सभी सोने चले गए। इसके बाद कब कृष्ण उठा और कब उसने फांसी खाई इसकी किसी को जानकारी नहीं है। लेकिन पुलिस सभी पहलुओं पर बारीकी से नजर बनाए हुए हैं।

■ 'सॉरी पापा, मेरी लाइफ मॉम, दुनिया बहुत कुत्ती है'

छात्र कृष्ण ने हाथ पर सुसाइड मैसेज लिखा है। जिसमें उसने लिखा सॉरी पापा, मेरी लाइफ मॉम, दुनिया शाली बहुत कुती है। मैं पागल हो जाता। वहीं इस मैसेज से पहले नीचे भी उसने काले पैन से लड़की की बात गलत है। आगे एक तरफ आपके लिए लिखा हुआ है। हालांकि ये स्पष्ट नहीं नजर आ रहा। फिलहाल परिवार ने छात्र की मौत के मामले की जांच की मांग की है।

## जीप पलटी, स्कूली बालिकाएं घायल

**उदयपुर, (कासं)।** जिले के कोटडा इलाके में स्थित मालवा चौराहे से करीब दस किमी दूर डांग गांव में एक स्कूली बालिकाओं से भरी जीप पलटने से जीप में सवार 6 बालिकाएं घायल हो गई। इनमे से तीन बालिकाओं की हालत गंभीर होने से उन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से उदयपुर के एमबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार हादसे की सूचना मिलने पर

■ तीन बालिकाओं को एमबी अस्पताल में भर्ती कराया

घायल बालिकाओं को समीप स्थित मालवा का चोरा पीएचसी में ले जाया गया। जहां 6 में से तीन को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, वहीं तीन अन्य गंभीर घायल मंजू, संगीता और अंगूरी नामक बालिकाओ को उदयपुर के एमबी अस्पताल रैफर किया गया। जिन्हें 108 एंबुलेंस के पायलट भंवर सिंह झाला और नर्सिंग स्टाफ रामसागर तीनों घायल बालिकाओं को लेकर एमबी अस्पताल पहुंचे।

# बाड़ी घाटी में टेंकर व तीन ट्रेलर में लगी आग

**ब्यावर, (निसं)।** मसूदा रोड स्थित बाडी घाटी में प्रात: लगभग 9 बजे से ही अज्ञात कारणों से आग लगना प्रारम्भ हो गई थी। एक ढाबे के समीप एक टेंकर और तीन ट्रेलर खड़े थे। ढाबे के ठीक सामने लगभग दस बाइक भी खडी थी। गौरतलब है की लगभग ग्यारह बजे जब आग की लपटे और काला धुँआ आसपास के लोगों को दिखाई दिया तो भगदड़ मचनी शुरू हो गई।

आग की लपटे और धुँआ मानो आसमान छूने की कोशिस करने लगे जो शहर से भी दिखाई दे रहा था। श्री सीमेंट और अग्निशमन को सूचित किये जाने के बाद आग बुझाने के भरसक प्रयास किये जा रहे थे लेकिन वो काबू में ही नहीं आ रही थी। चारों वाहन और आसपास खडे अन्य ट्रेलर भी बंद खिड़की दरवाजे के खड़े थे। घटनास्थल के आसपास खडे ट्रेलरों को भी जैसे तैसे जानकार लोगों द्वारा चालू करने के बाद दूर खड़ा करवाया गया। जैसे जैसे लोगों को खबर लगी हज़ारों की भीड लग गई जिसे पुलिस द्वारा बलपूर्वक हटाया गया। वहां खड़ी मोटर साईकिलों के मालिक भी वहां नहीं मिले जबकि सभी के हेंडिल लोक लगे थे। बताया जा रहा है की एक टेंकर में तेल भरा था और उसके लीकेज के बाद आग लगी जो समीप खड़े बिजली के तारों से भरे ट्रेलर और एक अन्य जिसमे खाली सिलेंडर भरे हुए थे। खबर लिखे जाने तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली जबकि पास खड़ी दस मोटर साईकिल भी आग की चपेट में आकर भष्म हो गई। आग के चलते बार बार धमाकों की आवाज़ से आसपास भय का माहौल बनता जा रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंचा और स्थिति की गंभीरता समझते हुए लोगो को दूर हटाया जा रहा था। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार वहां कुछ लोग बायो डीज़ल की रिफलिन कर रहे थे तो अचानक स्पार्क हुआ और आग पकड ली जिससे घबराकर सभी भाग गए।



बॉयोडीजल रिफिल करने के दौरान हुई स्पार्किंग के बाद लगी आग से वाहन जलने लगे।

# बकाया टैक्स नहीं देने पर इंडियन ऑयल डिपो पर की जाएगी कुर्की?

**भरतपुर, (निसं)।** नगर निगम कार्यालय की ओर से बकाया प्रॉपर्टी टैक्स 7 दिन में जमा कराने के लिए नोटिस भेजा है। यदि निर्धारित समय में नोटिस का जबाव संतोषजनक नहीं देने की स्थिति में मथुरा रोड स्थित धौरमुई इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन का तेल डिपो कार्यालय कुर्क हो सकता है। नोटिस के जरिये बताया है कि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने इससे पहले नगर निगम की अधिकृत फर्म से डिमांड नोटिस लेने से इनकार कर दिया था।

आईओसीएल पर 5 करोड़ रुपए से ज्यादा का टैक्स बकाया है। नगर निगम महापौर अभिजीत कुमार ने बताया कि नगर निगम स्वायत्तशाषी निकाय है। उसे राज्य सरकार के परिपत्रों और कानून के अनुसार राज्य एवं केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों, संस्थानों और उपक्रमों से टैक्स वसूलने का अधिकार है। इसके नोटिस को लेने से इनकार करने का मतलब है राज्य सरकार के निर्देशों की अवहेलना करना। नगर निगम ने कंसल्टिंग फर्म को शहर में जीआईएस आधारित ड्रोन सर्वे के आधार पर इस कंपनी को टैक्स नोटिस वितरित करने के लिए अधिकृत किया हुआ है। सर्वे के बाद भरतपुर में ड्रोन सर्वे आधारित प्रॉपर्टी टैक्स मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया गया है। इसमें 85 प्रतिशत आवासीय और 100 वर्ग गज तक की व्यावसायिक संपत्ति टैक्स के दायरे से बाहर है। लेकिन, इस सिस्टम का शहर के लोगों को बहुत बड़ा फायदा है। नगर निगम की राजस्व आय बढ़ने से शहर में अधिक विकास कार्य करवाए जा सकेंगे।

■ नगर निगम कार्यालय ने बकाया टैक्स सात दिन में जमा कराने का नोटिस भेजा

# बिस्किट से लदा ट्रक केवड़े की नाल में पलटा

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर-बांसवाड़ा मार्ग पर स्थित केवडे की नाल में वन पाल नाके के पास ट्रक पलटने से ट्रक के नीचे दबे ड्राइवर को करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका। ट्रक में बिस्किट के कार्टन भरे हुए थे। जो बांसवाड़ा ले जाया जा रहा था। माना जा रहा है कि झपकी आने से ट्रक ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया। इसके बाद ट्रक पलटते हुए नाले में जा गिरा।

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार सुबह करीब 4 बजे हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे 108 एम्बुलेंस स्टाफ ने क्रेन की मदद से

■ झपकी आने से ट्रक ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया

ड्राइवर को जिंदा बाहर निकाला। इसके लिए करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत चलती रही। इसके बाद उसे उदयपुर के एमबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल ड्राइवर लालसिंह, वल्लभनगर के बरोडिया का रहने वाला है। हादसे में उसके सिर में चोट लगी। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे पायलट चंदन सिंह और नर्सिंग स्टाफ मोहनलाल लगातार देर तक मशक्कत करते रहे।ड्राइवर ट्रक के नीचे वाले हिस्से में दबा हुआ था।

# गुमशुदा कॉलेज छात्रा को पुलिस ने बैंगलोर से दस्तयाब किया

**मालपुरा, (निसं)** टोडारायसिंह कस्बे के वार्ड नम्बर 2 से 23 नवम्बर को लापता हुई कॉलेज छात्रा निधि जैन को दस दिन बाद एएसपी राकेश कुमार बैरवा के सुपरविजन में डीवाईएसपी सुशील मान की कड़ी मेहनत से पुलिस ने बैंगलोर से दस्तयाब करने में सफलता हासिल की।

डीवाईएसपी मान ने बताया कि कॉलेज छात्रा की गुमशुदगी का मामला दर्ज करने के साथ ही जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशन मे पुलिस की विशेष सात टीमे गठित कर अलग-अलग क्षेत्रों में भेजी गई। गुरूवार की देर रात्री को पुलिस के मुखबिर व साईबर सैल के जरिए मिले सुराग के आधार पर पड़ताल की गई तो गुमशुदा निधि जैन के बैंगलोर मे होने की पुष्टि होने के बाद शुक्रवार की सवेरे टोडारायसिंह थानाधिकारी दातार सिंह के नेतृत्व मे टीम गठित कर मामले की गंभीरता को देखते हुए हवाई जहाज से बैंगलोर पहुंची पुलिस टीम ने बैंगलौर ग्रामीण पुलिस के सहयोग से छात्रा को हॉशकोर्ट नामक स्थान से दस्तेयाब कर टोंक के लिए रवाना हुये।

एएसपी बैरवा ने बताया कि सम्पूर्ण कार्यवाही में डीवाईएसपी सुशील मान की कडी मेहनत व मॉनिटरिंग से यह सफलता पुलिस महकमे को मिली। जिसमे थानाधिकारी टोडारायसिंह सहित साईबर सैल व पुलिस टीम मे शामिल जवानों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। छात्रा की बरामदगी पर दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान के कार्यध्यक्ष एडवोकेट सुरेन्द्र मोहन जैन,सहित मालपुरा हिन्दु समरसत्ता मंच,वैश्य महासभा सहित सर्वसमाज ने डीवाईएसपी सहित पुलिस टीम का आभार जत्ता छात्रा की सकुशल बरामदगी पर आभार जताया।

## सूरतगढ़ में नहीं हुई मूंगफली की खरीद

**सूरतगढ़, (निसं)** नई अनाज मंडी स्थित सरकारी खरीद केंद्र पर शुक्रवार को एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी मूंगफली की आवक 'शून्य' है। ऐसे में इसकी समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू नहीं हो पाई। वहीं अगर मूंग की बात की जाए, तो शुरुआती 3 दिन के बाद से अब तक मूंग की आवक भी 'निल' ही चल रही है।

क्रय-विक्रय सहकारी समिति के कंप्यूटर ऑपरेटर विवेक देरासरी और अकाउंटेंट संतोष बेनीवाल ने बताया कि 16 नवंबर से शुरू हुई मूंग की सरकारी खरीद के बाद से शुरुआत के बाद 570 बैग मूंग की ही आवक हो पाई है। इसके बाद मूंग की आवक हो ही नहीं रही, जबकि इसके लिए अब तक 33 ऑनलाइन पंजीयन कर इन्हें टोकन जारी किए थे। इनमें से 29 किसानों ने मूंग बेचान की है। इस बार मूंग का समर्थन मूल्य 7,755 रुपए निर्धारित है। वहीं ऑनलाइन पंजीयन का कार्य भी जारी है।

समिति महाप्रबंधक अखिलेश जोशी ने बताया कि मूंगफली के लिए 17 लोगों का ऑनलाइन पंजीयन कर इन्हें भी टोकन जारी करते हुए तिथि दी जा चुकी है। इसके बावजूद शुक्रवार तक मूंगफली की खरीद शून्य है। यानी ये किसान मूंगफली बेचान के लिए पहुंचे ही नहीं। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर मूंगफली का रेट 5850 रुपए प्रति क्विंटल है।

# मावजी महाराज ने कुरीतियों पर प्रहार कर समाज को नई दिशा दी: बिरला

## श्री हरि मंदिर बेणेश्वरधाम के स्वर्ण शिखर प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए लोकसभा अध्यक्ष बिरला

**नई दिल्ली/ बांसवाड़ा, (कासं)।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला शुक्रवार को बेणेश्वर धाम स्थित श्री हरि मंदिर के स्वर्ण शिखर प्रतिष्ठा तथा अति विष्णु महायज्ञ महोत्सव में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर आयोजित महायज्ञ पूर्णाहुति कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिरला ने बेणेश्वरधाम को आध्यात्मिकता, भक्ति से समृद्ध भूमि बताते हुए महान संत माव जी महाराज, गोविंद गुरु जी और वीरबाला कालीबाई को नमन किया। प्रणाम किया।

उन्होंने बेणेश्वर धाम को तीन पवित्र नदियों का संगम स्थल बताते हुए कहा कि इस तीर्थ के दर्शन से जीवन में शांति और समृद्धि का संचार होता है। इस अवसर पर बांसवाडा डूंगरपुर लोकसभा सांसद कनकमल कटारा ने भगवान हामर जो मारी वात प्रार्थना करते हुए बेणेश्वर धाम के विकास तथा मावजी महाराज पैनारोमा निर्माण सहित अन्य विकास कार्यो के लिए प्रयास करने की बात कही। विधानसभा प्रतिपक्ष नेता गुलाबचंद कटारिया ने इस समारोह को सामाजिक समरसता का सबसे बडा उदाहरण बताया व बेणेश्वर धाम को सबको मिलकर विकसित करने का आव्हान किया।

राजस्थान को लोकसंस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम बताते हुए बिरला ने कहा कि राजस्थान में भक्ति, शौर्य, समर्पण और आस्था का विशेष स्थान रहा है। उन्होंने आगे कहा कि देश की तरक्की में राजस्थान और राजस्थानियों का अनुपम योगदान है।

बेणेश्वर धाम को राजस्थान का धार्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बताते हुए बिरला ने कहा कि बेणेश्वर धाम में पर्यटन के विस्तार से क्षेत्र का तीव्र विकास होगा और समृद्धि बढ़ेगी। स्पीकर बिरला ने युवाओं का आव्हान किया कि बेणेश्वर धाम, वागड़ की संस्कृति, यहां के इतिहास, महापुरुषों, संतों और स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में लिखें।

इस अवसर पर उदयपुर लोकसभा सांसद अर्जुन लाल मीणा, विधायक सलूंबर अमृत लाल मीणा, गढ़ी विधायक कैलाश मीणा, बांसवाडा जिला प्रमुख रेशम मालवीया,पूर्व कैबिनेट मंत्री धनसिंह रावत, पूर्व राज्यमंत्री भवानी जोशी, समाजसेवी प्रभु पंड्या, कांता, सुरेश फलोजिया, बागीदौरा सरपंच रुकमणी सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि बडी संख्या में आमजन श्रद्धालु मौजूद रहे।



बेणेश्वर धाम में आयोजित महायज्ञ में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।

## सात आरोपी गिरफ्तार

**करौली/मासलपुर, (निसं)।** गत दो दिन पूर्व मासलपुर क्षेत्र मे हुई फायरिंग मे महिला की मृत्यु हो जाने पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 7 आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया कि 30 नबम्वर को थाना मासलपुर क्षेत्र के गॉव देवरी में रूपयों के लेनदेन के मामले को लेकर हुए झगडे व फायरिंग की घटना में एक महिला की मृत्यु हो गई थी जिस पर थाना मासलपुर पर

■ फायरिंग व हत्या के मामले में हुए गिरफ्तार

प्रकरण पंजीबृद्व किया गया था। उन्होने बताया की मामले को गम्भीरता से लेते हुए स्वयं के सुपरवीरजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश जैफ के नेतृत्व में वृत्ताधिकारी करौली दीपक कुमार गर्ग एवं थानाधिकारी मासलपुर पुरूषोत्तम सिंह एवं चुनिन्दा पुलिसकर्मियों की टीम का गठन कर हत्या में शामिल आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। जिस पर उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए हत्या के मामले में वांछित आरोपी राजेन्द्र,गजराज,कुमर सिह पुत्रांन श्रीपत,महेश,विजय सिह पुत्र दलेल,लेखराज पुत्र रविन्द्र व हरिओम पुत्र कुमर सिह गुर्जर निवासी देवरी थाना मासलपुर को गिरफ्तार किया गया।

# प्रॉपर्टी कारोबारी के 5 हत्यारों को पुलिस ने सड़क पर पैदल घुमाया

## क्राइम सीन से एक किलोमीटर दूरी तक बदमाशों की परेड़ करवाने के पीछे पुलिस का मकसद, इनका खौफ लोगों के मन से खत्म करना था

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। करधनी इलाके में प्रॉपर्टी कारोबारी विजेंद्र सिंह के पांच हत्यारों को पुलिस ने क्राइम सीन से लेकर करीब एक किलोमीटर तक परेड कराई। मुख्य आरोपी सागर सिंह, नागर सिंह, जितेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह और अजय सिंह को घटना स्थल की तस्दीक कराने के लिए पुलिस इन पांचों बदमाशों को अपने साथ पैदल ही लेकर क्राइम सीन पर पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में इन बदमाशों को परेड कराई गई।

इस परेड के पीछे पुलिस का मुख्य मकसद यह था कि बदमाशों की कमर टूट जाए। जिससे कि दुबारा कोई इस तरह की घटना करने से पहले 100 बार सोचे। प्रॉपर्टी कारोबारी विजेन्द्र सिंह हत्याकांड के बाद लोगों के पास कई ऐसे वीडियो थे, इसमें यह बदमाश वारदात करते हुए दिखाई दे रहे थे। इन बदमाशों ने क्राइम सीन से लगभग एक किलोमीटर तक पहले पूरी रैकी की हुई थी। जिस प्रकार से इन बदमाशों ने मौके पर वीरेंद्र सिंह पर हमला कर उसकी गाड़ी और उसके साथ जमकर मारपीट की थी। वह वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहा था। इस वीडियो से लोगों के मन में इन बदमाशों के प्रति दहशत व्याप्त हो गई थी। जब से इन बदमाशों को पुलिस ने एक किलोमीटर की परेड कराई है उसके बाद से कई लोग इन बदमाशों के खिलाफ शिकायत लेकर थाने आने लगे है।

- **प्रॉपर्टी कारोबारी विजेन्द्र सिंह की इन बदमाशों ने जिस तरह से सरेराह हत्या की थी, उसके बाद से लोगों में इन बदमाशों के प्रति दहशत फैल गई थी**
- **गिरफ्तार आरोपी सागर सिंह और नागर सिंह ने 25 अक्टूबर को किसी प्लॉट के विवाद में युवक और उसकी मां पर पिस्टल तानकर धमकाया था, बदमाशों की परेड़ करवाने के बाद पीड़ितों ने भी थाने में मामला दर्ज कराया है**

एसीपी प्रमोद स्वामी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ कई अन्य लोगों ने भी शिकायतें दी है। गत 25 अक्टूबर को सागर सिंह और नागर सिंह ने किसी प्लॉट के विवाद को लेकर आनंद सिंह और उसकी मां पर पिस्टल तान दी थी।

यही नहीं इन दोनों बदमाशों ने आनंद सिंह की बाइक में तोड़फोड़ और आनंद के साथ गंभीर मारपीट की थी। बदमाशों के डर से आनंद सिंह ने इस संबंध में कोई शिकायत नहीं दी। बदमाशों की पुलिस परेड होने के बाद आनंद सिंह अपनी मां को लेकर करधनी थाने पहुंचा। जहां पर सागर सिंह और नागर सिंह के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़, फायरिंग और पिस्टल दिखाकर धमकाने का मुकदमा दर्ज कराया है। सागर सिंह और नागर सिंह एक जमीन को लेकर आनंद सिंह को पिछले कई समय से धमका रहे थे।

## '4 सप्ताह में न्यायिक अफसरों की आवास समस्या को दूर करें'

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों का तबादला होने के बाद तत्काल आवास उपलब्ध नहीं होने और इस अवधि में सर्किट हाउस में सामान्य किराया देने से जुड़े मामले में प्रमुख विधि सचिव को समस्या निस्तारण के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और वीके भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश राजस्थान ज्यूडिशियल सर्विस ऑफिसर्स एसोसिएशन की याचिका पर दिए।

सुनवाई के दौरान प्रमुख विधि सचिव प्रवीर भटनागर अदालत में पेश हुए। उन्होंने अदालत को आश्वस्त किया कि मामले में सेठी कमीशन और सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए निर्देशों की पालना चार सप्ताह में पूरी कर ली जाएगी। इस पर अदालत ने मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद रखी है। याचिका में अधिवक्ता डॉ. महेश शर्मा ने बताया कि सेठी कमीशन ने न्यायिक सेवा को अन्य ऑल इंडिया सेवा से अलग प्रकृति का माना है। वहीं न्यायिक अधिकारियों को निशुल्क आवास देने का प्रावधान किया है। वहीं दूसरी ओर राजस्थान सर्किट हाउस नियमों के तहत ऑल इंडिया सर्विस के अधिकारियों को सर्किट हाउस में ठहरने के लिए अधिकतम दिनों की बाध्यता नहीं है। जबकि न्यायिक अधिकारियों को सात दिन के बाद तय सामान्य किराया देना पड़ता है।

# कालवाड़ और सिरसी रोड पर दो अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

## छह बीघा कृषि भूमि पर शिव वाटिका प्रथम और मारूति नगर के नाम से बसाई थी अवैध कॉलोनी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। जेडीए की प्रवर्तन विंग ने कालवाड़ व सिरसी रोड पर 6 बीघा कृषि भूमि पर काटी जा रही दो अवैध कॉलोनियों को खुर्द-बुर्द किया। यह कॉलोनियां "शिव वाटिका-प्रथम" और "मारूति नगर" के नाम से बसाई जा रही थी।

दोनों जगह काश्तकार व बिल्डरों ने न तो कृषि भूमि का भू-रूपांतरण कराया और न ही जेडीए से कोई निर्माण स्वीकृति ली। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि कालवाड़ रोड पर ग्राम नारी का बास, पार्थ सिटी के पीछे करीब 3 बीघा कृषि भूमि पर 'शिव वाटिका-प्रथम' के नाम से अवैध कॉलोनी काटी गई थी। निर्माणकर्ताओं ने रातोंरात ग्रेवल-मिट्टी की रोड समेत कई निर्माण कर लिए थे। इसी प्रकार सिरसी रोड पर बिन्दायका में भी 3 बीघा कृषि भूमि पर 'मारूति नगर' के नाम से कॉलोनी काटकर ग्रेवल-मिट्‌टी की सड़कें, डिमार्केशन, मुड्डियां, व अन्य अवैध निर्माण कर लिए गए थे। जोन-12 की राजस्व-तकनीकी टीम की निशानदेही पर शुक्रवार को प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन व मजदूरों की मदद से दोनों कॉलोनियों को खुर्द-बुर्द किया।

- **काश्तकारों ने कृषि भूमि का न तो भू-रूपांतरण कराया और न ही जेडीए प्रशासन से कोई निर्माण स्वीकृति ली**



**जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने शुक्रवार को कालवाड़ व सिरसी रोड पर कृषि भूमि पर काटी जा रही अवैध कॉलोनियों को खुर्द-बुर्द किया।**

## 'लैंगिक समानता बढ़ाने में मीडिया भूमिका निभाएं'

**जयपुर** (कासं)। महिला अधिकारिता निदेशालय की ओर से यूएनएफपीए के सहयोग से शुक्रवार को जयपुर स्थित एक होटल में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रिन्ट, रेडियो व इलक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

महिला एवं बाल विकास सचिव दिनेश कुमार यादव ने महिलाओं से संबंधित अधिकारों पर जोर देते हुए कहा कि सदियों से चले आ रहे जेंडर आधारित मानदंडों के कारण महिलाओं को अपने अधिकारों से वंचित रहना पड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत में आजादी के समय से ही लैंगिक समानता को महत्व दिया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही महिलाओं को पुरुषों के साथ बराबरी से मतदान का अधिकार दिया गया। जबकि कई लोकतांत्रिक देशों को ऐसा करने में बहुत समय लगा। उन्होंने कहा कि लैंगिक समानता को मीडिया प्रमुखता से आगे बढ़ाएगा तो निश्चित रूप से समाज में परिवर्तन होगा और लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि समाज को दिशा देने में मीडिया सशक्त है। लैंगिक समानता को स्थापित करने में मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है।

# एक्ट्रेस तापेश्वरी शर्मा ने साझा किया अभिनय की दुनिया से डीजे करियर चुनने तक का सफर

## उन्होंने कहा ''देश में बहुत कम महिला डीजे हैं, लेकिन अगर कोई टैलेंटेड है और अपने हुनर को जानता है, तो इस फील्ड में अपनी छाप छोड़ सकता है''

**जयपुर** (कासं)। टीवी अभिनेत्री तापेश्वरी शर्मा इन दिनों बतौर डीजे काम कर रही है। इन दिनों जयपुर में प्रस्तुति देने पहुंची तापेश्वरी ने मीडिया से खुलकर अपने अभिनय के करियर और उसके बाद डीजे के रूप में काम करने के सफर पर बातचीत की।

उन्होंने कहा कि मैं करीब 8 साल से ज्यादा समय से टेलीविजन इंडस्ट्री का हिस्सा हूं। अब कुछ सालों के लिए एक्टिंग से ब्रेक लिया है, लेकिन मेरा इरादा जल्द ही वापसी करने का है। मैंने वेब शो और फिल्मों, विज्ञापनों आदि में भागों के लिए परीक्षण शुरू कर दिया है और मुझे यकीन है कि मैं जल्द ही अभिनय में वापस आऊंगी।

जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि देश में बहुत कम महिला डीजे हैं, इस उद्योग का हिस्सा बनकर उन्हें कैसा लगा?

इस पर तापेश्वरी शर्मा ने कहा कि मैं खुद को एक कलाकार मानती हूं, चाहे



एक्ट्रेस तापेश्वरी शर्मा

वह कैमरे के सामने अभिनय करना हो, मंच पर नृत्य करना हो या भीड़ के लिए संगीत बजाना हो। हां, फीमेल डीजे की संख्या ज्यादा नहीं है, लेकिन अब यह इंडस्ट्री फीमेल डीजे के लिए अपनी बाहें खोल रही है और अगर कोई टैलेंटेड है और अपने हुनर को जानता है, तो वे वास्तव में अपनी छाप इस फील्ड में छोड़ सकते है। मैंने मुंबई में एक संस्थान से डीजेंग सीखा और उसके बाद मुंबई में सबसे अच्छे डीजे में से एक "डीजे साइरस" के तहत प्रशिक्षित किया। कोविड महामारी ने मुझे एहसास कराया है कि पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए काम करना और वित्तीय भार साझा करना और घरेलू जिम्मेदारियां बांटना कितना महत्वपूर्ण है।

- **मीडिया से रूबरू हुई तापेश्वरी शर्मा ने बताया कि "मैं करीब 8 साल से ज्यादा समय से टेलीविजन इंडस्ट्री का हिस्सा हूं। अब कुछ सालों के लिए एक्टिंग से ब्रेक लिया है, लेकिन मेरा इरादा जल्द ही वापसी करने का है।"**

जयपुर में दूसरी बार परफॉर्म करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि 6 साल तक सीकर में पढ़ाई करने और अक्सर जयपुर घूमने के बाद, मैंने इस खूबसूरत शहर में बहुत सारी यादें बनाई हैं। लेकिन राज मंदिर थिएटर में अपनी पसंदीदा फिल्में देखना भी मेरी पसंदीदा यादों में से एक होगी।

एक्ट्रेस तापेश्वरी शर्मा ने कहा कि मैं पूरी तरह से बॉलीवुड प्रेमी हूं और हमारे हिंदी गानों की ऊर्जा और बीट्स से प्यार करती हूं। लेकिन डीजे बनने के बाद मुझे कई अलग-अलग प्रकार की शैलियों को एक्सप्लोर करने का मौका मिला है और अब मुझे कमर्शियल हिप हॉप और एड्म सुनने और खेलने में भी मजा आता है। डीजे शैली को तीन शब्दों में बताऊं तो यह क्लासिक, आरामदायक लेकिन नुकीली है।

## 'लिवर और गॉल ब्लैडर की समस्या नजरअंदाज न करें'

**जयपुर**। महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में तीन दिवसीय जयपुर सर्जिकल फेस्टिवल का शुक्रवार को आगाज हुआ। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के संस्थापक चेयरमैन डॉ. एम एल स्वर्णकार, चेयरपर्सन डॉ.विकास स्वर्णकार, वाइस चांसलर डॉ. सुधीर सचदेव, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. जी. एन. सक्सैना, इंटरनेशनल फैकल्टी डॉ. डेन. जी. डूडा, डॉ. डेनियर एज्यूले, डॉ. एस. जी. अय्यर, डॉ. मसूरा मियाजाकी ने सर्जरी की दुनिया में नए प्रयोग पर विस्तार से जानकारी दी। आयोजन समिति के संयोजक एवं हिपेटोबिलियरी सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. वी. के. कपूर ने बताया कि द्वितीय जयपुर सर्जिकल फेस्टिवल में पहले दिन दर्जन भर विषयों पर पेपर प्रेजेन्टेशन तथा चर्चा हुई। सोनोग्राफी जांच में लिवर में अगर किसी प्रकार की खराबी सामने आये तो तुरन्त सीटी स्कैन अथवा एमआरआई जैसी जांचों के माध्यम से कैंसर की संभावना का पता लगाया जा सकता है। एक साधारण समझी जाने वाली गांठ कैंसर में तब्दील हो सकती है। ऐसे रोगियों को समय समय पर जांच कराते रहना जरूरी होता है।

## सार-समाचार

### महापौर और कमिश्नर ने बांटे 34 पट्टे



**जयपुर**। ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और आयुक्त महेन्द्र सोनी ने शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में 34 लोगों को हस्तान्तरण पत्र, विभाजन पत्र, नक्शा व पट्टे वितरित किये। महापौर डॉ. सौम्या ने बताया कि निगम का अधिक से अधिक प्रयास रहता है कि जनहित के कार्यों को वरीयता देते हुए समयबद्धता से पूरा करें। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि सप्ताह में एक दिन पट्टा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाए। जिसके तहत शुक्रवार को पट्टा वितरण कार्यक्रम किया गया। पट्टा वितरण में उपायुक्त आयोजना एवं राजस्व द्वितीय सोहन राम चौधरी एवं समिति अध्यक्ष, पार्षदग व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उमंग ने वर्ल्ड डिसेबिलिटी-डे मनाया

**जयपुर**। विभिन्न प्रकार की विकलांगता से ग्रस्त दिव्यांगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का कार्य करने वाली संस्था उमंग की ओर से शुक्रवार को ह्यूमन चेन बनाकर और जागरूकता मेला आयोजित कर वर्ल्ड डिसेबिलिटी डे (विश्व विकलांगता दिवस) मनाया गया। उमंग की निदेशक, दीपक कालरा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उमंग के विद्यार्थियों ने सुबह दिव्यांगों के रोजगार से संबंधित नारे लगाते हुए ह्यूमन चेन बनाई। ये नारे अपने शिक्षकों की मदद से विद्यार्थियों ने स्वयं बनाए थे। शाम को मानसरोवर स्थित जयपुर चौपाटी में जागरूकता मेला आयोजित किया गया, जिसमें संगीत, नृत्य व खेल के माध्यम से आम नागरिकों को विकलांगता के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें दिव्यांगों के अधिकारों से भी अवगत कराया। इस आयोजन को लोगों की ओर से काफी बेहतर प्रतिक्रिया मिली। इसमें आईसीजी कॉलेज व आस-पास के अन्य शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में और काफी उत्साह के साथ भाग लिया। यही नहीं, कई स्थानीय व्यक्ति भी इनके समर्थन में शामिल हुए, जो देखा जाना काफी संतोषजनक रहा। लोगों की एकत्रित करने के लिए उमंग के विद्यार्थियों ने फ्लैश-मॉब का आयोजन किया। यहां जुटे लोगों ने दिव्यांगों के साथ बातचीत की। उन्होंने अपने दैनिक जीवन में पहुंच, शिक्षा व रोजगार के मामलों में सामने आने वाली समस्याओं को खुलकर साझा किया।

### पशुपालन अधिकारियों की पदोन्नति

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान पशुपालन सेवा की विभागीय पदोन्नित समिति की बैठक की अभिशंषा के आधार पर राजस्थान पशुपालन सेवा के अतिरिक्त निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड़, एवं डॉ. नरेंद्र मोहन सिंह को निदेशक पशुपालन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के पद पर पदोन्नत किया गया है। गौरतलब है कि पदोन्नित होने से पशुपालन निदेशालय में रिक्त निदेशक पद पर नियुक्ति हो सकेगी। इसी प्रकार एक अन्य आदेशानुसार अतिरिक्त निदेशक डॉ. मनोहर लाल परिहार, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. लक्ष्मण लाल राठौड, डॉ. शैलेश शर्मा व डॉ. महेश कटारा को निदेशक, पशुपालन विभाग एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड, जयपुर के पद पर वेतन श्रृंखला (एल-21) में पदोन्नत किया गया।

### श्रीगोविंद देव चालीसा की प्रति भेंट

**जयपुर** (कासं)। महापौर मुनेश गुर्जर ने शुक्रवार को प्रातः जयपुर के आराध्य गोविन्ददेवजी को श्री गोविंद देव चालीसा के चौथे संस्करण की प्रथम प्रति भेंट की जिसमें "श्री राधा गोविंद प्रेमाष्टक" जोड़ा गया है। महापौर ने जगत पिता "ठाकुरजी से सभी लोगों में प्रेम-भाईचारा शांति सद्भाव बढ़ाने की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर " श्री गोविंद देव चालीसा" की कुछ प्रतियां भक्तगणों में भेंट की। इस अवसर पर महंत अंजन कुमार गोस्वामी समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

### शातिर नकबजन पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर** (कासं)। मालपुरा गेट थाना इलाके में नकबजनी की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चोरी की कार भी बरामद की गई है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी सतीश चंद्र ने बताया कि नकबजनी की वारदात करने वाले सुरेश बंजारा निवासी पाटन जिला बूंदी हाल मालपुरा गेट जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में मालपुरा गेट और सांगानेर सदर थाने में दो-दो मामले दर्ज है।

### प्रदेश में 284 उप स्वास्थ्य केंद्र खुलेंगे

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा गांव-ढाणी तक चिकित्सा सेवाओं के विस्तार के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। इस क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 284 ग्राम पंचायत मुख्यालयों में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने तथा प्रत्येक नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पद के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रस्ताव के अंतर्गत नवीन उप स्वास्थ्य केंद्रों हेतु कुल 284 महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पद सृजित किए जाएंगे। प्रत्येक नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्यों हेतु 30 लाख रूपए तक का प्रावधान किया गया है।

# जियोमार्ट की शॉपिंग अब व्हाट्सएप पर भी होगी

**मुंबई/जयपुर** (कासं)। रिलायंस रिटेल के जियोमार्ट पर ग्राहक अब व्हाट्सएप के जरिये भी शॉपिंग कर सकेंगे। कंपनी का दावा है कि जियोमार्ट व्हाट्सएप के जरिए ग्राहकों से ऑर्डर प्राप्त करने और उसे पूरा करने वाला दुनिया का इकलौता सफल ई-रिटेल ब्रांड बन गया है। ग्राहक अब सीधे अपने व्हाट्सएप चैट के भीतर अपनी घरेल ूजरूरत के सामाना को आसानी से ब्राउज़ कर खरीद सकते है।

ग्राहकों को जियोमार्ट के व्हाट्सएप नंबर (7977079770) पर "ग्रेट डील्स ऑन जियोमार्ट" लिखकर भेजना होगा, जिसके तुरंत बाद उन्हें शॉपिंग कैटलॉग, मौजूदा ऑफ़र और डील्स की सूचनाएं प्राप्त होंगी। कंपनी के मुताबिक जियो प्लेटफॉर्म्स ने व्हाट्सएप के जरिए जियोमार्ट की सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए मेटा के साथ साझेदारी की है, जिससे दुनिया में पहली बार उपभोक्ताओं को उत्पादों की खरीददारी का शानदार अनुभव मिला है। व्हाट्सएप पर जियोमार्ट के ऑर्डर करने से ग्राहकों को न केवल वास्तविक समय का अपडेट और ऑर्डर की स्थिति मिलती रहेगी, बल्कि किसी भी समस्या का सामना करने पर तुरंत सहायता भी मिलेगी। कंपनी का कहना है कि न्यूनतम 250 रुपये की खरीददारी करने और 30 प्रतिशत तक की छूट जैसे ऑफर्स भी मिलेगी।

## एलआईसी ने शुरू की व्हाट्सएप सेवा

**जयपुर** (कासं)। भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) ने अपने पॉलिसीधारकों को वाट्सएप के माध्यम से 11 सेवाएं देनी शुरू कर दी है। एलआईसी के अध्यक्ष एम.आर.कुमार ने बताया कि जिन ग्राहकों ने अपनी पॉलिसियों को एलआईसी के पोर्टल पर पंजीकृत किया है, वे वाट्सएप से 8976862090 मोबाइल नंबर पर 'हाय' का संदेश छोड़कर इन सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे। प्रीमियम ड्यू, बोनस इन्फॉर्मेशन, पॉलिसी स्टेट्स, ऋण की योग्यता, ब्याज व पुनर्भुगतान संबंधी जानकारी, प्रीमियम जमा का सर्टिफिकेट, यूनिट्स का स्टेटमेंट और एलआईसी सर्विस लिंक जैसी कई सुविधाएं ग्राहकों को वाट्सएप के माध्यम से ही मिल जाएंगी।



**दीन सेवा समिति जयपुर की गीता पारीक एवं अरुणा जैन ने "सांझी छत" विद्याधर नगर में रहने वाली 33 वीरांगनाओं को कंबल एवं फल भेंटकर सम्मानित किया।**

## बिजली के तार चुराने वाला पकड़ा

**जयपुर**। सांगानेर थाना पुलिस ने घर में घुसकर बिजली के तार चोरी करने वाले एक शातिर चोर को धर-दबोचा है और उसके पास से चोरी किए गए बिजली के तार बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी महेन्द्र सिंह ने बताया कि घर में घुसकर बिजली के तार चोरी करने वाले एक शातिर चोर नरेश कुमार बैरवा निवासी उनियारा जिला टोंक को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से सांगानेर थाना इलाके में स्थित एक घर से चुराए गए बिजली के तार बरामद किए गए है। पुलिस पूछताछ में आरोपी प्रताप नगर थाना इलाके में भी चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूला है।

# अधिकारी फील्ड में जाकर सफाई की हकीकत जांचे : मुनेश गुर्जर



**स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 को लेकर हैरिटेज नगर निगम में आयोजित कार्यशाला को महापौर मुनैश गुर्जर आर आयुक्त विश्राम मीणा ने संबोधित किया।**

**जयपुर**, (कासं)। हैरिटेज महापौर मुनैश गुर्जर व आयुक्त विश्राम मीणा ने शुक्रवार को स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में जयपुर को अव्वल रैंकिंग दिलाने के लिए अधिकारियों की कार्यशाला रखी। मेयर ने साफ कहा कि उपायुक्त, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों व स्वास्थ्य निरीक्षक खुद फील्ड में उतरकर जांचे कि सफाई ठीक से हो रही है या नहीं। सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति व सफाई कार्य जांचने के लिए हाजिरी रजिस्टर, कार्मिकों की जियो टैगिंग व फोटो लेकर मुख्यालय भेजे। कमिश्नर विश्राम मीणा ने कहा कि अगर सभी अधिकारी-कर्मचारी जुटेंगे तो शहर जरूर साफ होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में 9500 अंक होंगे। पहला कम्पोनेन्ट 4525 अंक का है, जिसके तहत सब अधिकारी मिलकर डॉक्यूमेंटेशन तैयार करेंगे। दूसरा सर्टिफिकेशन का है, जो कि 2500 अंक का होगा। इसमें ओडीएफ प्लस प्लस व स्टार रैटिंग निर्धारित होगी। तीसरा हिस्सा सिटीजन फीडबैक का होगा। कमिश्नर ने जोन उपायुक्तों, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारियों, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों, राजस्व अधिकारियों और अधिशाषी अभियन्ताओं को निर्देश दिये कि फील्ड में जाकर लोगों से सिटीजन फीडबैक कराने को कहा।

## गंदगी मिलने पर सीएसआई और जमादार को नोटिस

**जयपुर** (कासं)। हैरिटेज निगम आयुक्त विश्राम मीना ने शुक्रवार को सिविल लाईन जोन में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जहां पर भी सफाई में खामी नजर आई, वहां स्वास्थ्य निरीक्षकों व जमादारों को लताड़ लगाई। निरीक्षण के बाद सफाई में कोताही बरतने पर वार्ड 48 की कार्यवाहक जमादार सोनम तथा वार्ड 42 से 45 के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक सुभाष को नोटिस दिया। कमिश्नर ने सर्वप्रथम सिविल लाईन जोन के श्याम नगर में किर्ती कॉलोनी का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया एवं उसके बाद अयोध्या पथ, जनपथ रोड़, हरि मार्ग, याशोदा मार्ग, शिवाजी नगर, राकड़ी चार नं. डिस्पेंसरी के पास जाकर सफाई व्यवस्था व कचरा डिपो पर आस-पास कचरा व अन्य सामग्री पाने पर सख्त नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कार्यवाहक जमादार सोनम और सीएसआई सुभाष को कड़ी फटकार लगाई। इसके बाद दोनों कार्मिकों को नोटिस भी जारी किया। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां पर सफाई व्यवस्था ठीक नजर आई, वहां कमिश्नर ने सफाई कर्मचारियों के काम की तारीफ भी की।

# गैंगवार में युवक को गोली मारने वालों का सुराग नहीं

**जयपुर**। राजधानी के प्रताप नगर इलाके में गुरूवार शाम को गोदावरी अपार्टमेंट में गैंगवार के दौरान एक युवक की गोली मार कर हत्या कर भागे बदमाशों को अभी कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

थानाधिकारी भजन लाल ने बताया कि बदमाशों की लगातार तलाश की जा रही है। पुलिस की पांच से छह टीमें जयपुर सहित अन्य जिलों में बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है। वहीं आरोपियों का पता लगाने के लिए रोडमैप बनाकर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वारदात के दौरान बदमाशों द्वारा लूटी गई कैब शिवदासपुरा इलाके में मिल गई है। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ली है। गौरतलब है कि

मृतक महेन्द्र मीणा (28) गुरुवार शाम अपने साले संदीप जीवली के साथ गोदावरी अपार्टमेंट के बाहर सी-ब्लॉक के पास पार्क के सामने रमेश तिवाड़ी की चाय की दुकान पर बैठा था। उसकी स्कॉर्पियो गाड़ी सड़क किनारे खड़ी थी। इस दौरान शाम करीब 5 बजे थार गाड़ी में सवार होकर मेडी गैंग के बदमाश पहुंचे। बदमाशों ने सबसे पहले महेन्द्र मीणा की स्कॉर्पियो को सामने से टक्कर मारी। महेंद्र और उसका साला जान बचा कर भागने लगे। संदीप पानी कैंपर की गाड़ी की आड़ में छिप गया। भागते हुए महेंद्र मीणा को बदमाशों ने पीठ में गोली मार दी। वह थोड़ी देर भागता रहा, लेकिन फिर वह नीचे गिर गया। इसके बाद महेन्द्र को जीवनरेखा अस्पताल ले जाया गया। वहां से सवाई मान सिंह अस्पताल रेफर किया गया। यहां उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद बदमाश भागने लगे, लेकिन उनकी थार गाड़ी स्टार्ट नहीं हुई। इस पर पास में खड़ी कैब लूट भागे। पुलिस की शुरुआती जांच में वारदात का मुख्य कारण वर्चस्व की लड़ाई के चलते चल रही रंजिश होना सामने आया है। पुलिस के अनुसार, थार जीप सवार बदमाशों में विनीत मीणा (मेड़ी), महेश नांगल की पहचान हो पाई है। जबकि अन्य के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। विनीत मीणा भी शातिर अपराधी है। गैंग चलाता है। उसके खिलाफ जानलेवा हमले सहित अन्य प्रकरण दर्ज हैं।

ARBiT it happens here...



## International Disability Day

International Disability Day, or the International Day of People with Disability, is a day that has been promoted by the United Nations since 1992. The aim of International Disability Day is to encourage a better understanding of people affected by a disability, together with helping to make people more aware of the rights, dignity and welfare of disabled people.International Disability Day is not concerned exclusively with either mental or physical disabilities, but rather encompasses all known disabilities, from Autism to Down Syndrome to Multiple Sclerosis.

राष्ट्रदूत
SATURDAY
3 December 2022
A-B

Scholars have previously traced Silk Road trade corridors by modelling the shortest "least-cost" paths between major settlements and trade hubs. This connect-the-dots approach makes sense in lowland areas where direct routes across arid plains and open deserts co-relate with ease of travel between trade centres. But it's not the way highland pastoralists traditionally move in rugged mountain regions, Frachetti argues.

# Silk Road Carved Out By Nomads!



Zuluk Silk Route Sikkim.



Shruti Kothari

Nearly 5,000 years ago, long before Marco Polo traversed the vast east-west trade routes of the Great Silk Road, nomads were carving the foundations for these trans-Asian interaction networks.

"Our model shows that long-term strategies of mobility by highland nomadic herders structured enduring routes for seasonal migrations to summer pastures, which correspond significantly with the evolving geography of 'Silk Road' interaction across Asia's mountains," says Michael Frachetti, associate professor of anthropology at Washington University in St. Louis.

The study, published in the journal Nature, combines satellite analysis, human geography, archaeology, and Geographic Information Systems (GIS) to show that 75 percent of ancient Silk Road sites across highland Inner Asia fall along the paths its model simulates as optimal for moving herds to and from prime mountain meadows.

The model's innovative approach of tracing pasture-driven pathways suggests a number of alternate routes to many known Silk Road sites. It also provides a high-resolution mapping of other possibly important Silk Road routes that are previously unidentified and little researched, including an unexplored corridor into the Tibetan Plateau to the south of Dunhuang, China.

### Connect the Dots

For over a century, the Silk Road-a term coined in 1877 by German explorer Baron von Richthofen-has intrigued modern historians and archaeologists who wish to understand the emergence of what many consider the world's most complex ancient overland trade system.

"The locations of ancient cities,

## #HIGHWAYS&TRAILS

towns, shrines, and caravan stops have long illustrated key points of interaction along this vast network, but defining its many routes has been far more elusive," Frachetti says. "As a result, there is little known of the detailed pathways used for millennia by merchants, monks, and pilgrims to navigate and interact across the highlands of Inner Asia."

Scholars have previously traced Silk Road trade corridors by modelling the shortest "least-cost" paths between major settlements and trade hubs. This connect-the-dots approach makes sense in lowland areas where direct routes across arid plains and open deserts co-relate with ease of travel between trade centres. But it's not the way highland pastoralists traditionally move in rugged mountain regions.

"The routes of Silk Road interaction were never static, and certainly not in the mountains. Caravans traversing Asia were oriented by diverse factors, yet in the mountains their routes likely grew out of historically ingrained pathways of nomads, who were knowledgeable and strategic in mountain mobility."

Though Inner Asia's massive mountains separated oasis societies living in hot, arid lowlands, the region's mountain nomads were united by a shared ecological challenge: hot summers that left lowland pastures parched and barren. In response, mobile pastoralists evolved a similar strategy for success across the entire mountain corridor: escaping the grass-withering summer heat by driving flocks to higher elevations.

"Archaeology documents the development of mountain-herding economies in highland Asia as early as 3000 BC, and we argue that centuries of ecologically strategic mobility on the part of these herders etched the foundational routes and geography of ancient trans-Asian trade networks," Frachetti says.

To test the theory, researchers designed a model that simulates highland herding mobility as "flows" directed by seasonally available meadows. Although the model is generated without using Silk Road sites in its calculations, the pathways it projects show remarkable geographic overlap with known Silk Road locations compiled independently by Tim Williams, a leading Silk Road scholar at the Institute of Archaeology, University College London.

"The development of the Silk



Ferdinand von Richthofen coined the term- Silk Road.

> As Frachetti has found in earlier research, nomads do not wander aimlessly. Pastoralist movement through the mountains is rooted in local knowledge of the landscape and is guided by ecological factors, like the seasonal productivity of grassy meadows.


Roads through lowland deserts, fertile piedmonts, and oases was influenced by many factors. However, the overlay of pasture-driven routes and known Silk Road sites indicate that the highland Silk Roads networks (750 m to 4,000 m) emerged in relation to long-established seasonal mobility patterns used by nomadic herders in the mountains of Inner Asia," Williams says.

### Cross-valley Pathways


Frachetti, who directs the Spatial Analysis, Interpretation, and Exploration (SAIE) laboratory, has studied nomadic herding cultures and their ancient trade networks around the world. He has led excavations at sites in Uzbekistan, Kazakhstan, and other Central Asian countries.

His field work documents that these societies had inter-continental connections spanning thousands of years, a phenomenon he traces to the antiquity of cross-valley pathways that, once engrained, formed the grassroots network that became the Silk Road.

Proving that theory is challenging because the Silk Road's central corridor runs through some of Inner Asia's most remote mountain ranges: the Hindu Kush in Northern Afghanistan; the Pamir in Tajikistan; the Dzhungar in Kazakhstan; the Tian Shan in



Trade caravans on the Silk Road, Central Asia.



A nomadic pastoralist moves cattle across the foothills of Kazakhstan.

Kyrgyzstan, Kazakhstan, and Xinjiang (China); and the Altai Mountains in Kazakhstan, Russia, and Mongolia.

His approach relies on the creative application of GIS and Remote Sensing tools normally used to simulate the flow of streams, rivers and other drainage through watersheds. In hydrological applications, "flow accumulation" relies on the known properties of water being pulled to lower elevations by gravity, generating calculations that show how runoff feeds into a network of ever-larger streams and rivers.

Frachetti swaps gravity for grass and uses the flow accumulation algorithm to calculate how the quality of lush pasture might channel flows of seasonally nomadic herders across a massive, 4,000-kilometre-wide cross-section of Asia's mountainous corridor.

The study area, which spans portions of Iran, India, Russia, Mongolia, and China, was divided into a grid of one-kilometre cells, each of which received a numerical rating for grass productivity based on the reflectance of vegetation detected in multi-spectral satellite imagery. GIS software was used to calculate paths highland herders likely followed as pursuit of best-available grazing pulled them toward lowland settlements. The most likely routes were defined as those with the greatest cumulative flow over top pastures.

As Frachetti has found in earlier research, nomads do not wander aimlessly. Pastoralist movement through the mountains is rooted in local knowledge of the landscape and is guided by ecological factors, like the seasonal productivity of grassy meadows. Most confine their migrations to a small regular orbit that is closely repeated from year to year.

His flow model accommodates variation through time in the scale and distribution of prime highland grasslands, but suggests that the broad geography of mountain pasture has not changed drastically over the past several thousand years. Routes oriented for the best grazing would be well known to nomads making similar seasonal migrations over many generations.

Varying the simulated mobility model over 500 iterations (the rough equivalent of 20 generations), well-defined, grass-driven mobility patterns emerged. When the route-building process is shown dynamically, small pasture-based paths appear as rivulets and streams that converge over zones of rich pasture to form rivers of nomadic mobility.

### Channels, not Barriers


While the study provides broad support for Frachetti's theories about the early evolution of the Silk Road, it also provides a roadmap for future research aimed at uncovering ancient structures of social participation across the mountains of Central Asia.

It also offers lessons about the importance of participation and connectivity in overcoming the great challenges that continue to confront civilizations.

"This model demonstrates that these rugged mountains were not huge barriers that forced regional communities into isolation, but acted as channels for economic and political forms of participation that supported long-standing connections between neighbouring communities," Frachetti says.


"It illustrates that civilization's greatest accomplishments-evidenced in the amazing scale of Silk Road connectivity-often arise organically in environments where connectivity is the norm; isolation here would be a formula for disaster."

writetoarbit@rashtradoot.com





The Silk Road.



Caravan of Marco Polo traveling along the Silk Road.

## #HAPPENINGS@QATAR

For Haijme Moriyasu, Japan's coach, football came full circle at the Khalifa Stadium on Thursday night. Fifteen minutes away from the scene of Japanese football's biggest heartbreak, his wards beat mighty Spain to usher in a new era for Asian football.

# From the Agony of Doha to Ecstasy in Qatar



Japan players celebrate after the World Cup group E soccer match between Japan and Spain.



Boria Majumdar from Qatar

The beauty of sport often lies in the stories of redemption that it scripts. For Japanese football, Qatar and Doha were once synonyms for agony. Now, after adding the scalp of Spain to a famous victory over Germany, they venture into the second round backed by millions of delirious fans. A generation after the Agony of Doha has come the Ecstasy of Qatar.

In 1992, Japan had won the Asian Cup on home soil, beating Iran, China and Saudi Arabia on the way to the title. In October 1993, the final round of Asian qualifying matches for the 1994 World Cup took place in Qatar. Six teams competing for two spots, with as many as 15 matches in a round-robin format played across just two weeks.

**Japan**

Heading into the final round of games, Japan were on course to make a first World Cup appearance, top of the table with two wins and a draw. But with only two points for a win in those days, only a point separated them from Iran in fifth place. With the exception of North Korea, each of the teams harboured hopes of making it to the USA.

When Kazuyoshi Miura – Japanese football's first modern-day icon, who had learned his trade with Santos and Palmeiras in Brazil as a teenager - scored his 13th goal of the qualifying campaign, the pressure was squarely on the other teams. In the era before mobile telephony, it wasn't easy to keep track of other scores in games being played at the same time, but at half team, each team knew what had to be done.

Japan and Saudi Arabia, who led Iran 2-1, were both on course for the finals. South Korea, drawing 0-0 with their northern neighbours, were heading out. In the space of nine second-half minutes, everything changed. South Korea went 2-0 up, and Saudi led 3-2 against Iran. Most crucially, Ahmed Radhi – scorer of Iraq's only goal at the 1986 World Cup, who died from Covid-19 complications in 2020 – equalized for Iraq after taking a cross on his chest and finishing coolly past the keeper.

Japan's race wasn't run though. In the 69th minute, with South Korea still leading 2-0 and Saudi Arabia having stretched their advantage to 4-2, Masashi Nakayama ran on to a through ball from the Brazilian-born Ruy Ramos. His finish was unerring and Japan again had a foot in the finals.



Kazuyoshi Miura.

Heading into injury time, Japan's fate was in their hands. South Korea had won 3-0 and Saudi 4-3, but victory would keep Japan top of the heap. But just as the clock ticked past 90 minutes, Iraq won a corner. It was played short, and when the cross came in, Jaffer Salman glanced a header into the far corner of the net.

FIFA WORLD CUP Qatar2022

Even on the grainy footage from that long-ago day, you can see three Japanese players slump to the turf disconsolate. South Korea, who Japan had beaten days earlier with a strike from Miura, were through on goal difference. The Blue Samurai would have to wait for their moment in the World Cup sun.

It was impossible not to think of that evening as Japan soaked up the pressure from Spain's relentless passing rhythm before twice hitting them on the break. Japan completed just 166 passes on the night, compared to Spain's astonishing 992, but it was the unfancied Asian team that proved to be more incisive.

More than perhaps anyone else, Hajime Moriyasu, the Japanese coach, knew that it's how you end a game that matters, not how you start it. After all, Moriyasu had been part of the Japanese midfield that evening at the Hamad bin Khalifa Stadium. "I can't remember the changing room after the game, or speaking to the media afterward, or the bus ride back to the hotel," he would say years later. "I had devoted myself to my World Cup dream. We had so many training camps that I spent more time with my team-mates than with my family. I could see the World Cup right in front of me but when I went to grab it, it vanished into thin air."

Moriyasu played the last of his 35 games for Japan in 1996. By the time Japan made it to the World Cup in 1998, he had made way for an exciting new generation of stars. Even more heart-breaking was the experience of Miura. Japan's top scorer with 14 goals in qualifying as they made it to France '98 and the torch-bearer for a generation, he was controversially omitted from the World Cup squad.

He was 31 at the time. These days, he turns out for Suzuka Point Getters in Japanese football's fourth tier. He scored a goal as recently as last month, and thousands go to watch him. Miura hasn't stopped running. You sense that the ghost of 1993 won't let him either. For Moriyasu, his crestfallen comrade that day, there is at least some redemption.



Ao Tanaka of Japan scores a goal to make it 2-1 during the FIFA World Cup.

# Golden Generation and a Night to Forget

*"Ever tried. Ever Failed. No matter. Try again. Fail again. Fail better." Samuel Beckett*



Croatia vs Belgium

We will never know if anyone from the Belgium team management used these words from Beckett in the dressing room at the end of what was a disastrous night. Perhaps they did not. But the team did exactly what Beckett had suggested. They tried and failed. Failed poorly in fact. If you consider the chances missed by Lukaku alone, it was a disaster of sorts. Tried against Morocco and failed and it was the same again last night against Croatia. Is it the fear of failure that is holding them back? If you had seen the body language of coach Martinez and Thierry Henry, you would understand what I mean.

**Belgium**

The Belgians were battling two enemies simultaneously with the second no less potent and more powerful at times. They were fighting demons in their own mind. The first sign of victory is evident when the mind is at peace with the job at hand. For Belgium it never happened. They weren't great in the first half but as Beckett suggested they tried and as a team were expected to fail better in the second half.

With the supply line doing better and keeping them in the hunt, Lukaku and the boys had a final chance at redemption. Deep down that's when things should have changed. Some of them got blown away by the mounting pressure and stepped back an inch. It was a scared team on show. That's where the opportunity was lost.

The momentum gained after hitting the post was for a time carried forward into the last part of the match and it was time to push home the advantage. But yet again there was a moment of reckoning Lukaku with an open goal. He has scored goals like these a million times in his career. Not last night. That's sport for you. Real not reel. No retakes. No second chance.


Could they try harder and fail better? Or better still can they come-back and emerge winners going forward? Euro is a year and a half away and can Belgium regroup? Questions that can go on to define their careers going forward. How strong are they when the opposition decides to have a go and it comes off? More for KDB, what impact will this campaign have on him going forward? And even if he failed, could he fail better at least? Does he have the mental steel left to succeed for his country? For someone who went to Qatar in red hot form the job was a tad more difficult. All of a sudden scoring goals or setting them up was proving hard and as a senior player, it is only natural KDB must have felt the pressure.

Belgium might yet again lose the Euros in 2024. KDB might yet again fail. But these things will matter less to the fans. So we hope. For they will try again. And try harder. And even when they fail they will pick themselves up to try and fail better. That's what a fan wants. That failure isn't feared anymore.



Belgium coach Roberto Martinez.

## THE WALL





## BABY BLUES


By Rick Kirkman & Jerry Scott





## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# हनुमानगढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक की टीम घोटाले की जांच में जुटी

## ग्राहकों ने आठ करोड़ रुपये की एफडी के दस्तावेज पेश किए

**हनुमानगढ़,** (निसं) ग्राम सेवा सहकारी समिति रतनपुरा में करोड़ों के गबन की शिकायत पर टीम की जांच जारी है। प्रारंभिक जांच में बैंक को 8 करोड़ की एफडी के दस्तावेज ग्रामीणों ने सुपुर्द किए हैं, जिसके आधार पर बैंक प्रशासन की ओर से जांच का दायरा बढ़ाया गया है।

अधिकारियों के मुताबिक अब तक मिले एफडी दस्तावेजों की जांच-पड़ताल में यह जानने की कोशिश की जा रही है कि आखिर संबंधित एफडी में जमा राशि विड्रॉ की गई है या दूसरे खातों में डायवर्ट की गई है। ऐसे में जांच टीम की ओर से रिपोर्ट पेश करने के बाद बैंक प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल खाताधारकों व ग्रामीणों से टीम में शामिल हनुमानगढ़ केंद्रीय सहकारी बैंक लि. प्रबंधक विनोद कुमार, प्रबंधक हनुमानगढ़ केंद्रीय सहकारी बैंक लि. संदीप सिंह व राजीव बिश्नोई निरीक्षक ऑडिट जानकारी जुटा मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं।

सहकारी समिति का कब्जे में लिया गया रिकॉर्ड खंगाल रही केंद्रीय बैंक की जांच टीम टीम सदस्यों ने बताया कि खाताधारकों से भी उनकी जमा एफडी राशि और अन्य राशि के जानकारी व उनका रिकॉर्ड एकत्रित गया, जिसमें खाताधारकों ने अभी तक करीब 8 करोड़ की एफडी के दस्तावेज जांच टीम के समक्ष प्रस्तुत किए हैं। यह सोसायटी 11 जून 1969 से स्थापित है, जिसमें 700- 800 खाताधारक है। बताया जा रहा है समिति के खाते में मात्र 5 लाख 94 हजार रुपए ही जमा है। आशंका है कि समिति में बड़े स्तर पर गबन हुआ है। गौरतलब है कि शुक्रवार को कई खाताधारकों ने गबन का आरोप लगा प्रदर्शन किया था।

- **लोगों को व्यवस्थापक द्वारा दी गई एफडीआर की रसीद व कॉपियां भी फर्जी पाई गई**

एचकेएसबी के प्रबंध निदेशक दीपक कुक्कड़ का कहना है कि जांच टीम मामले की हर एंगल से गहनता से जांच कर रही है। जांच के बाद ही मामले का पूरी तरह से खुलासा हो सकेगा। विधायक के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि ग्राम रतनपुरा सेवा सहकारी समिति में ग्राम वासियों के द्वारा बचत खाते व एफडीआर माध्यम से करोड़ों रुपए जमा करवाए गए पर वर्तमान में विभाग के एमडी द्वारा करवाई गई जांच से में पाया गया कि समिति के खाते में करोड़ों रुपए का घोटाला है। लोगों को व्यवस्थापक द्वारा दी गई एफडीआर की रसीद व कॉपियां भी फर्जी पाई गई हैं।

ग्रामीणों ने पूर्व शाखा प्रबंधक रमेश सहारण की चल-अचल संपति पर रोक लगाने, विभाग की जिम्मेवारी तय करने व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुलाब सिंवर, उपप्रधान प्रतिनिधि संजय गोदारा, मुकेश गोदारा, एडवोकेट विक्रमजीत बिश्नोई, एडवोकेट मनदीप सिंह, रमेश कुमार रतनपुरा, अमरजीत, शिव प्रकाश, मोहनलाल व अन्य ग्रामीण मौजूद थे। वहीं राजस्थान सहकारी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने सहकारी समितियां कार्यालय जयपुर को ज्ञापन भेजकर रतनपुरा ग्रामसेवा सहकारी समिति की जांच निष्पक्ष करवाने की मांग की है।

महिलाओं ने रोते हुए विधायक के आगे पैसे दिलवाने की गुहार लगाई। महिलाओं ने कहा कि बड़ी मेहनत का पैसा है और मुश्किल से पूंजी जमा करवाई थी लेकिन अब समिति से उन्हें पैसा नहीं मिल रहा है। विधायक ने उन्हें पूरी राशि दिलवाने का आश्वासन दिया।

# दूसरे दिन भी बंद रही अनाज मंडी, किसान लौटे बैरंग



मंडी में हुई चोरी के विरोध में धरने पर बैठे व्यापारी।

**वैर,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर स्थित गौण मंडी यार्ड में चार दुकानों के ताले तोड़कर 11 लाख 74 हजार रूपए की चोरी के मामले का खुलासा करने की मांग को लेकर व्यापारियों ने लगातार दूसरे दिन भी अनाज मंडी को बंद रखा। जिससे ग्रामीण इलाके से अपनी उपज बेचने आए किसानों को बैरंग लौटना पड़ा। शुक्रवार को मंडी यार्ड के व्यापारियों ने मंडी के गेट पर ताला लगाकर धरने पर बैठे रहे।प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर चोरी का जल्द खुलासा करने की मांग की।

मंडी अध्यक्ष भूरा चौधरी सहित आडतियाओ का कहना है मंडी यार्ड में चार दुकानों में चोरी की वारदात से व्यापारियों में रोष व्याप्त है। मंडी में चौधरी ट्रेडर्स की दुकान से 9 लाख 80 हजार 817 रुपए व 2 चांदी के सिक्के, हरपाल ट्रेडर्स की दुकान से 128800 रुपए, मित्तल ट्रेडिंग की दुकान से 15700 रुपए व एक चांदी का सिक्का तथा गोवर्धन ट्रेडर्स की दुकान से 48700 रुपए की नगदी की चोरी की गई । मंडी में कार्यरत कर्मचारी व चौकीदार होने के बाबजूद यह घटना हुई है। मंडी प्रशासन के खिलाफ भी व्यापारियों में रोष है। पुलिस प्रशासन को सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध करा दिए है। फिर भी प्रशासन टालमटोल कर रहा है तो उसको बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जब तक मामले का खुलासा नहीं होगा तब तक मंडी को बंद रखा जायेगा।वही दूसरी ओर ग्रामीण इलाके से अनेकों किसान अपनी उपज को बेचने के लिए मंडी आए। लेकिन मंडी बंद रहने से किसानों को गेट से ही बैरंग लौटना पड़ा। मंडी व्यापारियों से नगर पालिका अध्यक्ष विष्णु महावर, बीजेपी प्रदेश मंत्री महेन्द्र सिंह जाटव,बीजेपी ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ पवन धाकड़ ने पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली। बीजेपी प्रदेश मंत्री महेन्द्र सिंह जाटव का कहना है मंडी में चोरी की घटना होना निंदनीय है।प्रशासन द्वारा चोरी की वारदात का जल्द खुलासा किया जाना चाहिए । पुलिस द्वारा जल्द ही चोरी का खुलासा नहीं होता है तो पुलिस थाने के सामने मंडी के व्यापारियों के साथ धरना दिया जायेगा। इस मौके पर चंद्रभान सिंह, सुरेश धाकड़, श्याम, भंवर, रमन सहित मंडी के व्यापारी मौजूद रहे।

# सिकरोरा हत्याकांड का एक आरोपी गिरफ्तार

**कुम्हेर,** (निसं)। सिकरोरा हत्याकांड के आरोपियों में से एक नीरज को उप्र के अलीगढ़ के ग्रामीण इलाके से पकड़ा है। वारदात के बाद पुलिस ने जिन तीन आरोपियों की पहचान की थी उनमें नीरज भी शामिल था। फिर पुलिस ने आरोपियों पर इनाम घोषित किया था।

27 नवंबर की रात्रि को करीब 1 बजे कुम्हेर थाना क्षेत्र के गांव सिकरोरा मे दो घरो के बीच मे हुए मामूली विवाद पर लाखनसिंह तथा उसके दोस्तों और परिजनों ने अंधाधुंध फायरिंग कर के एक ही परिवार के 3 सगे भाईयो की हत्या कर दी तथा 3 अन्य को गंभीर रूप से घायल कर देने के मामले में नगला देशवाल डीग निवासी नीरज निवासी को यूपी से गिरफ्तार किया है। वृजेश ज्योति उपाध्याय सहायक पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भरतपुर के नेतृत्व में थानाधिकारी हिमाशुसिह राजावत थाना कुम्हेर मय टीम तथा साईवर अपराध तकनीकी यूनिट टीम भरतपुर को साथ लेकर घटना के बाद से ही जिल में तथा अन्य जिलो के साथ साथ पडौसी राज्य उत्तरप्रदेश में भी अपने सूत्र लगाये तथा तकनीकी सहायता मुखविर आदि से ज्ञात आया कि घटना के मुख्य अभियुक्त लाखन, मनीष, और नीरज घटना के समय से ही दो अलग अलग टुकडो में वटकर नीरज किसी निकटवर्ती रिश्तेदार से संपर्क साधकर कहीं रूकने का ठिकाना तलाश रहा है तथा मुख्य आरोपी लाखन तथा मनीष रूपवास थाना क्षेत्र मे कहीं शरण ले रखी है।

आरोपी नीरज द्वारा अपने किसी निकट रिश्तेदार के टेलीफोन नम्बर प्राप्त कर के यूपी में छुपने के लिये गया हुआ है। जिस पर वृजेश ज्योति उपाध्याय सहायक पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भरतपुर के नेतृत्व मे थानाधिकारी हिमाशुसिह राजावत कुम्हेर मय टीम तथा साईवर अपराध तकनीकी यूनिट टीम से रवाना होकर मथुरा के कई भागो मे दविशे दी। जहां से ज्ञात आया कि नीरज अपने मामा की पत्नी के पीहर टिकैत थाना सादावाद जिला हाथरस में रूका हुआ है। पुलिस दल नीरज की तलाश करता हुआ टिकैत पहुंचा।

नीरज पुलिस दल के पहुंचने से पूर्व कुछ घण्टो पहले वहां से भाग छूटा था। तत्पश्चात संभावित विभिन्न स्थान अरौठा, विसावर, अतरौनी, छत्ती का नगला, नगला घूरे, पटलौनी, वल्देव आदि स्थानो पर दविश व तलाश जारी रखी। 1 दिसंबर को विशिष्ठ तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि सिकरोरा हत्याकांड का अभियुक्त अलीगढ़ के अकरावाद थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर मे रूका हुआ है।

## दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार

**रामगंजमंडी,** (निसं)। शहर पुलिस ने नाबालिक बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि थाना रामगंजमंडी द्वारा नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त बबलू पुत्र श्रीराम उर्फ राम (25) जाति अहीर निवासी गैलाना थाना सुसनेर जिला आगर म0प्र0 को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण अरूण मच्या के सुपरविजन मे एन प्रवीण नायक(आईपीएस) सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त रामगंजमण्डी के निर्देशन मे मनोज कुमार थानाधिकारी के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने नाबालिक बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय में पेश किया गया।

# सस्ता सोना देने के नाम पर लाखों रु. ऐंठने वाले गिरोह का पर्दाफाश

- **दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, 6 लाख 38 हजार रुपए बरामद**

**राजसमंद,** (निसं)। लोगों को सस्ता सोने देने के नाम पर लोगों से लाखों रुपये ऐंठने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए राजनगर थाना पुलिस ने गिरोह के दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

राजनगर थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि मामले में हनुमानसिंह सोलंकी (55) पुत्र शिवसिंह सोलंकी निवासी मकान नं. 54 राजीव गांधी कॉलोनी, पुलिस लाईन के सामने थाना औधोगिक क्षेत्र शहर पाली जिला पाली एवं महावीसिंह (50) पुत्र खीमसिंह राठौड निवासी 26० सोसायटी नगर थाना औद्योगिक क्षेत्र जिला पाली को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी डॉ. राजपुरोहित ने बताया कि 5 नवम्बर को पीडित चुन्नीलाल पुत्र डालू सालवी निवासी विरवास आमेट हाल सनवाड राजनगर ने विरुद्ध हनुमानसिह भाटी पुत्र शिवसिह भाटी निवासी पाली ने रिपोर्ट पेश की। जिसमें आरोपी हनुमानसिंह ने चुन्नीलाल को सस्ती कीमत पर सोना बेचने का हवाला देते हुए सोना खरीदने के लिए कहा।

इस पर पीडित चुन्नीलाल व उसके मित्र राजकुमार मेघवाल निवासी नार का मगरा उदयपुर ने आपस में वार्ता कर पांच लाख रुपये में सोना खरीदना तय किया। इसके बाद 6 फरवरी 2021 को आरोपियों के बुलाने पर चुन्नीलाल एवं राजकुमार दोनों चिंतामणी का मादडी पहुंचे। जहां पर सौदा तय किया गया। इस दौरान अरारपी ने 10 लाख रुपये में शुद्ध सोने के बिस्किट देने की बात कही। इसके लिए उसने एडवांस में 5 लाख रुपये देने एवं रुपये मिलने के चार दिन बाद सोने देने और बाकी के पैसे देने और सोने ले जाने के लिए कहा।

इस पर चन्नीलाल एवं राजकुमार ने हनुमानसिंह को पांच लाख रुपये नकद दे दिए। इस पर आरोपी ने 10 फरवरी को पाली उसके घर से सोना लेने की बात की। इसके बाद 10फरवरी को पीडित चुन्नीलाल व उसको दोस्त राजकुमार दोनों सौदे के बकाया रुपये लेकर सोने लाने के लिए आरोपी के घर पाली गए। जहां पर आरोपी ने अपने दो बंगले, फार्म हाउस बताते हुए कहा कि इसी सोने के काम से उसने इतनी तरक्की है। आरोपी के ठाठ-बाठ देखकर पीडित व उसके दोस्त ने आरोपी पर भरोसा कर लिया।

## हादसे में चालक सहित 8 घायल

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ तहसील के गांव 22 ए से घड़साना थाना क्षेत्र के गांव एक एसटीआर में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे 8 लोग सड़क हादसे में घायल हो गए। गांव पतरोड़ा के पास क्रूजर की घड़साना की तरफ जा रही ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर हो गई। हादसे में क्रूजर चालक सहित 8 लोग घायल हो गए। घायलों में से 5 जनों का एम्बुलेंस की सहायता से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाया गया। जहां दो की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें इलाज के लिए हायर सेंटर रैफर किया गया। दुर्घटना में घायल सभी व्यक्ति आपस में रिश्तेदार हैं। जानकारी के अनुसार राजेन्द्र कुमार (35 ) निवासी 11 एसडी जैतसर, मनफूल राम (43) कोझा राम निवासी, बृज लाल (35) निवासी 22 ए, जयदेव (18) निवासी 22 ए, सतपाल (31) पुत्र सोहन लाल निवासी जानकीदास के साथ 3 अन्य लोग एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए क्रूजर गाड़ी में जा रहे थे।

# शहीदों की प्रतिमाओं पर कालिख पोतने का आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी भरत सिंह।

**बीदासर,** (निसं)। निकटवर्ती गांव लुहारा में बुधवार देर रात शहीद स्मारक पर लगी शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु तथा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों पर कालिख पोत देने के पुलिस थाना बीदासर में दर्ज मामले मे थानाधिकारी जगदीश सिंह ने लुहारा के एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय मे पेश करने पर न्यायालय ने जमानत पर रिहा कर दिया।

मामले की जाँच कर रहे थानाधिकारी जगदीश सिंह ने बताया कि सार्वजनिक चौक मे लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज व गुप्त रूप से सूचना संकलन के आधार पर लुहारा निवासी भरत सिंह पुत्र जगमाल सिंह राजपुत को करीबन पाँच किलोमीटर तक आरोपी का पीछा कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गये आरोपी भरत सिंह को न्यायालय मे पेश करने पर जमानत पर छोड़ दिया। इस मामले को लेकर गाँव के ही संजय बेनिवाल ने गुरूवार को पुलिस थाना मे अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ शहीदो की मुर्तियों पर कालिख पोत कर तथा सार्वजनिक चौक मे बने सैल्फी पॉइंट को क्षितठास्त करने तथा गाँव के लोगो मे सामाजिक भावनाओं को भड़काने का मामला दर्ज करवाया था। जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये कालिख पोतने के आरोपी को मामला दर्ज होने के बाद गुरूवार को ही गिरफ्तार कर लिया था।

# एम्बुलेंस में अवैध शराब परिवहन करते तीन गिरफ्तार

- **नाकाबंदी के दौरान फोर्स तूफान ट्रेक्स एम्बुलेंस में भरी मिली शराब**

**पिण्डवाड़ा,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने जिला पुलिस अधीक्षक सिरोही के निर्देशन में अवैध तस्करी की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिरोही देवाराम चौधरी व उप अधीक्षक वृताधिकारी वृत पिण्डवाडा जेठू सिंह करनोत के सुपरवीजन में थानाधिकारी चम्पालाल के कुशल नेतृत्व में एम्बुलेंस में अवैध शराब परिवहन करते तीन अभिुक्तों को गिरफ्तार किया।

पुलिस थाना के अनुसार 2 दिसम्बर को सहायक उप निरीक्षक छैल सिंह मय पुलिस जाब्ता द्वारा थाना क्षेत्र मोरस चौकी के सामने नाकाबंदी के दौरान उदयपुर की तरफ से आ रही फोर्स तुफान ट्रेक्स एम्बुलेंस गाडी में भरे राजस्थान निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब के 21 कार्टून जब्त किये। पुलिस थाना ने आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मुलिजमानों द्वारा अवैध शराब परिवार करने के लिए वाहन का एम्बुलेंस के रूप में प्रयोग कर बचने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस की कार्यवाही से बच नहीं पाये।

पुलिस ने जितेन्द्र पुत्र गोपाल जाति मौंगिया बावरी निवासी नायन थाना नामली जिला रतलाम एमपी, कारूलाल पुत्र शंकरलाल जाति मकवाना निवासी धामनोद थाना सेलाना एमपी व विजय पुत्र मदनलाल जाति मोंगीया निवासी नायन थाना नामली जिला रतलाम को गिरफ्तार किया। पुलिस की कार्यवाही में पुलिस निरीक्षक एवं थानाधिकारी चम्पालाल, छैल सिंह सहायक उप निरीक्षक, कॉन्स्टेबल तुलसाराम व रमेश कुमार सम्मिलत थे।

## एडिशनल परिणाम जारी

**अजमेर,** (कास)।राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य-कॉलेज शिक्षा विभाग प्रतियोगी परीक्षा 2020 के तहत आयोजित बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विषय की परीक्षा का एडिशनल परिणाम जारी किया गया। आयोग के संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि एडिशनल परिणाम में

- **अपात्र अभ्यर्थियों के विरूद्ध 97 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए सफल घोषित**

अपात्र पाए गए अभ्यर्थियों के विरूद्ध 97 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए पूर्णत: अस्थाई रूप से सफल घोषित किया गया है। इन अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर मय समस्त शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक, जाति एवं अन्य वांछित प्रमाण-पत्र (मूल एवं फोटो प्रति) के साक्षात्कार के समय लेकर उपस्थित होना होगा। विस्तृत आवेदन-पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

# स्कूली बच्चों की गाड़ी को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर

**बीकानेर,** (कासं)। जैन कॉलेज चौराहे पर एक स्कूल मैजिक और स्कॉर्पियो में आमने-सामने की टक्कर में मैजिक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि कुछ बच्चों को मामूली चोट लगी है। शुक्रवार सुबह हुई इस दुर्घटना के बाद स्कूल अभिभावकों में भगदड़ मच गई। सभी स्कूल स्टूडेंट्स सुरक्षित हैं और किसी को गंभीर चोट नहीं आई है।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह विद्या निकेतन स्कूल के स्टूडेंट्स एक मैजिक टैक्सी में स्कूल की तरफ जा रहे थे। तभी भीनासर की तरफ से आ रही स्कॉर्पियो गाड़ी ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि मैजिक पलट गई। मैजिक ड्राइवर उस्मान के गंभीर चोट आई। उसे तुरंत पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर ले जाया गया जहां उसके सात टांके आये हैं। वहीं स्कूल स्टूडेंट्स को भी तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया जहां सामान्य उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बच्चों को गंभीर चोट नहीं आई है।

स्कॉर्पियो रिड़मलसर के शौकत अली की बताई जा रही है, जबकि इसे उस्मान ड्राइव कर रहा था। मैजिक पांच नंबर रोड़ स्थित सेठ हीरालाल सौभागमल रामपुरिया विद्या निकेतन की थी। स्कूल प्रबंधन भी तु रंत मौके पर पहुंच गया और बाद ट्रोमा सेंटर भी पहुंचे। बड़ी संख्या में बच्चों के माता-पिता भी मौके पर पहुंचे हैं।

दरअसल जिस जगह ये हादसा हुआ है, वो चौराहा है और काफी खतरनाक है। जैन कॉलेज के पास से सिने मैजिक, नोखा रोड और गोपेश्वर बस्ती की ओर जाने वाले इस मार्ग पर चारों तरफ से गाड़ियां आती है। स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण आये दिन यहां हादसे होते हैं। सुबह के समय यहां विद्या निकेतन स्कूल के अलावा जैन पब्लिक स्कूल, बाफना स्कूल सहित अनेक प्राइवेट स्कूल्स के सैकड़ों स्टूडेंट्स निकलते हैं।

# 17 अभ्यर्थियों को भरना होगा आवेदन एवं प्राथमिकता क्रम

## आरपीएससी द्वारा अधीनस्थ सेवा के 17 अभ्यर्थियों को दिया मौका

**अजमेर,** (कास)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त भर्ती परीक्षा 2021 के तहत मुख्य परीक्षा के एडिशनल परिणाम में सफल घोषित 17 अभ्यर्थियों को ऑनलाइन विस्तृत आवेदन-पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम भरना होगा। इनके साथ ही पूर्व में ऑनलाइन विस्तृत आवेदन-पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम नहीं भरने वाले 2 अभ्यर्थियों को भी आयोग द्वारा अवसर दिया गया है।

आयोग की वेबसाइट पर सेवावार पदक्रम जारी किया जा चुका है। ऑफलाइन भरे गए आवेदन व सेवा प्राथमिकता क्रम को स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन पत्र मय सेवा प्राथमिकता क्रम दो प्रतियों एवं आवश्यक दस्तावेजों की स्व-हस्ताक्षरित छायाप्रति के साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करने होंगे। विस्तृत जानकारी के लिए आयोग की वेबसाइट का अवलोकन करें। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि 4 दिसंबर से 11 दिसंबर 2022 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन विस्तृत आवेदन-पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम भरने का लिंक उपलब्ध रहेगा। निर्धारित समय के बाद इसके लिए कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा 24 नवंबर 2022 को इस परीक्षा का एडिशनल परिणाम जारी किया गया था। इसमें 30 अगस्त 2022 के अंतर्गत सफल घोषित भूतपूर्व सैनिक, विभागीय कर्मचारी तथा उत्कृष्ठ खिलाडी वर्ग के लिए विज्ञापित पदों के विरूद्ध अपात्र पाए गए अभ्यर्थियों के स्थान पर 17 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु पूर्णत: अस्थाई रूप से सफल घोषित किया गया था।

अटल ने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा उनकी एसएसओ आईडी में रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर माय रिक्रूटमेंट के अंतर्गत उपलब्ध डिटेल्ड फार्म कम स्क्रूटनी लिंक के माध्यम से विस्तृत आवेदन-पत्र व सेवा प्राथमिकता क्रम भरे जा सकेंगे। विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम ऑनलाईन भरने के उपरांत ही साक्षात्कार में प्रवेश दिया जाएगा।

## धरना तीसरे दिन भी जारी

**करौली,** (निसं)। एक शहीद का वीरांगना परिवार न्याय की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठा हुआ है जिसकी जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। करौली जिले के टोडाभीम तहसील के कंजौली गांव निवासी वीरांगना राधा देवी पत्नी शहीद अतर सिंह अपनी बेटी सुनीता,भाई विजय सिंह,तुलसीराम, महेंद्र, फूल सिंह, पिता मोहर सिंह,चाचा नाहर सिंह, भावी विमला, अचला, सुनीता, जीरो आदि के साथ करौली कलेक्ट्रेट के सामने 3 दिन से धरने पर बैठी हुई है वीरांगना राधा देवी ने बताया कि मैं शहीद अतर सिंह की वीरांगना हूं मेरे जेठ अमर सिंह पुत्र भोरया गुर्जर एव जेठ के पुत्र विकेश,जितेश एवं उनके परिवार और सहयोगी असामाजिक तत्वों द्वारा मुझे और मेरे परिवार के साथ लगातार मारपीट,लज्जा भंग करने के साथ-साथ परेशान कर गांव से निकाल दिया है । वीरांगना ने बताया कि उक्त मामलों की पुलिस में लिखित रिपोर्ट के बाद भी पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं करने के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं । मैं आज तक अपराधियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण परिवार के साथ मजबूरन होकर जिला कलेक्ट्रेट के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर हुई हूं।

# पायलट और गहलोत में सास बहू की सी लडाई चल रही है: डॉ. किरोडी लाल मीणा

## सरकार के स्थानीय विधायकों को मुख्यमंत्री बना देने से बिगड़ी कानून व्यवस्था



जनआक्रोश यात्रा के रथों को रवाना करने से पहले करौली-धौलपुर सांसद मनोज राजौरिया ( बीच में ) ने पूजन किया।

**करौली,** (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट पर राज्य सभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने भाजपा के जनाक्रोश रथ को रवाना करते हुए तंज कसा है। डॉ. किरोड़ी लाल बोले की पायलट और गहलोत में सास बहू की सी लड़ाई चल रही है। जिससे प्रदेश की कानून व्यवस्था का बंटाधार हो गया। शुक्रवार को भाजपा के जन आक्रोश रथ जिले की चारों विधान सभाओं के लिए रवाना हुए । रथों को श्रीजी मैरिज गार्डन तीनबड से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। जन आक्रोश रथ यात्रा को जिला प्रभारी डॉ. किरोड़ी लाल मीणा,करौली धौलपुर सांसद डॉ. मनोज राजौरिया, जिला संगठन प्रभारी भानु प्रताप सिंह, जिला संयोजक व पूर्व विधायक रमेश मीणा, जिलाध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया ने विधि विधान से पूजा कर रथ को रवाना किया।

रथ पूरे जिले में 1 माह तक गांव गांव जाएंगे। जनाक्रोश रथ गांव गांव जा कर कांग्रेस सरकार की विफलताओं का प्रचार करेंगे। इस दौरान राज्य सभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल बोले की जिले में ऐसी बिगडी कानून व्यवस्था कभी भी नही रही। ऐसा इसलिए हुआ की स्थानीय विधायको को सरकार ने मुख्यमंत्री बना दिया। जिन्होंने अपने मनपसंद अधिकारी लागा लिए। वेणु गोपाल ने भले ही सचिन और गहलोत के हाथ मिलवा दिए लेकिन भारत जोडो यात्रा के राजस्थान से निकलने के बाद एक बार फिर लड़ाई बढ़ जाएगी।

सांसद मीणा ने कहा की करौली में 2 अप्रैल को ही घटना का असली आरोपी मतलूब अभी तक फरार है। क्योंकि गहलोत सरकार उसे संरक्षण दे रही है। सांसद ने केंद्र सरकार और मोदी के कार्य की सराहना तथा कार्यकर्ताओं से आमजन तक प्रचार प्रसार की अपील की। इस दौरान करौली-धौलपुर सांसद डॉ. मनोज राजौरिया ने सरकार पर अपराधियों, दंगाइयों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। साथ ही कहा की सरकार को डॉ. किरोड़ी लाल मीणा से डर लगता है। सांसद ने सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। सांसद ने कांग्रेस सरकार को आमजन की सुरक्षा के मुद्दे,किसान ऋण माफी जैसे प्रमुख मुद्दों सहित हर मोर्चे पर विफल बताया।

इस सरकार में आमजन की कोई सुनवाई नही हो रही है और अपराधी भयमुक्त घूम रहे हैं। आये दिन अपहरण,बलात्कार, चोरी, डकैती जैसी घटनाओं से समाचार पत्र भरे मिलते हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खुद गृह मंत्री होते हुए भी प्रदेश महिला अपराधों समेत अन्य श्रेणियों में देश के सबसे खराब राज्यों में शामिल है। सांसद डॉ. राजौरिया ने बताया कि जन आक्रोश यात्रा के माध्यम से भाजपा के कार्यकर्ता प्रदेश की त्रस्त जनता तक पहुँच कर उसे प्रदेश की सोयी हुई सरकार को उखाड फेंकने हेतु जागरूक करेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया,जिला प्रभारी भानू प्रताप सिंह, रमेष मीना पूर्व विधायक टोडाभीम एवं जिला जन आक्रोश यात्रा संयोजक, सुरेश मीना करौली पूर्व विधायक, पूर्व विधायक हिण्डौन राजकुमारी जाटव आदि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरकार के मुख्यमंत्री व मंत्रियो पर जमकर प्रहार किये वही पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा,महेन्द्र मीना, रमेश राजौरिया,भौरू सिंह जादौन, प्रहलाद सिंहल, जिला महामंत्री धीरेन्द्र बैंसला,गजेन्द्र सिंह,राजेन्द्र शेखपुरा, रामराज मीना, ओपी सैनी आदि जिला स्तरीय एवं मण्डल स्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### रोजगार का प्रशिक्षण दिया

**सुरेर/राजगढ़, (निसं)।** निकटवर्ती माचाड़ी कस्बे में विजय कंस्ट्रक्शन केमिकल्स द्वारा बेरोजगार युवकों को रंग-पेंट संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण ख्याली राम सैनी के यहां पर दिया गया। जिसमें बेरोजगार युवकों को रंग पेंट संबंधी जानकारी दी गई। बताया गया कि किस तरह से रंग पेंट से रोजगार शुरू किया जाता है। और किस तरह से अपने परिवार का पालन पोषण किया जाता है। सीनियर सेल्स ऑफिसर मनीष जांगिड़ व जूनियर सेल्स ऑफिसर अरविंद शर्मा ने बेरोजगार युवकों को बताया कि रंग पेंट करते समय किन-किन बातों की सावधानी रखनी चाहिए जिससे अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें जरा सी लापरवाही जान की जोखिम बन सकती है। उन्होंने प्लास्टिक पेंट डिस्टेंपर तथा ऑयल पेंट और प्राइमर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए रोजगार की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई तथा बेरोजगार युवकों को रोजगार संबंधी किट वितरित किए। कार्यक्रम के इस अवसर पर ख्याली राम सैनी, उमेश सैनी,नागराज शर्मा, कृष्ण गोस्वामी, संतोष योगी, मुकेश बैरवा, हुकम योगी, महेश सैनी, जीतू सैनी, मुकेश योगी, धर्म सिंह, कालूराम बैरवा, महेश बैरवा, मौजूद रहे।

### छात्राओं को नियमों की दी जानकारी

**कोटपूतली, (निसं)।** डाबला रोड़ स्थित श्रीमती पानादेवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविधालय में महिला नीति एवं एनएसएस की तीनों ईकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। इस मौके पर सडक दुर्घटना सुरक्षा एवं सुरक्षित यातायात विषय को लेकर व्याख्यान माला का आयोजन हुआ। जिसमें कोटपूतली पुलिस थाने से जगदीश प्रसाद ने छात्राओं को सडक सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान की। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. भावना चौधरी ने मुख्य वक्ता जगदीश प्रसाद का स्वागत किया। स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविधालय परिसर में साफ-सफाई का कार्य किया गया। संचालन प्रो. विमल कुमार यादव ने किया। इस दौरान प्रो. प्रतिभा पोषवाल, डॉ. कमलेश यादव समेत महाविधालय स्टॉफ एवं छात्रायें मौजूद रही।

### निर्वाण दिवस मनाया

**निवाई, (निसं)।** गांव हरभंवाता में स्थित अद्वेत आश्रम पर श्री सेवानंदजी महाराज का निर्वाण दिवस संत बालकानंद महाराज के सानिध्य में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। शिवदयाल गुर्जर ने बताया कि गुरूवार की रात को भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में श्रद्धालुओं व साधु संतों ने गुरू महिमा के भजन प्रस्तुत किए। शुक्रवार की दोपहर 12:30 बजे संत परम्परा के अनुसार श्री सेवानन्द महाराज की समाधि स्थल पर स्वामी बालकानन्द महाराज ने ओम नमः शिवाय जाप मंत्रों द्वारा स्नान करवाकर समाधि में स्थित शिवलिंग व स्वामी सेवानन्द महाराज की प्रतिमा व चरण पादुका का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजा महाआरती की गई। इसके बाद पंगत प्रसादी जीमाई गई।

### मातृ सम्मेलन का आयोजन किया

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय आदर्श विद्या मन्दिर में शुक्रवार को मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। हरसोली रोड़ पर स्थित में हुए मातृ सम्मेलन में आदर्श शिक्षा समिति के अध्यक्ष रघुनाथ शर्मा और व्यवस्थापक सुरेश शर्मा, जिला संस्कार प्रमुख लालाराम, प्रधानाचार्य दयाराम शर्मा आदि ने उद्बोधन दिया। मुख्य वक्ता विभाग प्रचार प्रमुख सुनील भाई द्वारा माताओं को भैया/बहिनों के सर्वांगीण विकास करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का अहसास कराते हुए अपना अमूल्य योगदान देने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर मातृशक्ति द्वारा भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

### कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

**कोटपूतली, (निसं)।** राज्य के स्वायत्त शासन विभाग के आर्थिक सहयोग से दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्थानीय नगर परिषद द्वारा क्षेत्र के 18 से 35 वर्ष के शहरी क्षेत्र के बेरोजगारों (जिनके परिवार की वार्षिक आय 03 लाख रूपये से कम है) के लिए कस्बे के लाल कोठी में निःशुल्क रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सिलाई व सीसीटीवी कैमरे का प्रशिक्षण करवाया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण हेतु आगामी 10 दिसम्बर तक आवेदन होगें।

# भाजपा की पांच विधानसभा क्षेत्रों की जन आक्रोश रथ यात्रा रवाना

**बहरोड़/ अलवर, (निंस)।** बहरोड़ के जिलानी माता मंदिर से 5 विधानसभा क्षेत्रों की जन आक्रोश रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर कस्बे के बीचों बीच पैदल चलते हुए नेशनल हाईवे नंबर 48 तक वर्तमान एवं पूर्व विधायकों, प्रधानों तथा भाजपा के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी की गहलोत सरकार के ख़िलाफ़ भाजपा के नारों एवं गहलोत सरकार के साथ ही बहरोड़ विधायक की तानाशाही के खिलाफ जोरदार तेज आवाज में नारेबाजी के साथ जिला स्तरीय शुभारंभ करते हुए अलवर उत्तर जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव के नेतृत्व में बहरोड़ से रवाना किया गया।



बहरोड़ के जिलानी माता मंदिर से 5 विधानसभा क्षेत्रों की जन आक्रोश रथ यात्रा रवाना हुई।

जन आक्रोश रथयात्रा का जिला स्तरीय शुभारंभ बलवान सिंह यादव जिला अध्यक्ष अलवर उत्तर के नेतृत्व में प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जिला स्तरीय लॉन्चिंग कार्यक्रम में तिजारा के पूर्व विधायक मामन सिंह यादव, मुंडावर विधायक मनजीत चौधरी, मोहित यादव, इंदर यादव तथा डॉक्टर शानू यादव एवं महा सिंह चौधरी, देवेंद्र यादव, पूर्व प्रधान रोहिताश्व, पूर्व प्रधान लख्मीचंद, जले सिंह रावत पार्षद ओम यादव, संजय मीर, लोकेश यादव सांसद कार्यालय बहरोड़ आदि सहित बहरोड़, मुंडावर, बानसूर, तिजारा एवं किशनगढ़बास पांचों विधानसभाओं से अपने-अपने क्षेत्रों के रथों की हस्त गत जिम्मेदारी सौंपते हुए जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव के द्वारा सभी सारथियों एवं जनाक्रोश रथ यात्रा के दौरान पार्टी द्वारा नियुक्त समितियों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बखूबी जिम्मेदारी निभा कर कार्यक्रम अनुसार जन आक्रोश रथ यात्रा की सफलता में क्षेत्र की जनता का भरपूर सहयोग लेते हुए अपने पार्टी के तत्वों का बखूबी निर्वहन करने का आव्हान किया तथा जिलानी माता मंदिर से बहरोड़ के मुख्य चौराहा नेशनल हाईवे नंबर 48 तक पैदल चलकर सभी 5 विधानसभा क्षेत्रों के जन आक्रोश रथो का अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर समयानुसार विधानसभा वार जनाक्रोश रथ यात्रा की जिम्मेदारी सौंपकर जिला स्तर की जनाक्रोश रथ यात्रा का शुभारंभ किया।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोगों सहित पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय भाजपा समर्थित क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

## खेल मैदान के विकास कार्य के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी

■ विधायक इंद्राज गुर्जर द्वारा विकास कार्य हेतु 44 लाख की वित्तीय स्वाकृति जारी करवाई

**पावटा, (निसं)।** राजस्थान के गांवों की नवपौध यानी बच्चे जब स्कूल जाते हैं तो उन्हें स्कूल तो जैसे-तैसे नसीब हो जाता है, लेकिन खेल के मैदान के नाम पर स्कूल के आसपास की खाली पडी जमीनों पर लगी जंगली झाडियों से भरा मैदान ही नसीब हो पाता है।

वहीं राज्य सरकार की प्राथमिकताएं भी ग्रामीण अंचलों में खेल मैदान तो दूर केवल स्कूल खोलने तक ही सीमित रहती हैं, लेकिन महात्मा गांधी राष्टीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत इस कमी को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे लेकर विधायक इंद्राज गुर्जर द्वारा पंचायत समिति पावटा की ग्राम पंचायत भांकरी में खेल मैदान के शेष विकास कार्य हेतु 44 लाख की वित्तीय स्वाकृति जारी करवाई गई है। इस दौरान विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि युवाओं की लगातार समस्याओं को देखते हुए अपने अथक प्रयासों से हर गाँव में एक खेल मैदान बनाने का प्रण लिया था जो पूरा होते हुए नजर आ रहा है।

खेल मैदान से युवा वर्ग को आर्मी भर्ती, फिजिकल फिट होने में मदद मिलेगी। क्षेत्र के विकास कार्य के लिए हमेसा तत्पर रहा हूं और आगे भी रहूंगा। भांकरी सरपंच व सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनकड ने बताया कि गांवों में खिलाडियों को बेहतर सुविधा नहीं मिलने के कारण व राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना हुनर नहीं दिखा पाते हैं। जिसके कारण कई खिलाडी योग्य होते हुए भी सुविधा के अभाव में आगे नहीं बढ पाते हैं। खेल मैदानो के विकास से खिलाडियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। जिससे ग्रामीण अंचल में खेलों का स्तर सुधरने के साथ खिलाडियों को खेल मैदान पर बेहतर सुविधा मिलेगी। इसको लेकर राज्य सरकार ने हर ग्राम पंचायत पर खेल मैदान का निर्माण करवाने का निर्णय लिया है। इस विकास कार्य के लिए भांकरी सरपंच व सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनकड सहित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने विधायक इंद्राज गुर्जर का आभार जताया।

## जन आक्रोश यात्रा को लेकर समिति गठित

**पावटा, (निसं)।** जन आक्रोश यात्रा को लेकर विराटनगर विधानसभा समिति का गठन किया। इसमें जिला प्रभारी सतवीर यादव व भाजपा जयपुर देहात उत्तर के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने जिला उपाध्यक्ष गिरिराज शर्मा को विधानसभा संयोजक, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष संतोष मोदी को विधानसभा सह संयोजक, जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ सुरेश गिठाला को कार्यक्रम एवं प्रवास प्रमुख, पूर्व पार्षद जयसिंह पारीक को सभा एवं रैली प्रमुख, जिला कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा हरि प्रसाद बल्लीवाल को यात्रा वाहन प्रमुख, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा सुरेश बादलीवाल को स्वागत प्रमुख, पूर्व जिला महामंत्री देवनारायण लटाला को प्रचार-प्रसार प्रमुख, पूर्व पार्षद ललित गोयल को मीडिया प्रमुख, मण्डल अध्यक्ष किसान मोर्चा शिवदान फागना को सोशियल मीडिया प्रमुख, मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठी को प्रशासनिक कार्य प्रमुख, वरिष्ठ कार्यकर्ता रत्ना कुमारी को अतिथि प्रमुख, पूर्व मंडल अध्यक्ष भागीरथ यादव को चिकित्सा प्रमुख, जिला संयोजक व्यवसायिक प्रकोष्ठ कन्हैयालाल मीणा को आवास प्रमुख, पूर्व मंडल महामंत्री निर्मल पंसारी को भोजन प्रमुख, मण्डल अध्यक्ष जयराम सिंह सिंह को सुरक्षा प्रमुख, जिला महामंत्री एलन स्वामी को स्वच्छता प्रमुख, जिला संयोजक उद्योग प्रकोष्ठ रोहिताश ताखर को एडवांस व्यवस्था टीम, जिला संयोजक पंचायतीराज प्रकोष्ठ रोहिताश सिंधु को डोक्युमेंटेशन प्रमुख, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सौरभ शेखावत को युवा संयोजक, पावटा प्रधान पूजा चौधरी को महिला संयोजक, एससी मोर्चा जिला महा मंत्री बद्री प्रसाद चौहान को अनुसूचित जाति संयोजक व एसटी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल मीणा को अनुसूचित जनजाति संयोजक का दायित्व सौंपा गया है।

## डांगरथल में एसडीएम ने जन सुनवाई की



निवाई के गांव डांगरथल में एसडीएम रविकांत सिंह ने जनसुनवाई की।

**निवाई, (निसं)।** गांव डांगरथल में एसडीएम रविकांत सिंह की अध्यक्षता में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। जन सुनवाई कार्यक्रम में डांगरथल में हो रखे अतिक्रमण को हटवाने पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

लोगों ने जन सुनवाई में बताया कि असामाजिक तत्वों ने नहर का वाल्व खोल दिया। इस पर एसडीएम ने ग्राम विकास अधिकारी मोहन गुर्जर को मौके पर जाकर रिपोर्ट देने तथा समस्या का निस्तारण करने क निर्देश दिए। ताकि किसानों की फसल खराब ना हो।

इसके अलावा ग्राम पंचायत में 10 दिसम्बर तक नालिया बनाने के निर्देश दिये ताकि जगह-जगह फैले कीचड की समस्या से निजात मिल सके। इसके अतिरिक्त जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पानी पहुंचने तथा किसानों को दिन में पर्याप्त बिजली देने के निर्देश दिए गए। जन सुनवाई में सरपंच बजरंग लाल बैरवा, विकास अधिकारी रानू इंकिया, अधीक्षण अभियंता, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी के अलावा शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, पंचायत सहायक सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## महिला सशक्तिकरण पर आयोजित होगी नारी चौपाल

**अलवर, (निसं)।** जिला प्रशासन द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत समाज में लिंगानुपात सुधार, महिलाओं की गरिमा एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु 6 दिसम्बर से 31 जनवरी 2023 तक नारी चौपाल का आयोजन करवाया जाएगा। यह आयोजन विभिन्न विभागों के सहयोग से केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित महिलाओं संबंधी योजनाओं, नियमों, अधिनियमों का प्रचार प्रसार कर जागरुकता कार्यक्रमों से समतामूलक समाज का निर्माण करने हेतु ग्राम पंचायत एवं उपखण्ड स्तर कराया जाएगा। नारी चौपाल के आयोजन हेतु प्रशिक्षु आईएएस सुश्री रिया डाबी को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि नारी चौपाल के तहत घरेलू हिंसा रोकथाम अधिनियम 2006, कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीडन रोकथाम अधिनियम (निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोष 2013), दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, वन स्टॉप सेंटर, सती रोकथाम अधिनियम 1987, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, घूंघट प्रथा, गुड टच बैड टच, चिरंजीवी योजना, पालनहार योजना, उडान योजना, इंदिरा महिला शक्ति योजना, बाल विवाह निषेध अधिनियम, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, अनैतिक व्यापार (मानव तस्करी), पोक्सो एक्ट, महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं कन्या भ्रूण हत्या से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि उपखण्ड क्षेत्रा राजगढ में 6 दिसम्बर 2022 को, कठूमर में 9 दिसम्बर, उमरैण में 13 दिसम्बर, तिजारा में 16 दिसम्बर, रामगढ में 21 दिसम्बर, बानसूर में 23 दिसम्बर, बहरोड में 26 दिसम्बर, किशनगढबास में 30 दिसम्बर, नीमराना में 3 जनवरी 2023 को, रैणी में 6 जनवरी, लक्ष्मणगढ में 10 जनवरी, मुण्डावर में 14 जनवरी, कोटकासिम में 18 जनवरी, थानागाजी में 21 जनवरी, मालाखेडा में 27 जनवरी तथा गोविन्दगढ में 31 जनवरी को नारी चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सभी ब्लॉकों में नारी चौपाल प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित की जाएगी।

उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नारी चौपाल आयोजन के तहत महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी परिवेदनाओं का मौके पर समाधान किए जाने हेतु सभी स्थानों पर संबंधित विभाग योजनाओं का मौके पर ही लाभ देने के लिए काउंटर लगाकर पंजीकरण करेंगे।

## एथ्लेटिक्स एवं साहित्य सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारम्भ

■ प्रतियोगिता मे 17 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 700 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं

**मालपुरा, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उर्दू ब्लॉक की मेजबानी में स्कूल खेल मैदान पर 2 से 5 दिसम्बर तक आयोजित 66वीं जिला स्तरीय एथेलेटिक्स एवं साहित्य संस्कृति प्रतियोगिता का शुभारम्भ शुक्रवार को हुआ। नगरपालिका अध्यक्ष आशा नामा, पालिका उपाध्यक्ष पवन कुमार मैन्दवास्या ने खेलध्वज पहरा प्रतियोगिता के शुभारम्भ की घोषणा की।



पालिका अध्यक्ष आशा नामा व उपाध्यक्ष पवन कुमार मैन्दवास्या ने 66वीं एथ्लेटिक्स व साहित्य प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने खिलाडियों को उत्कर्ष्ट खेल प्रदर्शन किये जाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल आवश्यक है। हार-जीत सिक्के के दो पहलू है। हार से निराश होने के बजाय प्रेरणा ले। प्रतियोगिता संयोजक प्रधानाचार्य बलराम विजयवर्गीय ने सभी प्रतिभागियों को स्वागत कर प्रतियोगिता का प्रतिवेदन पढा। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद इस्हाक, बशीर अहमद, सीबीईईओ गिर्राज कुमार गुप्ता, रामअवतार जैन कडीला, समाज सेवी इकबाल दादा, एडवोकेट रवि कुमार जैन, राशिद अहमद, मुकेश जैन, पूर्व पार्षद नजरूलहक, अनुपम कालरा ने मंचाशील रहते हुए खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। शारीरिक शिक्षक आरिफ हसन व अख्तर हुसैन ने बताया कि प्रतियोगिता मे 17 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 700 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

## अस्थाई डंपिंग यार्ड बना जानलेवा

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के पावटा शहर में शासन प्रशासन की लापरवाही गौवंश के लिए ही जानलेवा साबित हो रही है। शहर में कचरा एकत्रित करने के लिए बना अस्थाई डंपिंग यार्ड अब गौवंश के लिए जानलेवा बन गया है। पिछले कई सालों से नगरपालिका द्वारा शहर के अपशिष्ट पदार्थो को पावटा शहर मे स्थित नदी मे बना अस्थाई डंपिंग यार्ड में लाया जाता है। यहां पर बडी मात्रा में अपशिष्ट पदार्थो के पहाड बन चुके हैं। जहां पर आम लोगों का पहुंचना भी नामुमकिन सा है। वहीं बीते कुछ समय में यहां पर नगरपालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते बडी संख्या में गौवंश प्लास्टिक और कचरा खाने को मजबूर है। इन सब के बावजूद नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस अस्थाई डंपिंग यार्ड के चारो तरफ ना तो चार दिवारी करवाई जा रही है और ना ही तारबंदी की जा रही है। जिससे बडी संख्या में गौवंश यहां कचरा खाकर मरने को मजबूर है। अत्यधिक प्लास्टिक के सेवन से यहां पर गोवंश की हर दिन मौत हो रही है। जगह-जगह मृत पशुओं के शव कचरे के बीच संक्रमण का खतरा भी बढा रहे हैं। लेकिन शासन प्रशासन इस पूरे मामले पर आंखें मूंद बैठा है।

## सार-समाचार

### 35 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया




**निवाई, (निसं)।** एचडीएफसी बैंक के तत्वावधान में बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ शाखा प्रबंधक सौरभ माहेश्वरी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान होता है। रक्तदान से दूसरों को जीवनदान मिलता है। इसलिए रक्तदान किया जाना चाहिए। शिविर में 35 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि जीवनदाता ब्लड बैंक द्वारा रक्त संठाहण किया गया। इस दौरान मनीष विजय,केशव शर्मा, केदार यादव, जगदीश गुर्जर, दिनेश विजय सहित अनेक लोग मौजूद थे। इस अवसर पर रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह दिए गए।

### प्रताप सिंह को दी श्रद्धांजलि

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की जोबनेर सड़क स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शुक्रवार को दोपहर 1 बजे चिकित्सा विभाग द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि फुलेरा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत प्रताप सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी शांति नगर जयपुर का एक सड़क हादसे में असामयिक निधन से फुलेरा सामुदायिक अस्पताल में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोबनेर हाईवे के बस्सी नागा टोल के समीप एक स्कॉर्पियो और निजी बस की भिड़ंत हो गई, जिसमें कई लोगों के चोटें आई है। उक्त बस में ही फार्मेसिस्ट प्रताप सिंह तंवर भी जयपुर से फुलेरा अस्पताल में ड्यूटी करने आ रहा था जो हादसे का शिकार हो गया। जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जैसे ही प्रताप सिंह की मौत की खबर फुलेरा हॉस्पिटल स्टाफ धोनी तो पूरे अस्पताल में शोक की लहर दौड़ गई और हॉस्पिटल स्टाफ ने उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। इस दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ. धर्मेन्द्र भामू, डॉ. महेश कडेल, डॉ. राहुल मित्तल, डॉ. रामबाबू गुर्जर, डॉ. सरोज, डॉ. मनोज कुमार बियानी, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी रणवीर सिंह राठौड़, स्टोर प्रभारी प्रवीण वर्मा, भवानी वर्मा, इकरामुद्दीन कुरैशी, राजरानी, पुखराज वर्मा, विक्रम वर्मा, अनिल कुमावत सहित अस्पताल के कर्मचारियों सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### फरार आरोपी गिरफ्तार



**निवाई, (निसं)।** हाईवे पर स्थित वेयर हाउस में से सरसों चोरी का 7 माह से फरार आरोपी गिरफ्तार किया गया है। बरोनी थाना अधिकारी हरिराम ने बताया कि एनएच 52 हाईवे पर स्थित वेयर हाउस में रखी हुई सरसों के कट्टे चोरी हो गए थे। दर्ज प्रकरण के बाद बरोनी थानाधिकारी के निकट सुपरविजन में सहायक उप निरीक्षक सीताराम, कानि. विनोद की टीम ने आरोपी अनीश उर्फ फोरिया उम्र 24 वर्ष पुत्र तोलाराम भील निवासी साढागांव थाना सदर टोंक को गिरफ्तार किया है। उन्होने बताया कि आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### गौड़विप्र परिषद समिति के चुनाव 25 को

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** श्री गौड विप्र परिषद समिति श्रीमाधोपुर की निर्वाचन समिति के अशोक कुमार लाटा, मनोज शर्मा व इंद्र लाल शर्मा ने समिति की नवीन कार्यकारिणी सदस्यों हेतु होने वाले चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। बताया गया है कि सदस्यता अभियान 20 दिसंबर तक चलेगा। नवीन कार्यकारिणी हेतु निर्वाचन प्रक्रिया में 4 वार्डों के 21 सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा, 22 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रकाशन, 23 व 24 दिसंबर को नामांकन पत्र प्राप्त करने होंगे। 25 दिसंबर को 9 से 12 बजे तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे, दोपहर 1 से 2 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच, 2 से 3 बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। इसी दिन 3 बजे अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 3 से 4 बजे तक नवीन कार्यकारिणी हेतु सदस्यों का निर्वाचन कर 4 से 5 बजे तक नव निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा पदाधिकारियों का निर्वाचन कर शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**पावटा, (निसं)।** सामाजिक कार्यकर्ता ओ पी बायला ने जानकारी देते हुए बताया कि शिव सेना के उप जिला प्रमुख आचार्य श्री विकास शास्त्री के नेतृत्व में रविवार को प्रागपुरा स्थित गूँजेडा धाम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में क्षेत्र के साधु संत व जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगे। किसी के द्वारा दान किए गए रक्त की एक बूंद किसी को जीवनदान दे सकती है । इसलिए प्रत्येक युवा को जीवन में रक्तदान करना चाहिए।

## शिलान्यास कार्यक्रम सम्पन्न

**निवाई, (निसं)।** आर्यिका विज्ञाश्री माताजी संघ के सानिध्य में जैन समाज रजवास के तत्वावधान में संत निवास शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि सकल दिगम्बर जैन समाज रजवास के श्रद्धालुओं द्वारा सर्व प्रथम माताजी को श्रीफल भेंट किया। इसके बाद बाल मनुहार टीया जैन ने मंगलाचरण में संगीत के साथ एकल नृत्य की प्रस्तुति दी। संत निवास का शिलान्यास करने का सौभाग्य श्रेष्ठी ताराचंद कैलाश चंद, राजेश कुमार, मनीष कुमार जैन बाकलीवाल को मिला। शिलान्यास कार्यक्रम का मंच संचालन जैन समाज के मंत्री महावीर प्रसाद पराणा ने किया। शिलान्यास को लेकर रजवास में श्रद्धालुओं ने गुरु विराग सागर महाराज एवं आर्यिका विज्ञाश्री माताजी का पूजन किया।


**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 58/2022

(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि मोहम्मद याकूब खां कार्यवाहक प्रन्यासी, प्रन्यास द एंजल चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर निवासी ए-159, हजरत अली नगर, आमेर जयपुर ने प्रन्यास द एंजल चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर-24703 मोहल्ला पहाडगंज, मीठी कोठी का रास्ता, जपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 90/2021 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत दिनांक 20.09.2022 को प्रस्ताव पारित कर प्रन्यासी मोहम्मद शोएब, मोहम्मद जररार व अफारी बेग के त्याग पत्र देने के कारण नाजी सबा, ऐनी सबा व फैजी सबा को नवीन प्रन्यासी मनोनीत कर उनके नामों को दर्ज अभिलेख कराने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है। अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 30.11.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 06.01.2023

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर



**उत्तर पश्चिम रेलवे** — **सार्वजनिक सूचना**

**रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोक्ताओं को एततद्वारा सूचना दी जाती है कि जयपुर मण्डल, उत्तर पश्चिम रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, एसी शिरोपरि कर्शण तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिश्ट तारीख, 15.12.2022 को या बाद ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्शण लाइन को सब समय विद्युन्मय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाईन की सामीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।**

| खण्ड | तारीख |
|---|---|
| खातीपुरा स्टेशन के लाइन न. 7 & 8 के किमी 222/960.50 (ओ.एच.ई खम्भा सं 222/39) से किमी 224/700.20 (ओ.एच.ई. खम्भा सं 224/31A) | 15.12.2022 |

1017-AC/22 — उप. मुख्य विद्युत अभियंता (प्रथम) निर्माण, जयपुर

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## संक्षिप्त

### रोटरी परिवार ने ऊनी वस्त्र बांटे

**मालपुरा,** (निसं) नस्तर चुभोने वाली शरद हवाओं से जरूरतमंदों को व नौनीहालों को राहत पहुंचाने का संकल्प लिये रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन की और से शुक्रवार को शहर के 11 सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत 300 विधार्थियो को ऊनी वस्त्र बांटे। रोटरी राकेश जैन नेवटा ने बताया कि शुक्रवार को शहर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय झालरा मे आयोजित एक सादा समारोह मे एसडीएम रामकुमार वर्मा, पंचायत समिति विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, रोटरी क्लब अध्यक्ष भागचन्द जैन, पवन जैन संगम, अरूण काबरा, रमेश जैन, अरविन्द काबरा, महेश गुप्ता, विमल अग्रवाल, विजेन्द्र शर्मा, मनोज जैन, रमेश जैन सहित क्लब परिवार की और से ऊनी वस्त्र वितरण किये गये। एसडीएम रामकुमार वर्मा ने कहा कि जरूरतमंद की सेवा जीवन की सबसे बडी सेवा है। रोटरी परिवार द्वारा किये जा रहे इस पूनित कार्य की जितनी सराहना की जाये उतनी कम है।

### भामाशाह का सम्मान किया

**सांभरझील,** (निसं)। गुढा में शुक्रवार को मदन सिंह राजावत की ओर से गौशाला के निमित्त 51हजार रुपए का चेक गौशाला के गजानंद भार्गव व कान सिंह राजावत को सौंपा गया। भामाशाह राजावत ने कहा कि मनुष्य जीवन में माता-पिता और गौ सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। वर्तमान समय में गौ वंशों में संकट आया हुआ है। इसी को मध्यनजर रखते हुए मेरा परिवार गौ सेवा के लिए आगे आया है। इस मौके पर अध्यक्ष गजानंद भार्गव ने कहा कि प्रदेश में इन दिनो गौवंश में फैली लंपी स्क्रीन डिजीज के दर्द को देख स्थानीय गौशाला को दिया गया योगदान काफी अहम है। गौशाला अध्यक्ष मदन सिंह ने भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त किया। इस दौरान गजानंद भार्गव, कान सिंह और भामाशाह परिवार के मदन सिंह, विमला देवी, जानकी देवी, कोमल कंवर, सोनू कंवर आदि मौजूद रहे।

### जयप्रकाश यादव उपाध्यक्ष बने

**खैरथल,** (निसं)। विशिष्ट श्रेणी की कृषि उपज मंडी समिति खैरथल से विभाजित नवसृजित कृषि उपज मंडी समिति तिजारा के उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन शुक्रवार को संपन्न कराया गया। इससे पहले गुरुवार को सरजीत पुत्र विशम्बर निवासी ईसरोदा को समिति का निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया था। कृषि उपज मंडी समिति खैरथल के सचिव सुरेन्द्र कुमार सैनी की उपस्थिति में शुक्रवार को तिजारा कार्यालय में एसडीएम एवं प्राधिकृत अधिकारी (निर्वाचन) महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में नवसृजित कृषि उपज मंडी समिति के संचालक मंडल की प्रथम साधारण बैठक आयोजित की गई। क्षेत्रीय विधायक संदीप यादव व सभी संचालकों की उपस्थिति में ग्राम गोठड़ा निवासी जयप्रकाश पुत्र श्री रामानन्द को सर्वसम्मति से समिति का उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया।

### जयंती मनाने पर बैठक आज़

**खैरथल,** (निसं)। क्षत्रिय जाट समाज परगना जिंदोली की आम बैठक तीन दिसंबर को आयोजित होगी। बैठक में मुख्य रूप से 23 दिसंबर को किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती समारोह पूर्वक मनाने पर चर्चा होगी। परगना के सचिव अशोक कुमार चौधरी ने बताया कि जिंदोली में टोकर वाला कुआं शिव मंदिर में अध्यक्ष राममेहर चौधरी की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे होने वाली इस बैठक में सामाजिक एवं संगठनात्मक मुद्दों के अतिरिक्त मुख्य रूप से ततारपुर चौराहा पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती समारोह मनाए जाने पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे।

### छेड़छाड़ का नामजद मामला दर्ज

**मालपुरा,** (निसं)। टोडारायसिंह कस्बा निवासी एक नाबालिग के पिता ने अपने नाबालिग बेटे से व्यापारी द्वारा छेडछाड किये जाने का नामजद मामला दर्ज करवाया। थानाधिकारी ने बताया कि पीडित के पिता की और से दी रिपोर्ट में बताया कि नाबालिग बच्ची पास ही की दुकान पर सामाना लेने पहुंची तो दुकानदार सुरेश कोठयारी ने जबरन बच्ची को दुकान में बुला छेडछाड की। जिसे बच्ची के भाई ने देख लिया। घर जाकर परिजनों को अवगत करवाया। जिस पर परिजनों ने दुकान पर पहुंच बच्ची को दुकान से व्यापारी के चंगुल से छुडाया।

# भाजपा जन आक्रोश रथ को राज्यसभा सांसद तिवाड़ी ने रवाना किया

**अलवर,** (निसं)। जिला प्रभारी भाजपा किसान मोर्चा निर्मल सुरा भरतपुर में जनाक्रोश यात्रा के शुभारंभ में शामिल हुए। भरतपुर में जनाक्रोश रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर घनश्याम तिवाडी राज्यसभा सांसद द्वारा रवाना की गई।

इस दौरान जिला अध्यक्ष डॉ. शैलेश, सांसद रंजीता कोली, जवाहर बेडम, पूर्व विधायक अनीता, गिरधारी, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहन राहर एवं सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं किसान मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी अंतिम सांस गिन रही है। राजस्थान की जनता हर क्षेत्र में इस सरकार से पीड़ित है, महिलाओं पर अत्याचार दुराचार एवं दुष्कर्म हो रहे हैं। किसान खाद बीज के लिए परेशान है, बेरोजगार भत्ते के लिए परेशान हैं आए दिन आए दिन हत्याओं का दौर बढ़ता जा रहा है, किंतु थमने का नाम ही नहीं ले रहा, हत्यारे आजादी से घूम रहे हैं, नेता उनको संरक्षण दे रहे हैं किंतु जनता में जो बढ़ता हुआ आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा था इसलिए भाजपा ने जनता की आवाज को जन आक्रोश यात्रा के रूप में प्रारंभ करने का मन बनाया और संपूर्ण राजस्थान में 200 विधानसभा में 200 रथ यात्राओं का आज हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में नेम सिंह फौजदार प्रदेश प्रवक्ता किसान मोर्चा, उपेंद्र सिंह नेता प्रतिपक्ष, मुकेश, जिला मंत्री भरतपुर, अमर सिंह फौजदार, रूपेंद्र, सुदामा यादव पूर्व सरपंच राजेश खरका, जगत सिंह दुर्गेश बरोलिया, एवं जिला प्रभारी निर्मल सूरा अलवरकिसान मोर्चा भरतपुर कार्यक्रम में उपस्थित रहे।


जनाक्रोश रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**फुलेरा,** (निसं)। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल जानकारी देते हुए बताया कि अवैध शराब के खिलाफ एक रेंज स्तरीय अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश शर्मा एवं वृत्ताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में फुलेरा थानाधिकारी हनुमान सहाय यादव के द्वारा पुलिस की एक टीम गठित कर अवैध देशी शराब के साथ एक जने को गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में फुलेरा थानाधिकारी हनुमान सहाय ने बताया कि पुलिस की टीम ने अभियान की पालना में मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस थाना क्षेत्र के मुण्डवाडा स्थित पेट्रोल पंप के पास अवैध देशी शराब के 40 पव्वे जप्त किए गए जाकर अभियुक्त जगदीश प्रसाद पुत्र बालूराम जाति रैगर उम्र 32 वर्ष निवासी मुण्डवाडा थाना क्षेत्र फुलेरा को गिरफ्तार कर थाना हाजा पर प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान शुरू किया।

## कुल्हाड़ी से हमला करने के आरोपी को भेजा जेल

- एक आरोपी देवेंद्र गुर्जर पुलिस पकड़ से अब भी फरार

**मंडावरी,** (निसं)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर मारपीट व कुल्हाड़ी से पैर पर वार कर फरार आरोपी को मंडावरी पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद लालसोट स्थित न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायालय के आदेशों के बाद आरोपी राजकुमार मीणा को न्यायिक अभिरक्षा जेल भिजवा दिया गया। वही इस वारदात में लिप्त एक आरोपी देवेंद्र गुर्जर अभी भी पुलिस पकड़ से बाहर चल रहा है।

गत सोलह नवंबर को नाल्या वाली ढाणी निवासी पीड़ित घायल संजय मीना खुद की मां के इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आया हुआ था इसी दौरान आरोपियों द्वारा मौका पाकर पूर्व नियोजित प्लान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर चाय की थड़ी पर बैठे संजय पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया था। गनीमत रही कि कुल्हाड़ी द्वारा किया गया वह सिर में लगने की वजह पांव में जाकर लगा इसके कारण संजय की जान बच गई थी। दौसा पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के द्वारा इस वारदात को गंभीरता से लेते हुए वारदात में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपाधीक्षक अरविंद गोयल के सुपरविजन में मंडावरी थाने की गठित की गई विशेष टीम के हैड कांस्टेबल विश्राम सिंह, शैलेंद्र कुमार, लाखन सिंह आदि ने तकनीकी आधार पर आसूचना संकलन से फरार आरोपी घात लगाए बैठे राजकुमार मीना निवासी खेजड़ा वाली ढाणी थाना क्षेत्र मंडावरी को गिरफ्तार कर लिया गया। वही पुलिस दूसरे आरोपी देवेंद्र गुर्जर को भी पकड़ने प्रयास में जुटी हुई है।

## आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने दहेज के लिए प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शैतान कुम्हार पुत्र किशनलाल निवासी वार्ड नंबर 6 तेजाजी मंदिर के सामने, मूंडरू है। प्रकरण के अनुसार परिवादी धूड़ाराम कुमावत पुत्र रामुराम कुमावत निवासी वार्ड नंबर 5 झाड़ली पुलिस थाना थोई ने एक रिपोर्ट इस आशय की दर्ज कराई थी कि परिवादी की पुत्री प्रियंका कुमावत का विवाह आरोपी शैतान कुम्हार के साथ अप्रैल 2008 में हुआ था। आरोपी उसकी पुत्री प्रियंका को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था व उस पर झूठे आरोप लगाता था, जिससे परिवादी की पुत्री प्रियंका ने दुखी होकर 14 जुलाई 2022 को आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दौराने अनुसंधान आरोपी शैतान कुम्हार को गुरुवार को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायालय के आदेश पर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।


पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले को गिरफ्तार किया।

## सड़क किनारे खड़े बेतरतीब वाहनों से ट्रैफिक जाम


सड़क किनारे वाहनों से जाम की स्थिति।

**पावटा,** (निसं)। कस्बे में टसकोला भोनावास रोड पर ट्रक एवं छोटे-बडे वाहन सडक किनारे आडे-तिरछे खडे हो जाते हैं। इस कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को एक तरफ परेशानियों का सामना करना पडता है। वहीं दूसरी तरफ सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं पडते हैं, जिसके कारण हादसा होने की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को स्थानीय लोगों द्वारा अवगत कराया जा चुका है। इसके बाद भी यहां की स्थिति में कोई सुधार होता हुआ नहीं दिखाई दे रहा है।

बच्चो को स्कूल लाने ले जाने वाले वाहन चालकों ने अपनी मनमर्जी इन मुख्य मार्गों पर अस्थायी बस स्टैंड बना लिए हैं। जिसके कारण रोड से गुजरने वाले अन्य वाहन चालकों को अपने वाहन निकालने में परेशानी होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते कस्बे में यातायात व्यवस्था दिनोंदिन लचर होती जा रही है। जिसका खामियाजा राहगीरों को हर रोज भुगतना पड रहा है। टसकोला भोनावास रोड पर ट्रक व अन्य वाहन सडक के दोनों ओर खडे हो जाते हैं। इससे वाहनों के निकलने के लिए जगह कम बचती है और अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। हाईवे हो या शहर के अंदर के मार्ग सभी जगह सडक के किनोर बेतरतीब खडे वाहनों को देखा जा सकता है। ये वाहन आए दिन सडक हादसों का कारण भी बनते हैं। कहीं तेज रफ्तार मौत का कारण बन रही हैं तो कही सडक किनारे खडे वाहन, लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं देते हैं और कागजी कार्रवाई कर सिर्फ खानापूर्ति कर देते हैं। शहर क्षेत्र में देखा जाए तो हर मार्ग के फुटपाथ पर वाहन खडे देखे जा सकते हैं।

## शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर बैठक ली

- स्वच्छता को लेकर नगरपालिका हुई सख्त
- गंदगी फैलाने पर होगी कड़ी कार्रवाई
- पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने ली बैठक

**लालसोट,** (निसं)। नगर पालिका क्षेत्र को स्वच्छ रखने एवं उसके सौंदर्यकरण को लेकर नगर पालिका में कार्मिकों की एक बैठक नगर पालिका अध्यक्ष रक्षा मिश्र व अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी ने ली।

नगर पालिका क्षेत्र के सौंदर्यीकरण एवं लोगों द्वारा निर्धारित जगह पर कचरा आदि नहीं डालने के कारण फैली गंदगी को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ऐसे लोगों पर सख्त कड़ी कार्यवाही करेगा। नगर पालिका चेयरमैन एवं अधिशासी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत वर्तमान में निकाय में स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 पूर्णत: प्रभावी हो गया है। उक्त स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में भारत सरकार द्वारा संभवत: जनवरी से फरवरी माह के बीच स्वच्छता टीम का गठन कर निकायों की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया जावेगा एवं निरीक्षण के उपरांत निकाय को देश व प्रदेश स्तर पर स्वच्छता रैंकिंग प्रदान की जावेगी। निकाय द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में शहर लालसोट को स्वच्छता रैंकिंग में अव्वल लाने के लिए नगरपालिका अपने सीमित संसाधनों से सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाते हुए हर संभव प्रयास कर रही है एवं शहर में सौन्दर्यकरण हेतु नवीन कार्य किए जावेगें। शहर लालसोट से गुजरने वाले सभी मुख्य मार्गों एवं बाजारों सहित आवासीय कॉलोनियों स्थिति प्रतिष्ठान पर उचित क्षमता का डस्टबीन अनिवार्य रूप से रखने और अपने प्रतिष्ठान का समस्त कचरा गीला व सूखा अलग-अलग डस्टबीन में रखकर पालिका के निर्धारित स्थल या कचरा संग्रहण वाहन में डालने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। साथ ही अपनी दुकान के साजो सामान अनुपयोगी वस्तुऐं को रोड पर ना रखें और न हीं अवैध अतिक्रमण करें। यदि नगर पालिका सक्षम अधिकारी के निरीक्षण के दौरान उपरोक्तानुसार स्थिति पाई जाती है तो सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 के प्रावधानों के अन्तर्गत मौके पर जुर्माना वसूल किया जावेगा।

# 'रथ यात्रा के माध्यम से जन-जन को जगायेंगे, भाजपा की सरकार बनाएंगे'

**टोंक,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी जन आक्रोश यात्रा को लेकर जिला मुख्यालय पर रथों की लॉन्चिंग पटेल सर्किल पर की गई। रथों को जिला यात्रा प्रभारी कालीचरण सर्राफ, जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराणा, सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने झंडी दिखाकर विधानसभा के लिए रवाना किया।

यात्रा जिला प्रभारी कालीचरण सर्राफ ने कहा कि इन रथों के माध्यम से कॉंग्रेस सरकार की दमनकारी नीतियों व जंगलराज को आमजन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भाजपा की रहेगी। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने जनता से झूठे वादे किये, प्रदेश में जंगलराज फैलाया। जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा ने कहा कि रथ यात्रा के माध्यम से भाजपा गहलोत सरकार की काली करतूतों को जन जन तक पहुँचाएगी। सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने कहा कि रथ यात्रा के माध्यम से जन-जन को जगायेंगे, भाजपा की सरकार बनाएंगे।

इस मौके पर जिला प्रमुख सरोज बंसल,यात्रा जिला संयोजक सतीश चंदेल,पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल जैन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी जैन,भाजयुमो प्रदेश महामंत्री चंद्रवीर सिंह, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, शिक्षक प्रकोष्ठ सह संयोजक नीलिमा आमेरा, जयपुर सह प्रभारी नरेश बंसल, विधानसभा यात्रा प्रभारी अनमोल तोमर, जिला उपाध्यक्ष बेनी प्रसाद जैन, जिला मंत्री गणपत पहाडिया, कोषाध्यक्ष सुनील जैन, पं. महावीर शर्मा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष बबलू टैंकर, एस टी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमार मीणा, बिना छामुनिया, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, आई टी संयोजक लोकेश गुप्ता, सोशल मीडिया संयोजक गणेश सैनी, मंडल अध्यक्ष धर्मराज गुर्जर, किशनगोपाल जाट, शैलेन्द्र जैन, रामकिशन गुर्जर, राजेश शर्मा, लक्ष्मीनारायण मीणा, चौथमल विजय, बाबू लाल कासलीवाल, जिला परिषद सदस्य लवेश मीणा, वृद्धिचंद गुर्जर, पार्षद बादल साहू सहित अन्य मौजूद रहे।



भाजपा जन आक्रोश यात्रा को लेकर जिला मुख्यालय पर रथों को जिला यात्रा प्रभारी कालीचरण सर्राफ, सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ( बीच में ) ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

## सर्वश्रेष्ठ जिले का प्रमाण पत्र मिलेगा आज

**अलवर,** (निसं)। जिला प्रशासन अलवर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 3 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम में इस वर्ष के दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु उत्कृष्ट कार्य करने पर सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार राष्ट्रपति द्वारा विज्ञान भवन में प्रदान किया जाएगा।

जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी दिव्यांजन सशक्तिकरण हेतु सर्वश्रेष्ठ जिले का प्रमाण पत्रा प्राप्त करेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रविकान्त ने बताया कि भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी वर्ष 2022 के पुरस्कार विजेताओं की सूची में अलवर जिले को शामिल किया है। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष दिव्यांगजन के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले देशभर में केवल एक जिले को प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन अलवर द्वारा राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार दिव्यांगजन हेतु सक्षम अलवर अभियान का नवाचार किया है।

## सार-समाचार

### विद्यालय का औचक निरीक्षण किया



**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। विभागीय योजनाओं की क्रियान्विति तथा विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर की जांच हेतु मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सीकर रामचंद्र पिलानियां ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं के अवलोकन के साथ साथ कक्षा 10 में गणित विषय का अध्यापन भी कराया तथा बालिकाओं से विषयगत प्रश्न पूछकर उनके शैक्षिक स्तर की जांच की। बालिकाओं के द्वारा सटीक उत्तर देने पर उनका उत्साहवर्धन भी किया तथा संस्था प्रधान शिवपाल सिंह शेखावत समेत अन्य विषयाध्यापकों को आगामी बोर्ड परीक्षा के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम बाबत निर्देश दिए। विद्यालय में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के दो ट्रेड आई टी व ब्यूटी की लैब का भी अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने महात्मा गांधी इंग्लिश गवर्नमेंट मीडियम स्कूल का भी अवलोकन किया तथा संस्था प्रधान रमाकांत शर्मा से बाल वाटिका में नव प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी ली। पिलानिया ने कक्षा एक में विद्यार्थियों से रूबरू होकर उनकी लर्निंग एक्टीविटी को देखा। निरीक्षण में एसीबीईओ विनोद कुमार शर्मा भी साथ थे।

### प्रशिक्षण शिविर में ध्वजारोहण किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ के अधीन राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय मूंडरु में चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण एवं जांच शिविर के चतुर्थ दिन ध्वजारोहण कर संभागियों को संबोधित करते हुए पूर्व पंचायत समिति सदस्य विजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि स्काउट जन-जन तक पहुंचे ऐसा हमें प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्काउट की गतिविधियों में भाग लेना गौरव का विषय है। शेखावत ने विश्व जम्बूरी में भाग लेने वाले ग्रुप्स की तैयारी का अवलोकन कर प्रसन्नता व्यक्त की। स्थानीय संघ के सचिव अशोक तिवाड़ी मऊ ने बताया कि शुक्रवार को दक्ष प्रशिक्षक मधुसूदन शर्मा, रामनारायण शर्मा, द्वारका प्रसाद शर्मा, विश्वनाथ शर्मा द्वारा संभागियों को सिगनलिंग एंड मोर्स, प्राथमिक सहायता फर्स्ट एड कलरपार्टी, मार्चपास्ट अभ्यास, अनुमान लगाना, स्ट्रेचर पट्टियां व झोल द्वितीय तृतीय सोपान के बैज गेम्स वाइड गेम्स मनोरंजन व श्रमदान करवाया गया। शिविर स्थल पर मंजू शर्मा, बनवारी लाल कुमावत, केदारनाथ शर्मा, हेमराज सैनी, मुकेश शर्मा, चौथमल सैनी, मांगीलाल कुमावत सहित स्काउट आंदोलन के सदस्य मौजूद रहे।

### डॉ. प्रीतम यादव को प्रथम रैंक

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत मोहनपुरा की ढाणी भोमसिंह वाली निवासी डॉ. प्रीतम यादव ने एक बार पुन: अपनी सफलता से क्षेत्र व परिवार का नाम देश भर में रोशन किया है। डॉ. प्रीतम ने अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स) द्वारा आयोजित एमसीएच प्रवेश परीक्षा में देश भर में प्रथम रैंक हांसिल की है। यादव नई दिल्ली के एम्स से ब्रेस्ट एण्ड एंडोक्राईन सर्जरी में एमसीएच की पढाई करेगें। प्रीतम ने अपनी प्राथमिक शिक्षा कोटपूतली से प्राप्त की थी। जिसके बाद वर्ष 2013 में उनका चयन एम्स से एमबीबीएस के लिए हुआ था। उन्होंने जोधपुर के एम्स से एमबीबीएस परीक्षा वर्ष 2018 के दिसम्बर माह में उत्तीर्ण करते हुए गोल्ड मैडल प्राप्त किया था। इसके बाद उन्होंने अपनी एमएस की पढ़ाई एम्स, नई दिल्ली से की। सामान्य किसान परिवार से आने वाले डॉ. प्रीतम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता ओमप्रकाश यादव, चाचा विजय सिंह यादव व अशोक यादव, बड़े भाई अमित मेहता व इनकम टैक्स इंस्पेक्टर सचिन यादव एवं छोटे भाई अनिल व सुनील को दिया है।

### एसपी त्रिपाठी ने जायजा लिया

**टोंक,** (निसं)। भारत जोडो यात्रा के मद्देनजर जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने यात्रा स्थल का जायजा लिया और विचार विमर्श किया। जानकारी के अनुसार भारत जोडो यात्रा को लेकर आ रहे कांग्रेसी लीडर राहुल गांधी की यात्रा जिले में आखरी बार्डर पर मात्र 3 किमी. निकलेगी। इस यात्रा को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने उनियारा सर्किल के पुलिस अधिकारियों के साथ यात्रा स्थल का दौरा किया। यात्रा स्थल के एक ओर सवाईमाधोपुर जिला है तो दूसरी ओर बूंदी जिला यात्रा बूंदी जिले से प्रवेश कर सवाईमाधोपुर जिले में चली जाएगी। एसपी त्रिपाठी ने उनियारा सर्किल के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक ली, यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श भी किया।

### ठगी करने के प्रयास का मामला

**टोंक,** (नि.सं)। शहर में एक व्यक्ति के फोटो का दुरुपयोग कर उसके परिचितों को मैसेज कर नगदी रुपयों की ठगी करने का मामला सामने आया है, जिसको लेकर पीड़ित ने परिचितों से मिली जानकारी के बाद शहर कोतवाली पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। पीडित सुरेन्द्र गुप्ता पुत्र मनफूल गुप्ता निवासी ओमविहार विकास विहार कॉलोनी ने शहर कोतवाली पुलिस थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि मेरे फोटो का दुरुपयोग कर किसी अनजान व्यक्ति ने मेरे परिचित लोगों को वाट्सएप मैसेज कर उनसे रुपए की मांग की जा रही है। इसकी जानकारी मेरे परिचितों ने फोन कर दी। इस व्यक्ति के मोबाईल के माध्यम से उचित कार्यवाही की जाएं।

### क्रीडा प्रतियोगिता आयोजित



**नारायणपुर,** (निसं)। 66वीं जिला स्तरीय छात्र वर्ग एथलेटिक्स क्रीडा प्रतियोगिता का उद्घाटन शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल स्टेडियम में थानागाजी एसीबीओ रामेश्वरदयाल मीना और सरपंच मन्नी देवी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संयोजक राजकुमार यादव ने बताया कि आयोजित चार दिवसीय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता में 17 वर्षीय छात्र वर्ग में 18 इवेंट्स होंगे, जिसमें 152 दल के 501 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। वही 19 वर्षीय छात्र वर्ग में 19 इवेंट्स होंगे जिसमें 96 दल के करीब 244 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में दौड़, लंबी कूद, गोला फेक, भाला फेक, हेमर थ्रो, ऊँची कूद सहित अनेक खेलों का आयोजन होगा। प्रतियोगिता का समापन 5 दिसम्बर को होगा। इस मौके पर अजबपुरा प्रधानाचार्य सुनील यादव, मुण्डावरा प्रधानाचार्य महावीर मीणा, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश गोठवाल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण मौजूद थे।

### भारत जोड़ो यात्रा को लेकर बैठक आज

**टोंक,** (निसं)। भारत जोडो यात्रा को लेकर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय टोंक आयोजित होगी। जिला प्रवक्ता जर्रार खान ने बताया कि बैठक में टोंक जिला प्रभारी व अल्पसंख्यक मामलात मन्त्री सालेह मोहम्मद, देवली-उनियारा विधायक हरीश मीना, निवाई- पीपलू विधायक प्रशान्त बैरवा साहब, संगठन जिला प्रभारी महेन्द्र सिंह खेडी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण गाता सहित टोंक जिले के सभी पीसीसी सदस्य,पूर्व विधायकगण, जिले के प्रधान, नगर निकाय के अध्यक्ष, जिला परिषद के सदस्यगण, अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष, जिले के सभी निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष, पंचायत समिति सदस्य,सरपंच सहित सभी कांग्रेस के कार्यकर्तागण मोजूद रहेगे।



मिशेल हमारी टीम का अहम सदस्य है और हम इस उबरने की प्रक्रिया के समय में उनका सहयोग करेंगे और हमें उम्मीद है कि वह मार्च में भारत के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला के लिये आस्ट्रेलियाई चयन के लिये उपलब्ध होंगे।
- जॉर्ज बेली

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता, मिशेल मार्श की चोट को लेकर।

आज का खिलाड़ी


**नेमार**



**ब्राजील** विश्व कप में कैमरून के खिलाफ होने वाले मुकाबले के बाद नेमार के टूर्नामेंट में हिस्सा लेने पर फैसला करेगा। नेमार को सर्बिया के खिलाफ टीम के पहले मैच में दाहिने टखने में चोट लग गई थी। इसके बाद वह बाकी ग्रुप मुकाबलों के लिए टीम से बाहर हो गए। चोट के कारण वह कैमरून के खिलाफ अंतिम ग्रुप मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। ब्राजील के सहायक कोच क्लेबर जेवियर ने गुरुवार को कहा, वह प्रगति कर रहे हैं। हम कैमरून के खिलाफ मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और फिर हम इन खिलाड़ियों के बारे में निर्णय लेने की प्रक्रिया शुरू करेंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** टैस्ट मैच में लगातार पगबाधा आउट होने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के डब्लू वाटसन के नाम है। वाटसन सात पारियों में लगातार पगबाधा आउट हुए थे।

## पोंटिंग अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर



पर्थ, 2 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर और पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग को यहां ऑप्टस स्टेडियम में शुक्रवार को तबियत बिगड़ने के बाद स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने बताया कि पॉन्टिंग ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे टेस्ट मैच के तीसरे दिन सेवन नेटवर्क के लिये कमेंट्री कर रहे थे, तभी उनकी तबियत सहसा बिगड़ गयी। सूत्रों के अनुसार पॉन्टिंग को दिल का दौरा पड़ा था, लेकिन उनकी स्थिति के बारे में कोई पुष्टि नहीं हुई है। करीब 40 मिनट से कमेंट्री कर रहे पॉन्टिंग लंच होने पर कमेंट्री बॉक्स से बिना किसी की मदद के बाहर निकले। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कोच जस्टिन लैंगर उन्हें कार तक छोड़कर आये, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। पॉन्टिंग मैच के बाकी हिस्से में कमेंट्री करने के लिये स्टेडियम नहीं लौटे, लेकिन सूत्रों के अनुसार उनका स्वास्थ्य स्थिर है।

## बेजान पिचें टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छी नहीं : रमीज राजा

रावलपिंडी, 2 दिसंबर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन रमीज राजा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए तैयार की गई पिच की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह के विकेट टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छा नहीं है और पाकिस्तान को भी 'ड्रॉप इन पिचों' (जिन पिचों को किसी और जगह पर तैयार किया जाता है) को अपनाने पर विचार करना चाहिए। रमीज ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से कहा," मैं इस तरह की पिचों से खुश नहीं हूं। हम परिणाम हासिल कर सकते हैं लेकिन इस तरह की पिचें टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छी नहीं हैं।" पिछले 17 साल में पाकिस्तान में अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 6.5 प्रति ओवर की दर से 657 रन बनाए। उसके शीर्ष क्रम के पांच में से चार बल्लेबाजों हैरी ब्रुक, जॉक क्रॉउली, बेन डकेट और ओली पोप ने शतक लगाए। इसके जवाब में पाकिस्तान ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 181 रन बनाए। रमीज ने कहा कि इंग्लैंड जैसी टीमों को चुनौती देने के लिए पाकिस्तान को भी ऑस्ट्रेलिया की तर्ज पर 'ड्रॉप इन पिच' तैयार करनी चाहिए। उन्होंने कहा," हमारे लिए 'ड्रॉप इन पिच' विकल्प हो सकती हैं क्योंकि पाकिस्तान में अधिकतर सतह लगभग एक जैसी हैं।"

## ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन बनाई 344 रन की बढ़त

पर्थ, 2 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल स्टार्क (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्ट इंडीज को 283 रन पर ऑलआउट करने के बाद तीसरे दिन शुक्रवार को 344 रन की विशाल बढ़त हासिल कर ली। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट के नुकसान पर 29 रन बना लिये हैं। वेस्ट इंडीज ने यहां पर्थ स्टेडियम पर तीसरे दिन का खेल 74/0 से आगे बढ़ाते हुए पहले ही ओवर में तेजनारायण चंद्रपॉल का विकेट गंवा दिया। अपना पहला टेस्ट खेल रहे चंद्रपॉल ने 79 गेंदों पर सात चौके और एक छक्का लगाकर 51 रन बनाये। क्रेग ब्रैथवेट ने संयम के साथ खेलना जारी रखा, जबकि एन्क्रुमाह बॉनर 16 रन पर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गये। कप्तान पैट कमिंस ने ब्रैथवेट को 64 रन पर आउट करके ऑस्ट्रेलिया को अगली सफलता दिलाई। ब्रैथवेट ने 166 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के के साथ 64 रन बनाये, जबकि इसके बाद कोई भी कैरिबियाई बल्लेबाज 50 का आंकड़ा नहीं छू सका। ऑस्ट्रेलिया की अनुशासित गेंदबाजी के खिलाफ जरमेन ब्लैकवुड ने 36, जेसन होल्डर ने 27 जबकि बॉनर की जगह एकादश में आये शमारह ब्रूक्स ने 33 रन बनाये। विंडीज के सात विकेट 266 रन पर गिरने के बाद कंगारुओं ने अन्य तीन विकेट 17 रन के अंदर गिरा दिये।

## एकदिवसीय सीरीज में लिटन करेंगे कप्तानी

ढाका, 2 दिसंबर। सलामी बल्लेबाज लिटन दास भारत के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला में बंगलादेश की कप्तानी करेंगे। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बंगलादेश के पूर्णकालिक कप्तान तमीम इकबाल ग्रोइन में चोट लगने के कारण सीरीज से बाहर हो गये, जिसके बाद बीसीबी ने यह फैसला लिया। लिटन ने इससे पहले 2021 में तत्कालीन कप्तान महमूदुल्लाह के चोटग्रस्त होने के बाद न्यूजीलैंड के विरुद्ध टी20 मैच में बंगलादेश की कप्तानी की थी। इसके अलावा वह बंगलादेश टेस्ट टीम के उपकप्तान भी हैं। बीसीबी क्रिकेट संचालन अध्यक्ष जलाल यूनुस ने यहां जारी विज्ञिप्त में कहा, "लिट्टन टीम के अधिक अनुभवी खिलाड़ियों में से एक है और उन्होंने नेतृत्व के गुणों का प्रदर्शन किया है। उनके पास क्रिकेट समझने वाला दिमाग है और खेल को अच्छी तरह से पढ़ते हैं।"

## सौराष्ट्र ने दूसरी बार जीती विजय हजारे ट्रॉफी

अहमदाबाद, 2 दिसंबर। सौराष्ट्र ने शेल्डन जैकसन (133 नाबाद) के शानदार शतक और चिराग जानी (43/3) की हैट्रिक की बदौलत शुक्रवार को फाइनल में महाराष्ट्र को पांच विकेट से हराकर दूसरी बार विजय हज़ारे ट्रॉफी जीत ली। महाराष्ट्र ने रुतुराज गायकवाड़ (108) के शतक की मदद से सौराष्ट्र को 50 ओवर में 248 रन का लक्ष्य दिया। सौराष्ट्र ने यह लक्ष्य 46.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। गायकवाड़ ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरा शतक जड़ते हुए 131 गेंदों पर सात चौकों और चार छक्कों की बदौलत 108 रन बनाये। महाराष्ट्र गायकवाड़ के सैकड़े के दम पर बड़े स्कोर की ओर अग्रसर थी लेकिन चिराग ने 49वें ओवर में हैट्रिक ली जिसके कारण गायकवाड़ की टीम 248 रन ही बना सकी।

# पुर्तगाल को चौंका कोरिया 12 साल बाद सुपर 16 में



अल रैयान, 2 दिसंबर। दक्षिण कोरिया ने अतिरिक्त समय के गोल की बदौलत फीफा विश्व कप 2022 के रोमांचक मुकाबले में पुर्तगाल को 2-1 से हराकर 12 साल बाद टूर्नामेंट के सुपर-16 चरण में प्रवेश कर लिया। एजुकेशन सिटी स्टेडियम पर खेले गये मैच में किम यंग ग्वोन (27वां) और हांग ही-चैन (90 1वां मिनट) ने विजेता टीम के गोल किये, जबकि पुर्तगाल का एकमात्र गोल रिकार्डो होर्ता (पांचवां मिनट) ने जमाया।

कोरिया को सुपर-16 में पहुंचने के लिये यह मुकाबला जीतना जरूरी था। आधिकारिक समय पूरा होने तक स्कोर 1-1 पर बराबर था और कोरिया पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था। प्रीमियर लीग में वुल्वरहैम्पटन के लिये खेलने वाले ंग ही-चान यहां कोरिया लिये संकटमोचक बनकर आये। सोन-ह्यूंग मिन कोरियाई अर्द्ध से बॉल को ड्रिबल करते हुए पुर्तगाल के गोल के समीप पहुंचे और ही-चैन ने उनसे पास लेकर बॉल को गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। कोरिया तीन मैचों में चार अंकों के साथ 12 साल बाद सुपर-16 में पहुंच गयी। उसने इससे पहले 2010 में विश्व कप के दूसरे चरण में जगह बनाई थी। ठ्ठुप-एच में उरुग्वे ने भी तीन मैचों में चार अंक हासिल किये लेकिन वह कोरिया से कम गोल करने के आधार पर टूर्नामेंट से बाहर हो गयी।


### घाना से 2-0 से जीतने के बावजूद उरुग्वे बाहर

इससे पूर्व, पहले ही सुपर-16 में पहुंच चुकी पुर्तगाल ने मैच की आक्रामक शुरुआत की और पांचवें मिनट में होर्ता के गोल से बढ्त हासिल कर ली। कोरिया के लिये जिन सु-किम ने 17वें मिनट में गोल किया लेकिन उसे ऑफसाइड करार दे दिया गया। कोरिया को उसकी पहली सफलता 27वें मिनट में मिली जब यंग-ग्वोन ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया।

पुर्तगाल ने दूसरे हाफ में भी आक्रामक खेल जारी रखा। कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 52वें मिनट में बॉल को कोरियाई गोलपोस्ट में पहुंचा दिया, हालांकि इस गोल को भी ऑफसाइड होने के कारण अमान्य करार दिया गया।

कोरिया को बढ्त हासिल करने की सख्त जरूरत थी, जिसके लिये उन्होंने 66वें मिनट में ही-चैन को स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में पिच पर बुलाया। ही-चैन ने उनके इस फैसले को सही साबित करते हुए अतिरिक्त समय में गोल करके कोरिया का सुपर-16 में पहुंचना लगभग सुनिश्चित कर दिया। दूसरी ओर, उरुग्वे ने ग्रुप-एच मुकाबले में घाना को 2-0 से मात दी। कोरिया के अगले चरण में पहुंचने के लिये यह भी जरूरी था कि उरुग्वे घाना को दो से ज्यादा गोलों के अंतर से न हराये। डिएगो गोडिन की टीम ने अल-वाकराह शहर के अल-जनूब स्टेडियम पर घाना को एक भी गोल नहीं करने दिया, लेकिन वह खुद भी सिर्फ दो ही गोल कर सकी। ग्रुप-एच से पुर्तगाल और कोरिया अगले दौर में पहुंचने वाली टीमें हैं, जबकि उरुग्वे और घाना बाहर हो गये हैं।

# जापान ने स्पेन को हराया, दोनों टीमों ने राउंड 16 के लिये क्वालीफाई किया



दोहा, 2 दिसंबर। जापान ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फीफा विश्व कप के ग्रुप ई मैच में यहां स्पेन पर 2-1 की जीत से राउंड 16 के लिये क्वालीफाई किया। 2010 की चैम्पियन स्पेन की टीम हार के बावजूद अगले दौर में पहुंच गयी।

जापान ने गुरूवार को देर रात हुए मैच में दूसरे हाफ के शुरू में दो दागकर यूरोप की मजबूत टीम को हरा दिया और लगातार दूसरी बार नॉकआउट चरण में जगह बनायी। ऐसा पहली बार है जब जापान लगातार टूर्नामेंट में ग्रुप चरण से आगे पहुंचने में कामयाब हुआ हो। जापान ने इसी खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम में ग्रुप के शुरूआती मुकाबले में जर्मनी को 2-1 से हराकर उलटफेर किया था।

ओ टनाका ने दूसरे हाफ के शुरू में काफी करीब से टीम के लिये विजयी गोल दागा। अधिकारियो को इस गोल की वीडियो समीक्षा से पुष्टि करने में दो मिनट लगे। जापान की टीम ग्रुप ई में शीर्ष पर रही जिससे अब वह अंतिम 16 के मैच में क्रोएशिया से भिड़ेगी जबकि स्पेन की टीम दूसरे स्थान पर रहने से अगले दौर में पहुंची जिसमें वह मोरक्को के सामने होगी। स्पेन और जर्मनी दोनों के ग्रुप में तीन तीन अंक थे। लेकिन पहले ग्रुप मैच की बदौलत उसका गोल अंतर बेहतर रहा और जर्मनी बाहर हो गयी। ग्रुप में दोनों मैचों के दौरान तालिका में उतार चढ़ाव होता रहा। कोस्टा रिका एक समय जर्मनी को हराने की ओर बढ़ रहा था। अगर यही नतीजा रहता तो कोस्टा रिका की टीम स्पेन को बाहर कर देती।

स्पेन के लिये अलवारो मोराटा ने 11वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलायी थी जो मैच पर नियंत्रण बनाये थी। लेकिन हाफ टाइम के बाद जापान ने तेजी दिखायी। रित्सु दोआन ने बायें पैर से बॉक्स के बाहर से लगाये गये शॉट से 48वें मिनट में गोल दागा और जापान ने 1-1 की बराबरी हासिल की। तीन मिनट बाद टनाका ने अपनी टीम आगे कर दिया। स्पेन ने ग्रुप चरण की शुरूआत कोस्टा रिका को 7-0 से हराकर की थी और फिर जर्मनी से 1-1 से ड्रा खेला था। जापान की टीम रूस में अंतिम 16 में बेल्जियम से हारकर बाहर हुई थी। टीम विश्व कप में कभी भी राउंड 16 से आगे नहीं पहुंची है।

### कोस्टारिका पर जीत के बावजूद जर्मनी विश्व कप से बाहर

अल खोर (कतर), 2 दिसंबर। जर्मनी की टीम गुरूवार को रात यहां कोस्टा रिका पर 4-2 की जीत के बावजूद लगातार दूसरे विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर हो गयी। चार बार की चैम्पियन जर्मनी के लिये राउंड 16 में पहुंचने के लिये यह जीत भी काफी नहीं थी। जापान की स्पेन पर 2-1 की जीत से ये दोनों टीमें अगले दौर में पहुंची। जापान ग्रुप में शीर्ष पर रहा।

## विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए नीदरलैंड के सामने अमेरिका की चुनौती

दोहा, 2 दिसंबर। नीदरलैंड फुटबॉल विश्व कप के पहले प्री-क्वार्टर फाइनल में शनिवार को यहां जब मैदान में उतरेगा तो उसके सामने अमेरिका की मजबूत चुनौती होगी। अमेरिका के कोच ग्रेग बेरहल्टर को नीदरलैंड के खेल की अच्छी समझ है क्योंकि वह 28 साल पहले वहीं पेशेवर खिलाड़ी बने थे। अमेरिका की टीम 2002 के बाद कभी विश्व कप क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में विफल रही है।

टीम 2010 और 2014 में अतिरिक्त समय तक चले मैच में क्रमशः घाना और बेल्जियम से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गयी थी। टीम 2018 में विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही। बेरहल्टर ने कहा, " हम जिस स्थिति में हैं उसके हकदार हैं और इसे जारी रखना चाहते हैं। हमारे लिये पिछले मैच की थकान से उबर कर एक मजबूत टीम के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करना जरूरी है।" नीदरलैंड और अमेरिका ने पांच बार एक दूसरे का आमना सामना किया है। यह सभी मुकाबले मैत्री मैच रहे है जिसमें नीदरलैंड ने चार में जीत दर्ज की है जबकि एक मुकाबला अमेरिका के नाम रहा है। नीदरलैंड 1974, 1978 और 2010 में विश्व कप की उप विजेता रहा है लेकिन टीम 2018 में क्वालीफाई करने में विफल रही थी।

मौजूदा विश्व कप में टीम ने सेनेगल और कतर को 2-0 के समान अंतर से हराया जबकि इक्वाडोर के खिलाफ मैच 1-1 की बराबरी पर छूटा। टीम के खिलाड़ी कोडी गोकपो शानदार लय में है जिन्होंने इस तीनों मैचों को गोल दागे है। नीदरलैंड के कोच लुईस वान गाल ने कहा, " टीम यहां विश्व चैम्पियन बनने आयी है। हमारे लिए अंमित-16 या अंतिम आठ में पहुंचना काफी नहीं है।" मैच भारतीय समय के अनुसार रात साढ़े आठ बजे शुरू होगा।

## जापान के कोच मोरियास ने कहा, 1993 के विश्व कप क्वालीफाइंग मैच की याद आयी

अल रेयान, 2 दिसंबर। जापान के कोच हाजिमे मोरियासू ने स्पेन पर जीत से नॉकआउट दौर में पहुंचने के बाद कहा कि जैसे जैसे मैच खत्म हो रहा था, वह कतर में 1993 में इराक के खिलाफ क्वालीफाइंग मैच के बारे में सोच रहे थे जिसमें हार से उनकी टीम पहली बार फीफा विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने से महरूम रह गयी थी। तब वह जापान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में मिडफील्डर थे और अब वह टीम के कोच हैं तो उन्होंने एक तरह से उस प्रदर्शन की भरपायी की। जापान ने गुरूवार रात खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम में 2010 की चैम्पियन स्पेन पर 2-1 से जीत दर्ज की। पिछले हफ्ते टीम ने 2014 चैम्पियन जर्मनी को इसी स्कोर से हराकर उलटफेर किया था। दोहा में 29 साल पहले के मैच में बारे में याद करते हुए मोरियासू ने कहा, "मैच खत्म होने से एक मिनट पहले मुझे दोहा की दुखद घटना याद आ गयी थी। दोहा में 1993 में अंतिम क्वालीफायर में जापान 2-1 से बढ़त बनाये थी लेकिन 'स्टापेज टाइम' में टीम ने गोल गंवा दिया था और उनकी पहली बार विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने की उम्मीद के साथ मोरियासू का दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट में खेलने का सपना भी टूट गया था।

## जितना संभव हो प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने का प्रयास करता हूं : गायकवाड़

अहमदाबाद, 2 दिसंबर। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे महाराष्ट्र के कप्तान रुतुराज गायकवाड ने शुक्रवार को कहा कि वह जितना संभव हो अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने का प्रयास करते हैं और अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने पर ध्यान देते हैं।

गायकवाड ने विजय हजारे ट्रॉफी में पांच पारियों में चार शतक लगाए जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल है। उन्होंने कुल 660 रन बनाए। सौराष्ट्र की फाइनल में महाराष्ट्र पर पांच विकेट की जीत के बाद प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए गायकवाड ने कहा," मैं केवल अपने खेल का आनंद लेने का प्रयास कर रहा हूं। मैं वर्तमान में जीता हूं और अच्छे शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने पर ध्यान देता हूं। मैं जितना संभव हो अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करता हूं।"

गायकवाड सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे और महाराष्ट्र के सभी मैचों में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने कहा," मेरे लिए चोट से उबर कर वापसी करना महत्वपूर्ण था। टीम का वरिष्ठ और अनुभवी खिलाड़ी होने के कारण मुझे आगे बढ़कर नेतृत्व करना था।" गायकवाड ने फाइनल में 108 रन बनाए लेकिन इसके बावजूद महाराष्ट्र नौ विकेट पर 248 रन ही बना पाया। सौराष्ट्र ने 46.3 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप में एक और उलटफेर से बचना चाहेंगे मेस्सी और अर्जेंटीना

दोहा, 2 दिसंबर। स्टार फुटबॉलर लियोनल मेस्सी और अर्जेंटीना टीम शनिवार देर रात (साढ़े 12 बजे) फीफा विश्व कप के राउंड 16 मुकाबले में आस्ट्रेलिया के खिलाफ किसी भी तरह की आत्ममुग्धता से बचना चाहेगी ताकि फिर टूर्नामेंट में उलटफेर का शिकार न हो जाये।

वहीं आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के लिये मेस्सी जैसे धुरंधर के साथ मैदान पर खेलना किसी करिश्मे से कम नहीं है। वे इस मुकाबले को लेकर काफी उत्साहित हैं। वे कैसा महसूस कर रहे होंगे, इसका अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता। उनके फॉरवर्ड मैथ्यू लेकी ने मेस्सी के बारे में कहा, "वह (मेस्सी) ऐसी चीजें करते हैं जो कोई और नहीं कर सकता।

डिफेंडर मिलोस डेजेनेक ने तो यहां तक कहा, शायद, वह खेल के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर हैं।" आस्ट्रेलियाई टीम के इस चरण से पहले ही स्वदेश लौटने की उम्मीद थी लेकिन अब वे दोहा में विश्व कप में एक और ताजा उलटफेर करने की कोशिश में हैं। इस विश्व कप में उलटफेर भरे नतीजों की भरमार रही है जिसमें सऊदी अरब ने अर्जेंटीना को हराकर टूर्नामेंट के 92 वर्ष के इतिहास का शायद सबसे बड़ा उलटफेर किया। पिछले दो हफ्तों में जापान ने जर्मनी और स्पेन को हराकर जबकि मोरक्को ने बेल्जियम को और ट्ययूनीशिया ने फ्रांस को हराकर उलटफेर किया।

यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि कि आस्ट्रेलिया ने भी डेनमार्क को हराकर उलटफेर किया। अब वे इस सूची में एक और नतीजा जोड़ना चाहेंगे। लेकी ने कहा, "कोई भी हमसे जीतने की उम्मीद नहीं करता। इसलिये चलो दुनिया को चौंकाते हैं। हालांकि अर्जेंटीना की टीम ग्रुप चरण में सऊदी अरब से मिली हार के बाद आत्ममुग्ध नहीं होगी। मेस्सी अपने पांचवें और संभवतः अंतिम विश्व कप में जीत से अलविदा कहना चाहेंगे। उन्होंने कहा, "हम जानते हैं कि इस समय सबकुछ काफी मुश्किल है। सभी प्रतिद्वंद्वी मुश्किल होंगे। हमारे साथ सभी यह जानते हैं। "

एक हफ्ते पहले सऊदी अरब से हार के बाद अर्जेंटीना की टीम आत्ममंथन के दौर से गुजर रही थी और मेक्सिको के खिलाफ एक घंटे तक गोल नहीं कर पाने के बाद उसके एक मैच रहते ग्रुप चरण से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था। पर अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कालोनी को अंत में कतर में जीत का फॉर्मूला मिल गया है। टीम ने मेक्सिको को और पोलैंड को 2-0 से हराकर ग्रुप में शीर्ष टीम के तौर पर नॉकआउट दौर में प्रवेश किया जिसमें वह दुनिया की 38वीं रैंकिंग की टीम से भिड़ रही है। आस्ट्रेलिया की टीम 2006 के बाद विश्व कप में इस चरण में केवल दूसरी बार ही खेल रही है। क्वार्टरफाइनल में मैच की विजेता टीम का सामना नीदरलैंड या अमेरिका से होगा।

आस्ट्रेलिया की 26 सदस्यीय टीम का सिर्फ एक खिलाड़ी ही यूरोप की शीर्ष पांच लीग में खेलता है तो यह अहमद बिन अली स्टेडियम में यह मुकाबला बेमेल सा दिखता है। डेजेनेक ने कहा, "मुझे लगता है कि उनकी प्रेरणा का स्त्रोत होगा कि यह मेस्सी का अंतिम विश्व कप है। और वह विश्व कप जीतकर इसें खत्म करना चाहेगा। हमारे लिये उसे रोकना अहम है। दुर्भाग्य से मैं उनका सबसे बड़ा प्रशंसक हूं लेकिन मैं शायद उनसे ज्यादा इस विश्व कप को जीतना चाहूंगा। "

## फॉर्मूला वन : महामारी के कारण चाइनीज ग्रां प्री. रद्द

लंदन, 2 दिसंबर। फॉर्मूला वन ने शुक्रवार को पुष्टि की कि कोरोनावायरस के कारण 2023 में होने वाली चाइनीज ग्रां प्री रेस को रद्द कर दिया गया है। यह लगातार चौथा वर्ष होगा जबकि इस प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हो पाएगा। चीन ने कोविड-19 महामारी रोकने के लिए कड़े प्रतिबंध लगाए हैं जिसके कारण 2019 से ही शंघाई में फॉर्मूला वन रेस नहीं हो पाई। फॉर्मूला वन ने बयान में कहा," फॉर्मूला वन संबंधित अधिकारियों और प्रमोटर के साथ बातचीत के बाद इसकी पुष्टि कर सकता है कि कोविड-19 की परिस्थितियों को देखते हुए 2023 में चाइनीज ग्रां प्री का आयोजन नहीं हो पाएगा।"

## बीसीसीआई आईपीएल में 'इंपैक्ट प्लेयर' नियम लागू करने को तैयार

नयी दिल्ली, 2 दिसंबर। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमों को रणनीतिक लचीलापन प्रदान करने की अपनी कोशिश में 'इम्पैक्ट प्लेयर' प्रणाली शुरू करने के लिए तैयार है।

इस नियम के तहत कप्तान मैच के दौरान अंतिम एकादश के किसी खिलाड़ी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी को टीम में शामिल कर सकता है। बीसीसीआई ने अक्टूबर में सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट के दौरान इस प्रणाली का परीक्षण किया था और राज्य की टीमों ने इस कदम का स्वागत किया था। इस घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों के मुताबिक आईपीएल संचालन समिति (जीसी) ने इस मामले पर गुरुवार शाम को चर्चा की थी। 'इंपैक्ट प्लेयर' के संबंध में फ्रेंचाइजी को पहले ही सूचना दे दी गयी है। आईपीएल फ्रेंचाइजी के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, "इस मामले पर आईपीएल जीसी की बैठक में चर्चा की गई और बीसीसीआई जल्द ही इसका ब्योरा साझा करेगा।"

इससे जुड़े नियमों की सटीक विवरण की प्रतीक्षा है लेकिन माना जा रहा है कि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान पालन किए जाने वाले खेल नियमों को अपनाया जाएगा। 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के तहत एक टीम में चार पूर्व-निर्धारित स्थानापन्न खिलाड़ी हो सकते हैं, उनमें से किसी एक का उपयोग मैच में किया जा सकता है। इस तरह के किसी भी विकल्प को हालांकि पारी के 14वें ओवर से पहले किया जायेगा। इसके तहत टीम में 'इंपैक्ट प्लेयर' के तौर पर शामिल होने वाला खिलाड़ी अपने कोटे की पूरी गेंदबाजी या नये बल्लेबाज की तरह बल्लेबाजी कर सकेगा।

## ब्रावो आईपीएल के आगामी सत्र के लिए चेन्नई सुपरकिंग्स के गेंदबाजी कोच बने

चेन्नई, दो दिसंबर। वेस्टइंडीज के दिग्गज हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो को 2023 सत्र पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। आईपीएल के शुरुआती तीन सत्र में मुंबई इंडियन्स का प्रतिनिधित्व करने के बाद ब्रावो 2011 से चेन्नई टीम के अहम सदस्य रहे है। वह गेंदबाजी कोच के तौर पर लक्ष्मीपति बालाजी की जगह लेंगे जो व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं के कारण एक साल का ब्रेक ले रहे हैं। सीएसके से जारी बयान में ब्रावो ने कहा, " मैं इस नये सफर का इंतजार कर रहा हूं क्योंकि यह कुछ ऐसा है जिसे मैं खिलाड़ी के तौर पर करियर खत्म होने के बाद करना चाहता था। मुझे गेंदबाजों के साथ काम करने में मजा आता है और मैं इस भूमिका को लेकर उत्साहित हूं।"

उन्होंने कहा, " खिलाड़ी से लेकर कोच बनने के सफर तक मुझे नहीं लगता कि मुझे ज्यादा सामंजस्य बैठाने की जरूरत है। जब मैं खेल रहा होता हूं, तो मैं हमेशा गेंदबाजों के साथ काम करता हूं और बल्लेबाजों से एक कदम आगे रहने के लिए योजना बनाने पर ध्यान देता हूं। फर्क सिर्फ इतना है कि मैं अब मिड-ऑन या मिड-ऑफ पर नहीं खड़ा रहूंगा।" आईपीएल के 161 मैचों में सबसे ज्यादा 183 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कहा, " मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इस लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला गेंदबाज बनूंगा। मैं आईपीएल इतिहास का हिस्सा बनकर खुश हूं।"


इस हरफनमौला खिलाड़ी ने सीएसके को कई यादगार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने लगभग 130 के स्ट्राइक रेट से 1560 रन भी बनाए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केएस विश्वनाथन ने कहा, " आईपीएल में शानदार करियर के लिए ड्वेन ब्रावो को बधाई। वह एक दशक से अधिक समय से सीएसके परिवार के एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं और हम टीम के साथ उन्हें जोड़े रखने के लिए उत्साहित हैं।"

ब्रावो 2011, 2018 और 2021 आईपीएल का खिताब जीतने वाली चेन्नई की टीम का हिस्सा रहे है। उनके टीम में रहते हुए चेन्नई ने 2014 में चैम्पियन्स लीग का खिताब भी जीता था। वह आईपीएल में दो बार पर्पल कैप (सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज) जीतने वाले गेंदबाज है।

## इंग्लैंड के रिकॉर्ड 657 रन के जवाब में पाक की ठोस शुरुआत

रावलपिंडी, 2 दिसंबर। पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड के रिकॉर्ड 657 रन के जवाब में शुक्रवार को यहां बिना किसी नुकसान के 181 रन बना कर ठोस शुरुआत की। दूसरे दिन स्टंप्स के समय अब्दुल्लाह शफीक 89 और इमाम उल हक 90 रन बल्लेबाजी कर रहे थे।दोनों ने पारी के 29वें ओवर में शतकीय साझेदारी पूरी की और दिन में 51 ओवर की बल्लेबाजी के दौरान इंग्लैंड के गेंदबाजों को विकेट लिए तरसाये रखा। शफीक ने इस दौरान 158 गेंद की नाबाद पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाये जबकि इमाम ने 148 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और एक छक्का लगाया।

### बिचले की बैठक



हमारी बहन **श्रीमती ललिता देवी** धर्मपत्नी स्व. श्री कैलाश चन्द जी कोडीवाल का निधन हो गया है। पीहरपक्ष की बिचले दिन की बैठक दिनांक 3.12.2022 को 93/50, विजय पथ, मानसरोवर पर रखी गयी हैं।

**शोकाकुल**- चेतन कुमार, मुकेश कुमार, राजकुमार, सतीश, कमलेश, संजय एवं समस्त बाकलीवाल परिवार

# भारत जोड़ो यात्रा 4 दिसम्बर को राजस्थान में प्रवेश करेगी

## 5 से 21 दिसम्बर तक, 17 दिन तक भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में रहेगी

जयपुर, 2 दिसम्बर (का.प्र.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 4 दिसंबर को राजस्थान सीमा में प्रवेश करेगी, जहां एक खेत में यात्रियों का रात्रि विश्राम है। इसके बाद 5 दिसंबर से यात्रा का 17 दिन का राजस्थान चरण शुरू होगा तथा 21 दिसंबर को यात्रा राजस्थान के बाद हरियाणा में प्रवेश करेगी। यात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई मंत्री, विधायक कोटा और झालावाड़ का दौरा कर रहे हैं। दो दिन पहले यात्रा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में कांग्रेस की एकता का संदेश देने के लिए संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के हाथ खड़े करवाए थे, लेकिन यात्रा मार्ग की शुरुआत में लगे होर्डिंग, पोस्टर देखने के बाद स्पष्ट नजर आ रहा है कि, हाथ खड़े होना महज दिखावा है और नेताओं के समर्थक किसी भी स्थिति में समझौते के मूड में नहीं हैं। यात्रा के प्रवेश मार्ग पर लगे होर्डिंग्स में सचिन पायलट छाए हुए हैं। इसका कारण यह है कि, झालावाड़ और कोटा ग्रामीण क्षेत्र सचिन पायलट का दबदबे वाला क्षेत्र माना जाता है। कोटा में प्रवेश के बाद यात्रा का वही मार्ग तय किया गया है, जहां पिछले दिनों मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने कोटा में नए विकास कार्यों की सौगात दी थी। इस मार्ग पर सरकार अपनी योजनाएं भी दिखाएगी और शांति धारीवाल के विजन को राहुल गांधी के सामने रखने का प्रयास होगा।

- यात्रा के प्रवेश के समय सभी मंत्री, विधायकों को राजस्थान-मध्य प्रदेश सीमा पर उपस्थित रहने को कहा गया है, यात्रा का स्वागत करने के लिए।
- 4 दिसम्बर को राजस्थान में प्रवेश के बाद खेत में रात्रि विश्राम होगा और 5 दिसम्बर से यात्रा का राजस्थान चरण शुरू होगा।
- यात्रा के झालावाड़ और कोटा ग्रामीण में बैनर व होर्डिंग्स में सचिन पायलट छाए हुए हैं। वहीं, कोटा के शहरी इलाके में गहलोत व उनके मंत्री शांति धारीवाल के विकास कार्य दिखाए गए हैं।

करीब 521 किलोमीटर की यात्रा के मार्ग में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि, राहुल गांधी का झालरापाटन में रात्रि विश्राम विजयाराजे खेल संकुल में होगा, जिसका निर्माण पिछली भाजपा सरकार के समय हुआ था और उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने किया था। इसके अलावा लालसोट से दोसा के बीच में राहुल गांधी मीणा हाईकोर्ट में विश्राम करेंगे, जिसके निर्माण का श्रेय भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा को जाता है। इसके अलावा, यात्रा मार्ग का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि, इस मार्ग में दो से तीन जगह वन्यजीव क्षेत्र पड़ता है। ऐसे में यदि इस क्षेत्र से गुजरने के दौरान कहीं वन्यजीव कानून का उल्लंघन होता दिखाई देगा, तो यात्रा वाहनों के द्वारा इस क्षेत्र से आगे जाएगी, ताकि विपक्ष को किसी कानून के उल्लंघन पर आरोप लगाने का मौका नहीं मिले। यात्रा के स्वागत के लिए मध्य प्रदेश - राजस्थान बॉर्डर पर सभी मंत्री, विधायक, सांसद, पूर्व सांसद, बोर्ड व निगमों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित पार्टी के तमाम नेताओं को पहुंचने के लिए कहा गया है। वहीं, प्रदेश यात्री सिर्फ उन्हीं लोगों को बनाया जा रहा है, जो पूरे यात्रा मार्ग में साथ रहेंगे। अलग-अलग जिलों में रहने वालों को सिर्फ अतिथि यात्री का दर्जा ही मिल पाएगा। यात्रा की शुरुआत में सबसे पहले पार्टी महासचिव और कम्युनिकेशन विभाग के प्रमुख जयराम रमेश की प्रेस वार्ता होगी, जिसमें पूरी यात्रा का विवरण बताया जाएगा। यात्रा में एक जगह राहुल गांधी की मीडिया से चर्चा रखी जाएगी। यात्रा के हरियाणा प्रवेश से पहले अलवर जिले में मालाखेड़ा में बड़ी सभा रखी गई है। बताया जाता है कि, राजस्थान में कांग्रेस सरकार का 4 साल का कार्यकाल भी पूरा हो रहा है ऐसे में यह एक बड़ी सभा होगी जिसमें सरकार की 4 साल की उपलब्धियां भी उसी मंच से लोगों को बताई जाएंगी। हालांकि दूसरी ओर एक आशंका यह भी जताई जा रही है कि, कहीं यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट समर्थकों के बीच अपने नेता को बड़ा बताने की प्रतिस्पर्धा शुरु ना हो जाए, क्योंकि यात्रा मार्ग की शुरुआत से लेकर अंतिम छोर तक अधिकांश क्षेत्र ऐसा है, जहां सचिन पायलट का दबदबा है।

# ऑगस्टा वैस्टलैंड हैलीकॉप्टर खरीद घोटाला

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 दिसम्बर। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डी. चंद्रचूड़ एवं जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा की बैंच ने क्रिश्चियन माइकल जैम्स की वी.वी.वी.आई.पी. हैलीकॉप्टर खरीद मामलों में जमानत याचिका पर सुनवाई आगामी मंगलवार को होगी क्योंकि शुक्रवार को केस बहुत ज्यादा थे।

- मिडिल मैन क्रिश्चियन माइकल जेम्स की जमानत याचिका पर सुनवाई मंगलवार को होगी।

जेम्स पर आरोप है कि वह ऑगस्टा वेस्टलैंड चॉपर खरीद कांड में बिचौलिया था। इस मामले में सी.बी.आई. और एन्फोर्समैंट डायैरक्टोरेट ने पृथक केस दर्ज किए हैं।

बैंच ने कहा, हम इसे उस दिन सुनेंगे जिस दिन व्यस्तता कम होगी शुक्रवार को सुनवाई के लिए बहुत सारे केस हैं।

इम इसके लिए मंगलवार का दिन तय करते है। पूर्व में मई में सर्वोच्च कोर्ट ने जमानत याचिका पर सी.बी.आई. और ई.डी. से प्रतिक्रिया मांगी थी।

# दौसा में भारत जोड़ो यात्रा के स्वागत में पार्टी और प्रशासन की भारी सक्रियता

## 15 दिसम्बर को दौसा में प्रवेश करेगी भारत जोड़ो यात्रा



*लालसोट में भारत जोड़ो यात्रा के स्वागत के लिए रंगोली सजाई गई*

लालसोट, 2 दिसम्बर (निसं)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 15 दिसंबर को दौसा जिले के लालसोट में प्रवेश करेगी।

यात्रा को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए दौसा जिले में राजनीतिक एवं प्रशासनिक स्तर पर विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। वहीं इसको लेकर खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोग खासे उत्साहित है। वें विभिन्न प्रकार की रंगोलियां बनाकर यात्रा का संदेश देने का भी प्रयास कर रहे हैं।

प्रशासन, यात्रा के रुट्स पर सुरक्षा से जुड़ी तमाम व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने में लगा हुआ है।

यात्रा के लिए पीसीसी सदस्य कमल मीना को लालसोट प्रभारी बनाया गया है। यात्रा लालसोट के बिलोना कला में रात्रि विश्राम के बाद सुबह 6 बजे दूध भंडार गोल्या गांव से शुरू होगी। वहां प्रभारी के रूप में पूर्व सरपंच दीपक पटेल कमान संभालेंगे। इसके बाद उसी दिन करीब 14 किलोमीटर के बाद यात्रा सुबह 10 बजे कृषि महाविद्यालय डीडवाना पहुंचेगी जहां मोहनलाल मीणा लंच प्रभारी होंगे।

- यात्रा के संबंध में रंगोलियों के जरिए आमजन को संदेश दिया जा रहा है।

दोपहर साढ़े तीन बजे यात्रा पुनः प्रारंभ होगी एवं सलेमपुरा पोस्ट ऑफिस के पास करीब 4.2 किलोमीटर की दूरी तय कर पहुंचेगी।

इसके बाद 9 किलोमीटर दूरी तय कर सायं 6 बजे लालसोट विधानसभा क्षेत्र के ही मोलाई गांव नयावास बस स्टैंड के सामने पहुंचेगी जहां के लिए एसएन मीणा को प्रभारी बनाया गया है।

इसके बाद नांगल राजावतान स्थित मीणा हाईकोर्ट पहुंचेगी जहां यह यात्रा का रात्रि विश्राम होगा। इस जगह का प्रभारी जिला अध्यक्ष कांग्रेस रामजीलाल औढ को बनाया गया।

# अलवर में एतिहासिक होगी भारत जोड़ो यात्रा

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने बताया कि, प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर के कई बड़े नेता अलवर में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगे



*यात्रा के स्वागत की तैयारियों के बीच आक्रोशित मंत्रियों ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का पुतला फूका, जिन्होंने कथित तौर पर गांधी परिवार पर अमर्यादित टिप्पणी की थी*

अलवर, 2 दिसम्बर (निसं)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर राजस्थान कांग्रेस में भारी उत्साह है। कांग्रेस का पूरा संगठन, नेता और आमजन इस यात्रा के स्वागत के लिए तैयारियों में जुट गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में पत्रकारों से कहा कि, भारत जोड़ो यात्रा के तहत अलवर में ऐतिहासिक रैली होगी। अलवर और राजस्थान प्रदेश के नेता ही नहीं, बल्कि देशभर से कांग्रेस के कई बड़े दिग्गज इस ऐतिहासिक रैली का हिस्सा बनेंगे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने बताया कि, राष्ट्रीय और प्रदेश की कांग्रेस कमेटी के अलावा जिला कांग्रेस कमेटी ने भी अपने स्तर पर रैली की सफलता के लिए जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला कांग्रेस ने रैली की तैयारियों के लिए 20 कमेटियां गठित की हैं। यात्रा के दौरान राजस्थान की संस्कृति की भी झलक देखने को मिलेगी। इस प्रेसवार्ता के दौरान केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली, मेवात विकास बोर्ड अध्यक्ष जुबेर खान, जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, विधायक सफिया खान, विधायक दीपचंद खेरिया, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेश मिश्रा, कांग्रेस नेत्री श्वेता सैनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। सामाजिक न्याय एव अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा, देशभर में भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को देखते हुए भाजपा डर गई है। इसलिए डरी हुई भाजपा बौखलाहट में यात्रा को लेकर तरह-तरह की बयानबाजी कर अपनी झेंप मिटा रही है। जूली ने कहा, भाजपा के नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लगातार मिल रहे जनसमर्थन के कारण चिंतित हैं। ऐसी स्थिति में वे कभी गांधी परिवार तो कभी कांग्रेस पार्टी तथा कभी कांग्रेस के नेताओं को लेकर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।

- यात्रा की तैयारियों की जानकारी देने के लिए बुलाई गई प्रेस वार्ता में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि, भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से भाजपा बहुत डर गई है।

एक अन्य घटनाक्रम में, शुक्रवार को अलवर में, गांधी परिवार पर गैर मर्यादित टिप्पणी करने के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का पुतला फुंका गया। शहर में मोती डूंगरी के पास स्थित पुलिस अन्वेषण भवन के सामने दोपहर को कांग्रेस संगठन के नेता और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। यहां उन्होंने असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि, गांधी परिवार के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने के लिए उन्हें माफी मांगनी पड़ेगी। कांग्रेस ने अपना आक्रोश प्रकट करने के लिए असम के मुख्यमंत्री का पुतला भी फूंका।

## ''हार्ट ऑफ'' ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ज्ञापन भी दिया था। उन्हें आशंका थी कि चीन के सरकारी संस्थान अनावश्यक हस्तक्षेप करते हैं, जिसके कारण उन्हें अपनी खुद की सुरक्षा से ही समझौता करना पड़ेगा। घरों पर कम्प्यूटर पर काम करने का मतलब चीन की गुप्त निगरानी के दायरे में आना हो सकता है। उन्होंने किंग से अपील की कि वे इस प्रॉपर्टी के उसके वर्तमान मालिकों से पुन: खरीद लें और चीन के साथ दूतावास निर्माण को लेकर हुई डील को रद्द कर दें। चीन की योजना में अपने विभिन्न स्टाफ कर्मियों के लिए 5 सौ से अधिक आवासों का निर्माण करना शामिल है।

ज्ञापन में बताया गया कि चीन के परिसर उनके घरों के इतने नजदीक होंगे कि उनकी बातचीत भी सुन ली जाएगी। कम्प्यूटर या मोबाइल उपयोग की जासूसी भी चीन के लिए बहुत सहज होगी।

दूतावास का गेट उनके बिल्कुल सामने होगा और वहां का ट्रैफिक भी निवासियों के लिए बड़ी सिरदर्दी हो सकता है। इन किराएदारों के पास जो लीज़ राइट्स हैं वे भारत के काश्तकारी कानूनों से काफी मिलते-जुलते हैं। ये दीर्घ अवधि की लीज़ेज़ है।, हालांकि इनमें कुछ शर्तें शामिल हैं। किराएदारों को ये आवास किसी और ने नहीं बल्कि स्व. क्वीन एलिज़ाबेथ ने दिए थे, इसलिए यह एक संवेदनशील मुद्दा है।

एक ब्रिटिश फर्म द्वारा बनाई गईं निर्माण योजनाओं को स्थानील काउंसिलर्स ने इस आधार पर एक स्वर से खारिज कर दिया कि निवासियों के अधिकार प्रभावित होंगे और इस विशाल दूतावास के कारण ट्रैफिक बढ़ेगा उससे निवासियों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी।

चीन सरकार ने यह प्रॉपर्टी वर्ष 2018 में क्राउन एस्टेट से खरीदी थी और वह तभी से विशाल भवन के निर्माण के लिए कार्य करती रही है।

## 'कृपया सुप्रीम...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रंजन गोगोई की आत्मकथा ''जस्टिस फॉर द जज'' के एक अंश का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि दिसम्बर 2018 की मीटिंग में राजस्थान हाई कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस प्रदीप नांद्राजोग और दिल्ली हाई कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस राजेन्द्र मेनन को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत करने की सिफारिश किए जाने पर सहमति बनी थी। पुस्तक के अनुसार यह निर्णय रोक दिया गया क्योंकि दो मुख्य न्यायाधीशों को पदोन्नत किए जाने की खबर लीक हो गई थी और नए कोलीजियम ने 10 जनवरी 2019 को पारित अपने प्रस्ताव में जस्टिस नांद्राजोग और जस्टिस मेनन को पदोन्नत करने की सिफारिश नहीं की थी।

## कैप्टन अमरिन्दर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पंजाब के पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता जयवीर शेरगिल को भाजपा का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। राष्ट्रीय कार्यकारणी में पांच अन्य को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है, जिनमें जालंधर सैन्ट्रल विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित एडवोकेट मनोरंजन कालिया (63), पूर्व शूटर एवं पंजाब के पूर्व मंत्री शूटर एवं पंजाब के पूर्व मंत्री एस. राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी (68) पूर्व केन्द्रीय मंत्री बलवंत सिंह रामूवालिया की पुत्री एवं अकाली दल की पूर्व नेत्री बीबी अमनजीत कौर रामूवालिया के अलावा उत्तराखण्ड के पूर्व भाजपा अध्यक्ष मदन कौशिक (57), छत्तीसगढ़ के पूर्व भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री विष्णुदेव साई (58) शामिल हैं।

## भाजपा की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को लेकर योजना पर मंथन भी किया जाएगा। दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा करेंगे। जिसमें, जी-20 समूह के डैलिगेट्स के लिए भारत की सांस्कृतिक व क्षेत्रीय विविधता को दर्शाने वाले कार्यक्रम आयोजित करने की जो योजना है, उनके बारे में भी पार्टी के नेता विचार विमर्श करेंगे। भारत ने हाल ही में जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की है।

बैठक में, पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के संगठन नेता तथा सभी राज्यों के पार्टी अध्यक्ष व महामंत्री (संगठन) शामिल होंगे। संभावना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बैठक को संबोधित करेंगे। इसी बीच, भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के बाद, विश्व भर के अखबारों में छपे एक लेख में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ''वसुधैव कुटुम्बकम'' की थीम को रेखांकित करते हुए कहा कि, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन तथा महामारी सबसे बड़ी चुनौतियाँ हैं और सभी देशों को मिलकर इनसे लड़ना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि, जी-20 की प्राथमिकताओं को तय करने के लिये ना केवल जी-20 के सहयोगी देशों, बल्कि दक्षिण अफ्रीका, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका के साथ विचार-विमर्श किया जाना चाहिए, क्योंकि इन देशों की आवाज़ें अक्सर अनसुनी रह जाती हैं।

उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि, ''भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान वो अपने मित्र तथा भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समर्थन देने को तत्पर हैं।'' बाइडन ने कहा, ''हम दोनों मिलकर दीर्घकालिक व समावेशी विकास को आगे बढ़ाएंगे तथा जलवायु, ऊर्जा एवं खाद्य संकट जैसी चुनौतियों का सामना करेंगे।'' इसके साथ ही बाइडन ने कहा कि भारत अमेरिका का एक ''स्ट्राँग पार्टनर'' है।

# उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

श्रीनगर, 02 दिसंबर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ और हथियारों की तस्करी के प्रयास को सेना और पुलिस ने नाकाम कर दिया और हथियार तथा संदिग्ध मादक पदार्थ जब्त कर लिए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि, उरी के रेवांड नाला इलाके में घुसपैठ और हथियारों की तस्करी की सूचना मिलने पर सेना की आठ राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और पुलिस ने शुक्रवार को सुबह एक संयुक्त अभियान शुरू किया।

- जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एल.ओ.सी.) के पास घुसपैठ और हथियारों की तस्करी के प्रयास को सेना और पुलिस ने नाकाम कर दिया और हथियार तथा संदिग्ध मादक पदार्थ जब्त किये।

पुलिस ने एक बयान में कहा कि, घेराबंदी और तलाश अभियान के दौरान उन्हें दो मैगजीन और 117 राउंड गोला बारूद के साथ दो ए.के.-74 राइफल, दो मैगजीन के साथ दो चीनी पिस्तौल और संदिग्ध प्रतिबंधित सामग्री के 10 सीलबंद पैकेट मिले।

# 'तमिल को न्यायालयों की आधिकारिक भाषा बनाया जाएगा'

चेन्नई, 2 दिसंबर। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि, तमिल जल्द ही मद्रास उच्च न्यायालय, जिला और अधीनस्थ अदालतों की आधिकारिक भाषा बन जाएगी। रिजिजू ने यहां तमिलनाडु डॉ. अंबेडकर लॉ यूनिवर्सिटी के 12वें दीक्षांत समारोह में भाषण देते हुए यह घोषणा की। उन्होंने तमिल लोगों की भावनाओं को प्रतिध्वनित करते हुए कहा, मद्रास उच्च न्यायालय में तमिल को आधिकारिक भाषा के रूप में बनाना, राजनेताओं की दलगत भावना से ऊपर उठकर लंबे समय से चली आ रही मांग रही है। उन्होंने कहा, तमिलनाडु में हम सभी को यह देखकर गर्व होगा कि, तमिल मद्रास उच्च न्यायालय के साथ-साथ जिला और अधीनस्थ अदालतों में केंद्रीय स्थान लेगा। रिजिजू ने कहा कि, इस संबंध में मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीशों और विभिन्न अदालतों के अन्य मुख्य न्यायाधीशों के साथ बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने भारतीय अदालतों और बड़े पैमाने पर कानूनी प्रणाली में क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# पूनिया, राजेन्द्र राठौड़ और गजेन्द्र सिंह शेखावत को दलाल बताया परसादी लाल मीणा ने

कोटा, 2 दिसम्बर (निसं)। प्रदेश के चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने राज्य के भाजपा नेताओं पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को दलाल बताया है। सर्किट हाउस में मीडियाकर्मियों से रूबरू हुए मीणा ने प्रदेश के भाजपा नेताओं पर जमकर निशाना साधा।

मीणा ने इन तीनों नेताओं पर राजस्थान की सरकार को गिराने की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने यह बयान उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के न्यायालय में 92 विधायकों के इस्तीफे को लेकर लगाई गई याचिका पर पूछ गए एक सवाल के जवाब में दिया है। परसादी लाल मीणा ने कहा कि तीनों नेता सरकार को गिराना चाहते थे। जब उनसे पूछा गया कि वो कैसे सरकार गिरा सकते थे तो मीणा ने कहा कि जैसे मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक में सरकारें गिराई गई वैसे ही यहां भी प्रयास किए जा रहे थे। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि इसमें पार्टी के कुछ लोग भी शामिल थे पर उन्होंने किसी का नाम नहीं बताया। जब मीडियाकर्मियों ने उनसे नाम जानने की कोशिश की तो मंत्री ने कहा कि भाजपा वाले ही साजिश में शामिल नेताओं के नाम बता सकते हैं।

- चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने कोटा में प्रेस से वार्ता के दौरान भाजपा के नेताओं पर जमकर निशाना साधा।
- परसादी लाल मीणा भारत जोड़ो यात्रा की कोटा में चल रही तैयारियों के सिलसिले में यहां आए हैं।

सीएम गहलोत के पायलट को गद्दार कहे जाने वाले बयान पर मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी के आदेश को सभी को मानना होगा। मीणा से जब सवाल किया गया कि मानेसर वाले गद्दार हैं या नहीं तो उन्होंने कहा कि यह मुद्दा पीछे छूट गया है। पायलट को असेट मानने के सवाल पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कहा है। ऐसे में हम भी ऐसा ही मानेंगे। उन्होंने कहा कि सचिन पायलट ही नहीं हमारे सभी कार्यकर्ता हमारे लिए असेट हैं। राजस्थान में नेतृत्व परिवर्तन के सवाल पर मीणा ने कहा कि इस पर हाईकमान को छोड़ कोई भी कुछ नहीं कह सकता है। वो केवल राजस्थान की पॉलिटिक्स करते हैं न कि दिल्ली की। राहुल गांधी के 10 दिनों में किसानों की कर्ज माफी के सवाल पर मीणा ने कहा कि भाजपा के आरोपों में कोई दम नहीं है।

उन्होंने दावा किया कि एक बार नहीं, बल्कि दो बार एक लाख रु. तक के कर्ज को माफ किया गया है। हाईवे और बाजार बंद करने के सवाल पर मंत्री मीणा ने कहा कि राहुल गांधी गांधी शहीदों के परिवार से आते हैं। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या की गई थी। केंद्र और राज्य कोई भी सरकार हो सभी को राहुल गांधी को लेकर सतर्क रहना पड़ता है। यात्रा में हो रहे खर्च के सवाल पर मीणा ने कहा कि सरकार का एक रुपया भी खर्च नहीं हो रहा है। इसका पूरा खर्च पार्टी उठा रही है। सरकार को सड़कों को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसका काम पहले से ही जारी है।

# मु.मंत्री कोटा पहुँचे यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने

कोटा, 2 दिसम्बर (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर कोटा पहुंचे जहां जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री के कोटा पहुंचने पर स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल, चिकित्सा मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री परसादी लाल मीना, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रफीक खान, पीपल्दा विधायक रामनारायण मीना, महापौर, नगर निगम उत्तर, मंजू मेहरा, दक्षिण राजीव अग्रवाल, खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष पंकज मेहता सहित जनप्रतिनिधियों ने अगवानी की। जिला कलक्टर ओ.पी. बुनकर, पुलिस अधीक्षक शहर, केसर सिंह शेखावत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, कावेन्द्र सिंह, एडीएम प्रशासन राजकुमार सिंह, शहर, बृजमोहन बैरवा, अति. आयुक्त सीएडी नरेश मालव, आयुक्त नगर निगम वासुदेव मालावत, दक्षिण, राजपाल सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने अगवानी की।

मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर विकास की जानकारी ली तथा आमजन के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्यवयन के बारे में फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री गहलोत एयरपोर्ट पर आम नागरिकों से भी सहृदयता से मिले तथा उनके अभाव अभियोग सुने। आम नागरिकों ने स्वागत करते हुए जिले में हुए विकास कार्यों एवं फ्लैगशिप योजनाओं से मिल रहे लाभ के लिए आभार व्यक्त किया। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री की अगवानी के समय पूर्व विधायक करणसिंह, पूनम गोयल, प्रधान लाडपुरा, नइमुद्दीन गुड्डु, नगर पालिका कैथून चौयरमेन आयना महक, यूआईटी के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, अमित धारीवाल, राखी गौतम, शिवकांत नन्दवाना, डॉ. जफर मोहम्मद, राजेन्द्र सांखला, उप महापौर पवन मीना, सोनू कुरैशी, राजीव आचार्य सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

- एयरपोर्ट पर शांति धारीवाल, परसादी लाल मीणा सहित कई मंत्रियों, विधायकों व अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।
- मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट पर आम नागरिकों से भी मुलाकात की।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908